फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 15 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 118, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल 14
माही का होली गीत उजर ओढ़निया रंगनी रिलीज 13

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में दो रुपये की कटौती




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने गुरुवार शाम को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी। नई दरें शुक्रवार सुबह छह बजे से लागू हो जाएंगी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती का फैसला किया है। कटौती के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपये प्रति लीटर होगी, जो अभी 96.72 रुपये प्रति लीटर है। वहीं डीजल 87.62 रुपये में मिलेगा, जो अभी 89.62 रुपये प्रति लीटर है।

**रमज़ान मुबारक**

(बदायूं)
15 मार्च 2024 चौथा रोज़ा इफ्तार 6:25
16 मार्च 2024 पांचवा रोज़ा सहरी 4:58

(कासगंज)
15 मार्च 2024 चौथा रोज़ा इफ्तार 6:25
16 मार्च 2024 पांचवा रोज़ा सहरी 5:00

नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।














## मुंबई ने 42वीं बार जीता रणजी ट्रॉफी मुकाबला



**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से हराकर रिकॉर्ड 42वीं बार खिताब जीता है। विदर्भ ने कल के 5 विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान अक्षय वाड़कर 102 रन के रूप में आज विदर्भ का छठा विकेट गिरा। लेकिन पूरी टीम 368 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में मुंबई ने 418 रन बनाकर विदर्भ को जीत के लिए 538 रनों का लक्ष्य दिया था। (**देखें खेल पेज**) ● एजेंसी

## ज्ञानेश और सुखबीर संधू निर्वाचन आयुक्त नियुक्त

नई दिल्ली, ब्यूरो

● **प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में नामों पर मुहर**


सुखबीर संधू


ज्ञानेश गुप्ता

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटवाने में अहम भूमिका निभाने वाले गृह मंत्रालय के पूर्व संयुक्त सचिव ज्ञानेश गुप्ता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव डा. सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। दोनों के शुक्रवार को पदभार संभालने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि 8 मार्च को निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। जबकि दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप पांडेय अवकाश ग्रहण कर चुके थे। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में इस समय एकमात्र सदस्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार रह गए हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले दोनों निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक बुलाई गई थी जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी भी बतौर सदस्य शामिल हुए थे।

रंजन ने चयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए एक असहमति नोट दिया है। इससे पहले कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में एक समिति ने आयुक्त पद के लिए कुछ नामों का पैनल चयन समिति को दिया था। इस समिति में गृह सचिव एवं कार्मिक विभाग के सचिव सदस्य हैं। हालांकि पूर्व निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त की दौड़ में थे क्योंकि अगले वर्ष राजीव कुमार अवकाश ग्रहण करने वाले थे और गोयल का कार्यकाल अभी तीन वर्ष शेष था। लेकिन अचानक उनके त्यागपत्र देने से चयन समिति को निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश करनी पड़ी। ज्ञानेश गुप्ता केरल कैडर के 1988 के अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव रहते हुए जम्मू-कश्मीर मसले पर विशेष भूमिका निभाई थी और धारा 370 समाप्त करने का पूरा मसविदा तैयार किया था। गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी निभाने के बाद में वे सहकारिता मंत्रालय में सचिव बनाए गए, जिसके मंत्री अमित शाह हैं। इसी तरह पंजाब कैडर के 1998 बैच के आईएएस अधिकारी डा. सुखबीर सिंह संधू को उत्तराखंड का मुख्य सचिव तब बनाया गया था जब मुख्यमंत्री के पद पर पुष्कर सिंह धामी ने शपथ ली थी।

# देश में एक साथ चुनाव की सिफारिश

### एक देश एक चुनाव : कोविंद समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट

### समिति ने कहा-एक साथ चुनाव से विकास और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने पहले कदम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की तथा इसके बाद 100 दिनों के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की गुरुवार को सिफारिश की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18 हजार से ज्यादा पृष्ठों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया जो कि भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। इस समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा कि त्रिशंकु स्थिति या अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी स्थिति में नई लोकसभा के गठन के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। समिति ने कहा कि लोकसभा के लिए जब नए चुनाव होते हैं, तो उस सदन का कार्यकाल ठीक पहले की लोकसभा के कार्यकाल के शेष समय के लिए ही होगा। उसने कहा कि जब राज्य विधानसभाओं के लिए नए चुनाव होते हैं, तो ऐसी नई विधानसभाओं का कार्यकाल -अगर जल्दी भंग नहीं हो जाएं- लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल तक रहेगा। समिति ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए, संविधान के अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि) और अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि) में संशोधन की आवश्यकता होगी। इस संशोधन की राज्यों द्वारा पुष्टि किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी। समिति ने यह भी सिफारिश की कि भारत निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करे। समिति ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मतदाता सूची से संबंधित अनुच्छेद 325 को संशोधित किया जा सकता है। फिलहाल, भारत निर्वाचन आयोग पर लोकसभा और विधानसभा चुनावों की जिम्मेदारी है, जबकि नगर निकायों और पंचायत चुनावों की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोगों पर है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सरकार को एक साथ चुनाव प्रणाली लागू करने के लिए कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र विकसित करना चाहिए। राष्ट्रपति मूर्मू को रिपोर्ट सौंपते वक्त कोविंद के साथ समिति के सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, वित्त आयोग के पूर्व प्रमुख एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी थे।



एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष राम नाथ कोविंद ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति के दो सदस्य, गृह मंत्री अमित शाह और डीपीएपी नेता गुलाम नबी आजाद भी मौजूद रहे। ● एजेंसी

### 32 दलों ने किया समर्थन, 15 ने जताया विरोध

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे पर 62 पार्टियों से संपर्क किया था और इस पर जवाब देने वाले 47 राजनीतिक दलों में से 32 ने इस विचार का समर्थन किया, जबकि 15 दलों ने इसका विरोध किया। कुल 15 पार्टियों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रस्ताव का विरोध जबकि भाजपा व एनपीपी ने समर्थन किया।

### प्रस्ताव के मुख्य बिंदु

- त्रिशंकु स्थिति में नए सिरे से कराए जा सकेंगे चुनाव
- संविधान के अनु. 83 व 172 में करना होगा संशोधन
- मतदाता सूची से संबंधित अनु. 325 में भी बदलाव
- सरकार विकसित करे कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र

### 191 दिनों के शोध के बाद तैयार की रिपोर्ट

इस उच्चस्तरीय समिति का गठन दो सितंबर, 2023 को किया गया था और हितधारकों व विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक साथ चुनाव के विचार का समर्थन करते रहे हैं और उन्होंने कहा है कि देश को महान बनाने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा जरूरी है।

## निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड पर आंकड़े सार्वजनिक किए

नई दिल्ली, एजेंसी

● **खरीददारों में भारती एयरटेल, वेदांता, लक्ष्मी मित्तल जैसी कंपनियां**
● **भाजपा, कांग्रेस, सपा, आप, राकांपा जैसे सियासी दल भी शामिल**

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को उसकी वेबसाइट पर आंकड़े अपलोड करने के लिए 15 मार्च शाम पांच बजे तक का समय दिया था।

निर्वाचन आयोग ने 'एसबीआई द्वारा प्रस्तुत चुनावी बॉण्ड के प्रकटीकरण' पर विवरण दो भागों में रखा है। चुनाव निकाय द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, चुनावी बॉण्ड के खरीदारों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, वेदांता लिमिटेड, अपोलो टायर्स, लक्ष्मी मित्तल, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक चुनावी बॉण्ड भुनाने वाली पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, द्रमुक, जेडीएस, राकांपा, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, राजद, आप और समाजवादी पार्टी शामिल हैं।



### सुप्रीम कोर्ट ने रद की थी बॉण्ड योजना

उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले में अनाम राजनीतिक फंडिंग की इजाजत देने वाली केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था। पीठ ने इसे संवैधानिक कहा था और निर्वाचन आयोग को दानदाताओं, उनके द्वारा दान की गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का खुलासा करने का आदेश दिया था।

## झोपड़ी में लगी आग, भाई-बहन जिंदा जले

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **झुलसे पिता की हालत गंभीर लखनऊ रेफर किया गया**
● **बुधवार देर रात लगी आग छह घरों को चपेट में लिया**

**अमृत विचार :** थाना खीरी के गांव रुद्रपुर खुर्द में बुधवार की रात छप्परदार आशियाने (झोपड़ी) में आग लग गई। घरवाले भाग पाते उससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। जलता छप्पर गिरने से 10 वर्षीय बालक की झुलसकर मौत हो गई। उसकी 15 वर्षीय बहन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। झुलसे माता-पिता व भाई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने पिता को लखनऊ रेफर कर दिया है। पास के छह अन्य घर भी जलकर राख हो गए।

रूद्रपुर निवासी रामपाल बुधवार की रात परिवार के साथ अपनी झोपड़ी में सो रहे थे। देर रात झोपड़ी में आग लग गई। जब तक वे उठे आग विकराल हो चुकी थी। जलता छप्पर बेटे अंकित (10) पर गिर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामपाल, 15 वर्षीय बेटी अंजली, पत्नी जसवंती, बेटा अमित झुलस गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पत्नी और पुत्र को छुट्टी दे दी, लेकिन हालत गंभीर होने पर रामपाल और अंजली को लखनऊ रेफर कर दिया। केजीएमयू में अंजली की भी मौत हो गई, रामपाल की हालत गंभीर है। आग ने आसपास के रामलखन, मनोज, शिवा और बदलू के भी घरों को चपेट में ले लिया।

> प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही भोजन एवं रोजमर्रा की वस्तुओं की आपूर्ति तहसील प्रशासन की ओर से की जा रही है। पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये और प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराए जाएंगे।
> -**श्रद्धा सिंह**, एसडीएम।

गुरुवार को सदर विधायक योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह गांव पहुंचे और पीड़ितों को राहत सामग्री वितरण किया। ग्राम प्रधान को खाने की व्यवस्था के निर्देश दिए। मृतकों के परिवारजन को डीएम ने चार-चार लाख रुपये व घर मुहैय्या कराने का आश्वासन दिया।

## प्रधानमंत्री को धमकी तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरी टिप्पणी करने के आरोप में तमिलनाडु के मंत्री टीएम अनबरसन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के वकील सत्य रंजन स्वैन की शिकायत पर बुधवार को यहां संसद मार्ग थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी के मुताबिक, तमिलनाडु सरकार में ग्रामीण उद्योग, कुटीर उद्योग और लघु उद्योग मंत्री अनबरसन ने प्रधानमंत्री मोदी को टुकड़े-टुकड़े करने की खुलेआम धमकी दी है।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **विधायक पत्नी की हालत बिगड़ी बेटे को साथ ले गई ईडी टीम**

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित 17 ठिकानों पर गुरुवार को सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की।



अमेठी में ताला तुड़वाकर दिनभर चली जांच के दौरान पूर्व मंत्री की सपा विधायक पत्नी महाराजी की हालत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम को ईडी टीम उनके बेटे अनुराग प्रजापति को साथ ले गई। ईडी ने लखनऊ, अमेठी और मुंबई स्थित ठिकानों से काली कमाई खपाने के कई दस्तावेज भी जब्त किए हैं। मामला सपा सरकार में हमीरपुर में रेत खनन घोटाले से जुड़ा है, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। ईडी की टीम गुरुवार सुबह लखनऊ, अमेठी और मुंबई में पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति से जुड़े करीब 17 ठिकानों पर पहुंची। लखनऊ के एक माल समेत सुल्तानपुर रोड पर गोसाईगंज तक अकूत भूमि खरीदकर काली कमाई खपाने की जांच की गई। अमेठी में पूर्व मंत्री और उनकी खास गुड्डा देवी के घर भी छापेमारी हुई।

## ममता बनर्जी चोटिल अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर गुरुवार शाम चोट लग गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने यह जानकारी दी। तृणमूल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी को बड़ी चोट लगी है। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। पार्टी ने बनर्जी के माथे से खून बहने की तस्वीरों को पोस्ट किया है। सूत्रों के मुताबिक, बनर्जी को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## फरवरी में थोक महंगाई घटकर 0.20 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● **फरवरी 2023 में 3.85 प्रतिशत थी थोक महंगाई की दर**

खाद्य पदार्थों की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद थोक मुद्रास्फीति की दर फरवरी में मामूली गिरावट के साथ 0.20 प्रतिशत रह गई जो एक महीने पहले 0.27 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक नकारात्मक दायरे में थी लेकिन नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत पर सकारात्मक हो गई थी। एक साल पहले फरवरी 2023 में महंगाई दर 3.85 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि अखिल भारतीय डब्ल्यूपीआई संख्या पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर फरवरी 2024 के महीने में 0.20 प्रतिशत (अस्थायी) रही है।

आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति जनवरी के 6.85 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर 6.95 प्रतिशत हो गई। सब्जियों की महंगाई दर जनवरी के 19.71 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी में 19.78 प्रतिशत हो गई।

## झाड़ियों में छिपे बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली तिकुनियां के गांव खमरिया निवासी शिवचरण (56) पुत्र घस्सू गुरुवार सुबह छप्पर के लिए खरफूस लेने निकला था। दोपहर 11.30 बजे गांव नया पिंड के निकट झाड़ियों में बैठे बाघ ने हमला कर दिया जिससे शिवचरण की मौत हो गई। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ जंगल में भाग गया। ग्राम प्रधान खैरेटिया प्रगट सिंह ने वन विभाग को सूचना दी। उत्तर निघासन बन रेंज बेलराया के रेंजर भूपेंद्र कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। डीएफओ बफर जोन सौरीश सहाय ने पीड़ित परिवार को दस हजार रुपये की मदद दी। रेंजर ने बताया कि बाघ पकड़ने को पिंजरा लगाया जाएगा।

## भारत में सुधरी लैंगिक असमानता, रैंकिंग में ऊपर

नई दिल्ली, एजेंसी

### जीआईआई की रिपोर्ट

● **193 देशों की सूची में 134वें पायदान पर पहुंचा भारत, 14 पायदान की लगाई छलांग**

संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई), 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में 108वें स्थान पर है। जीआईआई-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में भारत 122वें पायदान पर था। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि जीआईआई-2021 की तुलना में भारत ने जीआईआई-2022 में 14 पायदान का सुधार किया है। हालांकि, देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी है, जो कि महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत है।



हाल में जारी मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) 2023-24 में कहा गया है कि एचडीआई में सुधार के बाद 2022 में भारत 193 देशों में 134वें स्थान पर रहा है। 2022 में भारत का एचडीआई स्तर सुधरकर 0.644 रहा जबकि 2021 में यह 0.633 था। यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉकः रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' में प्रकाशित किया गया है।

वर्ष 2022 में, भारत ने सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा, जिनमें जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार दर्ज किया गया। इसी के तहत, जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई जबकि प्रति व्यक्ति जीएनआई 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का जबकि स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें कहा गया कि प्रजनन स्वास्थ्य में भारत का प्रदर्शन मध्यम मानव विकास समूह या दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में बेहतर है।

### एक नजर

## पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल अस्पताल में भर्ती



**पुणे।** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बुखार और सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद महाराष्ट्र में पुणे शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अस्पताल के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि पूर्व राष्ट्रपति पाटिल (89) को बुधवार को भारती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें बुखार और सीने में संक्रमण है।

## सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्यता की शपथ ली



**नई दिल्ली।** हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत की गईं सामाजिक कार्यकर्ता ,इंजीनियर और जानीमानी लेखिका सुधा मूर्ति ने गुरुवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मूर्ति को शपथ दिलाई। इस मौके पर नेता सदन पीयूष गोयल, राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी आदि उपस्थत थे।

## एक नजर

### पंचायत घर का ताला तोड़कर सामान चोरी

**विजय नगला।** थाना बिनावर क्षेत्र में बुधवार रात गांव सिंगरौरा के पंचायत घर को चोरों ने निशाना बनाया। गांव के प्रधान राजू सागर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार सुबह लगभग 9 बजे वह पंचायत घर पहुंचे तो पंचायत घर का ताला टूटा पड़ा था। अंदर कमरे के ताले भी टूटे थे। कंप्यूटर, इंवर्टर, सोलर पैनल सिस्टम गायब था। उन्होंने पंचायत सचिव को फोन करके जानकारी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत सचिव मनोज राम ने बताया कि पुलिस को तहरीर दी गई है।

### राजमार्ग पर पलटा वारदाना भरा ट्राला

**बदायूं।** गुरुवार सुबह कोतवाली उझानी क्षेत्र के कस्बा के पास बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित बाबूजी कल्याण सिंह चौक के पास एक ट्राला पलट गया। ट्राला में वारदाना भरा था। गनीमत रहीं कि कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि कुछ समय के लिए जाम लग गया। सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव का काफिला कुछ देर के बाद यहां से गुजरने वाला था। जिसके चलते पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। हाइड्रा मंगवाकर ट्राला को सीधा कराकर भेजा गया, तब आवागमन सुचारू हो सका।

# बिल्सी में डेढ़ करोड़ से बनेगी गोशाला संरक्षित किए जाएंगे छुट्टा गोवंश

## एक हेक्टेयर भूमि पर बन रही गोशाला में रखे जा सकेंगे 400 से अधिक गोवंश

कार्यालय संवाददाता बदायूं

- शासन की ओर से जारी की गई प्रथम किस्त, यूपीसीएलडीएफ संस्था करेगी निर्माण

**अमृत विचार :** सड़कों पर घूम रहे छुट्टा गोवंश के लिए नई गोशाला बनाई जाएगी। पशुपालन विभाग द्वारा गोशाला का प्रस्ताव शासन भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई है। गोशाला बिल्सी क्षेत्र के गांव सूरजपुर में खाली पड़ी एक हेक्टेयर जमीन पर प्रस्तावित है, जिसमें 400 से अधिक गोवंश को रखा जा सकेगा। शासन ने डेढ़ करोड़ रुपये की योजना के लिए पहली किस्त के रूप में 45 लाख रुपये से अधिक की धनराशि जारी की है। गोशाला का निर्माण करने के लिए शासन द्वारा कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ को नामित किया है।

शहर से लेकर देहात क्षेत्र में हजारों की संख्या में गोवंश सड़कों पर घूम रहे हैं। उनके द्वारा न सिर्फ फसलों को नष्ट किया जा रहा है। बल्कि वह लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। गोवंशों के हमले में जहां दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। वहीं कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं। हालांकि गोवंशों को संरक्षित करने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। अब एक और गोशाला का निर्माण जिले में होने जा रहा है। पशुपालन विभाग द्वारा बिल्सी तहसील क्षेत्र के गांव सूरजपुर में एक हेक्टेयर से अधिक भूमि को चिह्नित कर गोशाला निर्माण कराने के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की धनराशि का प्रस्ताव शासन में भेजा गया था। प्रदेश सरकार ने प्रस्ताव को हरी झंडी दिखा दी है। प्रदेश सरकार के द्वारा संस्था को नामित करने के साथ ही प्रथम किस्त के रूप में 45 लाख रुपये से अधिक की प्रथम किस्त भी जारी कर दी। गोशाला का निर्माण हो जाने से 400 से अधिक गोवंशों को संरक्षित किया जा सकेगा। गोशाला में चारा गोदाम, गोवंश के लिए शेड, वेटनरी क्लीनिक, भूसा शेड, कर्मचारी के लिए आवास, चरही, नाली निर्माण कार्य, सबमर्सिबल पंप, बायोगैस प्लांट और चारदीवारी जैसी व्यवस्थाएं करनी होंगी।

### जिले में 280 अस्थाई और पांच गोशालाएं हैं स्थाई

**बदायूं।** जिले में 280 गोशालाएं अस्थाई और पांच स्थायी हैं। स्थाई गोशालाओं में दो कान्हा गोशाला, तीन काजी हाउस हैं। बाकी अस्थायी गोशालाएं है। इन सभी गोशालाओं में 40 हजार से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। वहीं, नौ हजार से अधिक गोवंशों को निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत लोगों को पालने के लिए दिया गया।

> गोवंशों के संरक्षण के लिए लगातार प्रयास जारी है। बिल्सी तहसील क्षेत्र के गांव सूरजपुर में एक और गोशाला का निर्माण कराया जाएगा। गोशाला एक हेक्टेयर से अधिक भूमि पर बनेगी। इसके निर्माण के लिए शासन की ओर से यूपीसीएलडीएफ संस्था को नामित किया गया है। डेढ़ करोड़ से अधिक धनराशि से बनने वाली गोशाला के लिए करीब 45 रुपये की प्रथम किस्त शासन ने जारी कर दी है। शीघ्र ही काम शुरू होने वाला है। इसमें चार सौ से अधिक गोवंश संरक्षित किए जा सकेंगे।
>
> –डॉ. मोहर सिंह, सीवीओ

## नशा मुक्ति केंद्र में स्टाफ की भर्ती के लिए हुआ साक्षात्कार

**बदायूं, अमृत विचार :** नशा मुक्ति केंद्र पर चार कर्मचारियों की तैनाती होनी है इसके लिए बुधवार को आठ घंटे तक साक्षात्कार चला। साक्षात्कार में सीडीओ, सीएमओ और सीएमएस मौजूद रहे। 16 मार्च को परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

जिला अस्पताल में केंद्र सरकार की ओर से नशा मुक्ति केन्द्र खोला गया है। नशा मुक्ति केंद्र पर एक डॉक्टर, एक काउंसलर, एक डाटा मैनेजर और एक नर्स का पद है। इन पदों पर भर्ती के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आवेदन मांगे थे। स्टाफ नर्स के लिए 44, डाटा मैनेजर के पद के लिए 37, काउंसलर के लिए 41 ने आवेदन किया जबकि चिकित्सक पद के लिए मात्र एक महिला चिकित्सक ने आवेदन किया। इन सभी अभ्यर्थियों का विकास भवन में बुधवार को 1 बजे साक्षात्कार शुरू हुआ जो रात नौ बजे तक चला। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि आवेदन पत्रों की 15 मार्च को छटनी की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी की स्वीकृति मिलने के बाद 16 मार्च को परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

## 10.49 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण



विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास के दौरान मौजूद सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, प्रदेश मंत्री डीपी भारत, जिला संयोजक हरिओम पाराशरी आदि ने सांसद निधि के अंतर्गत 10 करोड़ 49 लाख रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक हर योजना का लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है। भाजपा सरकार गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित है। सरकार छात्र, मजदूर, युवा, किसान व महिलाओं को ध्यान में रखकर काम कर रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने शहर व गांव की सड़कों से जोड़कर ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा प्रदान की है। सड़कों का जाल बिछाकर सरकार ने ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर हर वर्ग को राहत प्रदान की जा रही है। ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र यादव व ओमकृष्ण सागर, अमित पाठक, अनेकपाल पटेल, शारदाकांत शर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, विश्वजीत गुप्ता, दुर्गेश वार्ष्णेय, सुखदेव राठौर, केशव चौहान, रानी सिंह पुंडीर आदि उपस्थित रहे।

# बेसिक स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं अब 20 से होंगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 27 मार्च से तक होंगी परीक्षाएं
- 3.42 बच्चे देंगे परीक्षा

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों की 16 मार्च से शुरू हो रहीं परीक्षाएं टल गई हैं। अब परीक्षाएं 20 मार्च से शुरू होंगी। हालांकि डायट द्वारा तैयार किए प्रश्न पत्र बीआरसी केंद्रों पर पहुंच गए हैं।

परीक्षाओं में जिले में संचालित 2155 स्कूलों के 3.42 लाख से अधिक बच्चे बैठेंगे। इस बार परीक्षाओं में सचल दल गठित होंगे। सचल दल स्कूलों में भ्रमण कर परीक्षा की शुचिता को परखेंगे।

सचल दल में बीईओ के साथ ही जिला समन्वयक व एआरपी को शामिल किया गया है। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद ने वार्षिक परीक्षाओं को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रश्नपत्र के रखरखाव के साथ ही परीक्षा की कड़ी निगरानी के निर्देश जारी किए गए हैं।

सचिव ने पत्र में कहा है कि किसी भी छात्र का मूल्यांकन उसकी परीक्षा से ही होता है। छात्रों का सही मूल्यांकन तभी हो सकता है जब परीक्षाएं नकल विहीन हों। उन्होंने बीएसए को भेजे पत्र में निर्देश दिए हैं कि परिषद की वार्षिक परीक्षाओं की निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। बीएसए स्वाती भारती ने बताया कि परीक्षा नकल विहीन कराने की तैयारी की गई है। परीक्षा कार्यक्रम बदलने की चर्चा है, लेकिन आदेश अभी नहीं मिला है।

## नर्सरियों में 2.80 लाख पौधे तैयार करेगा उद्यान विभाग

**बदायूं, अमृत विचार :** को इस साल वर्षा काल में उद्यान विभाग फल प्रजाति के 2.80 लाख पौधे रोपित करेगा। इसके लिए विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है।

वन विभाग के साथ ही जिले में उद्यान विभाग के द्वारा भी पौधारोपण किया जाता है। नर्सरियों में बुवाई का काम शुरू हो गया है। जिले में स्थापित रोली, गभयाई, सकरी और बदरपुर स्थित नर्सरियों में पौधारोपण के लिए आम, नींबू, अमरूद, लीची, कटहल व आंवला आदि के बीज की बुवाई का काम चल रहा है। जिससे वर्षा काल के दौरान पौधारोपण के समय तक पौध तैयार हो सके। विभागीय अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि चारों नर्सरियों में बीज डाला जा रहा है।

# अनुपस्थित मिले उपनिबंधक, रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीएम मनोज कुमार ने बीआरसी, रिकॉर्ड रूम, चकबंदी, संग्रह, रजिस्ट्री कार्यालय का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** डीएम मनोज कुमार ने बिल्सी तहसील के साथ थाने के निरीक्षण किया। कर्मचारियों अधिकारियों की उपस्थिति देखी। उप निबंधक पंचम सिंह के अनुपस्थित होने पर नाराजगी जताते हुए उनका एक एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए। साथ ही उनका जवाब भी तलब किया। वहीं डीएम ने थाने में पहुंचकर पुलिस को शराब और आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण करने के आदेश दिए गए। इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाएं भी देखीं।

तहसील में निरीक्षण के दौरान डीएम ने तहसील के 10 बड़े बकायेदारों की सूची नियमित रूप से अपडेट करने को कहा। उन्होंने तहसील भवन की छत की मरम्मत के निर्देश दिए। डीएम ने पूर्ति कार्यालय का निरीक्षण करते राशन कार्डों की फीडिंग नियमित रूप से करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को आदेशित किया। डीएम ने निर्देश दिए कि समस्त राजस्व न्यायालयों में मुकदमों का निस्तारण नियमानुसार होता रहे। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुराफातियों को मुचलका पाबंद करने के एसडीएम को आदेश दिए। तहसील का निरीक्षण करने के बाद डीएम थाने पहुंचे। जहां उन्होंने थाना प्रभारी को लाइसेंसधारकों के शस्त्रों को जमा कराने के लिए कहा। साथ ही शस्त्र एवं मदिरा की दुकानों का निरीक्षण करने के लिए आदेशित किया। इसके बाद उन्होंने तहसील क्षेत्र के गांव खैरी के संविलियन विद्यालय में बने मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। यह मतदेय स्थल वलनरेबल बूथ के रूप में चिह्नित है। यहां पोलिंग प्रतिशत 55 से 60 प्रतिशत रहता है। डीएम ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जगरूक करने को कहा।



बिल्सी तहसील का निरीक्षण करते डीएम मनोज कुमार।

## सार-संक्षेप

### छात्राओं ने किया योगासन और प्राणायाम



**बदायूं।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा इकाई योजना का सात दिवसीय शिविर गांव पडौआ में चल रहा है। जिसके पांचवे दिन छात्राओं ने योगासन तथा प्राणायाम किया। इसके बाद साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं नं गांव में जागरुकता रैली निकाली गई। उन्होंने ग्रामीणों को बेटियों को पढ़ाने के लिए भी जागरूक किया। शिविर में छात्राओं ने नाटक मंचन करके अशिक्षा कि दूर करने का प्रयास किया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद रहे वक्ताओं द्वारा छात्राओं को बालिकाओं के अधिकारों से परिचित कराया गया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरला रानी, शिखा उपाध्याय, नेहा कुमारी, ओमवीर, शिवम कश्यप आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण शिविर में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर हुई चर्चा



**बदायूं।** उझानी के बीआरसी केंद्र पर समेकित शिक्षा के तहत प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। जिसमें मास्टर ट्रेनरों द्वारा शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों को शिक्षित किए जाने के लिए प्रशिक्षित किया रहा है। स्पेशल एजुकेटर रज्जन सिंह ने श्रवण बाधित बच्चों के साथ संप्रेषण कौशल के लिए संकेत भाषा के प्रयोग की जानकारी दी। वहीं स्पेशल एजुकेटर संदीप राय द्वारा बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, टीएलएम, मॉडल आदि के साथ गतिविधि और विषय परक लक्ष्य की प्राप्ति पर चर्चा की। विपिन मिश्रा ने दृष्टि बाधित बच्चों की मोबिलिटी गतिविधि के साथ प्रतिभागियों के आंखों पर पट्टी बांधकर विशेष केन का प्रयोग करने के तरीके शिक्षकों को बताए। इस मौके पर राजेश कुमार मौर्य, स्वाति, शीतल यादव, काजल दुबे, सोनिया आदि मौजूद रहे। इसके अलावा ब्लॉक संसाधन केंद्र म्याऊं पर नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में 74 शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि इस प्रशिक्षण में सीखी हुई सभी बातों को विद्यालय तक ले जाएं एवं दिव्यांग बच्चों को उनका लाभ पहुंचाएं। प्रशिक्षण स्पेशल एजुकेटर अरुण कुमार, राजीव कुमार एवं आशीष सिंह द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में कुसुम कुमारी तबस्सुम, रोमा रानी, हेमलता, सुधीर यादव, अतिकुर रहमान,भुवनेश्वर, अभिषेक मिश्रा, नरेंद्र मोहन, अंशुल, कृष्ण वीर आदि ने प्रतिभाग किया।

### चेयरमैन फात्मा रजा ने ट्यूबवेल का किया उद्घाटन



**बदायूं।** चक्कर की सड़क दरगाह रोड पर लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था। यहां ट्यूबवेल नहीं होने से पेयजल संकट बना रहता था। लोगों ने पालिका चेयरमैन फात्मा रजा को इस समस्या से अवगत कराया जिसके बाद चेयरमैन ने यहां मिनी ट्यूबवेल बनाने की स्वीकृति दे दी। मिनी ट्यूबवेल बन जाने के बाद गुरुवार को चेयरमैन ने फीता काटकर उद्घाटन किया और स्वयं बटन दवा कर ट्यूबवेल को चालू किया। ट्यूबवेल चलते ही लोगों ने तालियां बजा कर चेयरमैन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जलकल अभियंता पुष्पेंद्र सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक तैय्यब अली, कार्यालय अधीक्षक रजनीश शर्मा, सफाई निरीक्षक केशव गंगवार, जलकल लिपिक सचिन सक्सेना आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बच्चों का पोषण और शिक्षा का बताया महत्व




**दातागंज।** प्राथमिक विद्यालय डहरपुर कलां प्रथम में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुपरवाइजर सावित्री देवी एवं एआरपी फरहत हुसैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। प्रधानाध्यापक सीमा राजन एवं समस्त विद्यालय स्टाफ और आंगनबाड़ी स्टाफ ने अतिथियों और माताओं का बैज लगाकर, माला पहनाकर स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एआरपी फरहत हुसैन ने बच्चों की माताओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और बच्चे की अच्छी शिक्षा में माता की जिम्मेदारी का वर्णन किया। सुपरवाइजर सावित्री देवी ने बच्चों के पोषण और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। प्रधानाध्यापक सीमा राजा ने विद्यालय व आंगनबाड़ी में पढ़ रहे बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए माताओं को जागरूक किया। सभी माताओं को पेन और कॉपी वितरित की गई। इस अवसर पर शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, अनूप कुमार गुप्ता, मिथलेश कुमारी, आंगनबाड़ी वर्कर शशि देवी, पूनम देवी, विमला देवी, राजकुमारी, संजू गुप्ता,कुसुमा देवी उपस्थिति रहीं।

# पोटली देकर संस्थागत प्रसव के लिए महिलाओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



गर्भवती महिलाओं में प्रसव पोटली वितरण करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, डीएम मनोज कुमार।

- गर्भवती महिलाओं को दी गई प्रसव पोटली से शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में आएगी कमी

**अमृत विचार :** जनपद की शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग व यूपीटीएसयू के द्वारा जनपद में नवाचार के रूप में प्रसव पोटली तैयार की गई। जिसका वितरण सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता तथा डीएम मनोज कुमार ने गर्भवती महिलाओं में किया।

वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किया गया। इस दौरान सदर विधायक ने बताया कि जनपद में प्रसव पोटली देने का उद्देश्य शिशु मृत्यु दर कम करना और सुरक्षित संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन देना है। जनपद में इससे लगभग 1 लाख 28 हजार महिलायें लाभान्वित होंगी। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि जनपद में गृह प्रसवों की औसतन दर 27.7 प्रतिशत है, जिसके कारण शिशु एवं मातृ मृत्यु का खतरा सदैव बना रहता है। आशाओं के माध्यम से प्रसव पोटली वितरित कर गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव की तैयारी कराने में सहायता मिलेगी तथा शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लायी जा सकेगी। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अब्दुल सलाम खान, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सनोज मिश्रा, कौशल गुप्ता, अरविंद राना, सुधा सोंलकी, अमित शर्मा, जितेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगर पंचायत में नही है ईओ, कर्मचारियों का रुका वेतन

**उसहैत, अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय में ईओ की तैनाती नहीं होने से एक माह से कोई कार्य नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों का वेतन भी रुका हुआ है। ईओ की तैनाती नहीं होने से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि कार्यों को लेकर लोग पंचायत कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। रमजान के महीने की शुरुआत हो चुकी है, वहीं होली का पर्व आने वाला है। ईओ के न होने के कारण नगर पंचायत कर्मियों को इस माह का वेतन नहीं मिल सका है। ईओ की तैनाती नहीं होने से कार्यालय के सफाई कर्मियों व कार्यालय के कर्मचारियों में रोष है। सभासद मुजीब खान, जाकिर मंसूरी हसरत, आले हसन, रामगोपाल कश्यप, सुरेश चंद्र, राजीव, अशोक शाक्य, इमरान ने चेयरमैन नवाब हसन से ईओ की जल्द तैनाती कराने की मांग की है।

## पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, शांति सद्भाव से त्योहार मनने की अपील



गांवों में फ्लैग मार्च करते पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

संवाददाता, कादरचौक

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव एवं त्योहारों पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गुरुवार को थाना पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ कई गांवों में फ्लैग मार्च किया और लोगों से अपील की कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। आपस में मिलजुल कर रहें और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं।

पुलिस ने आज कस्बा कादरचौक, ककोड़ा व लभारी शिवाय अहमदपुर, गंगापुर आदि गांव में अर्द्ध सैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया। कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई। सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स द्वारा मार्च निकाला गया। इस दौरान लोगों से संवाद किया गया। शांति, व्यवस्था व्यवस्था बनाये रखने के लिए लोगों से बात की गयी। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि अराजक तत्वों की सूचना पुलिस को दें। इस मौके पर एसआई महेश कुमार, कांस्टेबल सिद्धार्थ कुमार आदि मौजूद रहे।

## युवती को लेकर गया युवक, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 मार्च को उनकी 21 साल की बेटी बिना बताए घर से चली गई। उसे रिश्तेदारी और इधर-उधर तलाश किया। पता चला कि मोहल्ला मीरा सराय निवासी पिंटू मौर्य उसे बहला फुसलाकर ले गया है। जानकारी पुष्ट करने के लिए वह अपने दामाद, बेटे के साथ पिंटू मौर्य के घर पहुंचे। उसके घर की महिलाओं ने उसके खेत पर होने की जानकारी दी। वह खेत पर पहुंचे। जहां धर्मेंद्र मौर्य, मनोज मौर्य, पिंटू मौर्य, तेजपाल ने लात-घूसों से पीटा। धमकाया कि अगर युवती के बारे में दोबारा पूछा तो जान से मार देंगे। व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

बिजली की बचत

सूर्य घर योजना के तहत डाक विभाग को 23 हजार घरों के सर्वे करने का मिला लक्ष्य, घर-घर जा रहे डाककर्मी

# डाक बांटने के साथ घरों को रोशन करेगा डाक विभाग

प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचारः** डाक विभाग पत्र बांटने के साथ ही अब लोगों के घरों को रोशन करेगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत लोग अपने घरों की छत पर डाक विभाग के माध्यम से सोलर पैनल लगवा सकेंगे। इसके लिए डाकिया पत्र वितरण करने के साथ ही गांव-गांव घर-घर सर्वे कर रहे हैं। उनके द्वारा लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डाक विभाग को करीब 23 हजार से अधिक घरों में पैनल लगवाने का लक्ष्य मिला है। जिसके सापेक्ष अब तक 20 हजार से अधिक लोग सोलर संयंत्र लगाने को सहमति विभाग को प्रदान कर चुके हैं।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया करीब बीस दिनों से जारी है। योजना के तहत जिले में भी संयंत्र लगाए जाने हैं। इसके लिए डाक विभाग के कर्मी ऑनलाइन पंजीकरण कराने में जुटे हैं। सोलर प्लांट लगवाने से उपभोक्ताओं को गर्मी में बिजली की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं, बार-बार कटौती से भी राहत मिलेगी। उपभोक्ता अपनी जरूरत भर की बिजली सोलर एनर्जी के जरिए ले सकेंगे और उपयोग से अधिक बिजली पावर कार्पोरेशन को बेच भी सकेंगे। विभागीय अफसरों के अनुसार योजना के तहत लोग 10 किलोवाट तक का सोलर प्लांट लगवा सकते हैं। सोलर प्लांट सरकार की ओर से संबद्ध की गई फर्म से लेने पर सब्सिडी दी जाएगी।

**पोस्टमैन लोगों को कर रहे जागरूक :** डाक विभाग ने घर-घर योजना की जानकारी देने के लिए 294 ग्रामीण शाखाओं के डाक सेवक (शाखा डाकपाल) व पोस्टमैन को जिम्मेदारी दी हुई है। शाखा डाकपाल व पोस्टमैन घर-घर जाकर योजना का लाभ बताते हुए लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सर्वे में जो लोग घरों में रूफ टॉप सोलर पैलन लगवाना चाहते हैं, उनका निःशुल्क पंजीयन मोबाइल एप के माध्यम से मौके पर ही किया जा रहा है।

- डाक कर्मचारी कर रहे सर्वे, 20 हजार से अधिक लोग दे चुके सहमति

### छत का क्षेत्रफल और मोबाइल नंबर दर्ज कर रहे डाककर्मी

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने के लिए डाक कर्मी घर-घर पहुंच रहे हैं। उनके द्वारा लोगों को सौर ऊर्जा के प्रति प्रेरित करने के साथ उनसे संबंधित जानकारी भी प्राप्त की जा रही है। डाककर्मी पंजीकरण के दौरान उपभोक्ता का मोबाइल नंबर, नाम, पता, जिला, राज्य उनके आवास की छत का क्षेत्रफल, लोकेशन की भी जानकारी ले रहे हैं।

### सर्वे के मामले बदायूं प्रदेशभर में तीसरे स्थान पर

डाक विभाग के साथ ही विद्युत विभाग को भी लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सर्वे कर पंजीकरण कर रहा है। अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि विभाग को लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका है। प्रतिदिन एक हजार लोगों का पंजीकरण कराने के आदेश शासन से मिले हैं। बताया कि इस कार्य में जिले में संचालित 683 सीएससी संचालकों को लगाया गया है। उनके माध्यम से अब तक 18703 लोगों के घरों का सर्वे किया चुका है। सर्वे करने के मामले में जिला प्रदेशभर में तीसरे स्थान पर है। उत्कृष्ट कार्य करने पर सीएचसी संचालकों का सीडीओ केशव कुमार ने भी उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी है।

### सोलर पैनल लगवाने में मिलेगी सब्सिडी

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने के लिए डाक कर्मियों के द्वारा उसके लाभ बताए जा रहे हैं। बताया रहा है कि योजना के तहत एक किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल पर केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार तीन या उससे अधिक क्षमता पर 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी।


> केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर 294 ग्रामीण शाखाओं के डाक सेवक तथा अन्य कर्मचारियों द्वारा लोगों को सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ वे उनका आवेदन भी कर रहे हैं। 23 हजार से अधिक सोलर पैनल लगवाने का लक्ष्य मिला है। जिसमें अब तक 20 हजार से अधिक लोगों ने इसकी सहमति प्रदान कर अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।
>
> –देवेंद्र सिंह, डाक अधीक्षक बदायूं

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
15 मार्च 2024 चौथा रोज़ा इफ्तार 6:25
16 मार्च 2024 पांचवा रोज़ा सहरी 4:58
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूँ
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### फसल काटने पर दी धमकी

**मुजरिया।** गांव कौल्हाई निवासी मिथलेश ने तहरीर देकर बताया कि खेत में फसल काटने पर दबंगों ने धमकी दी।

# बदलते मौसम में फूल रहा दम, मरीजों की बढ़ी संख्या

## ओपीडी में तीन सौ से चार सौ मरीज आ रहे हर रोज, दिन में धूप और रात को ठंड से बदल रहा शरीर का तापमान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दिन में गर्मी और रात में ठंड से शरीर का तापमान तेजी से बदल रहा है जिससे श्वास के मरीजों के साथ ही सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल में 300 से 400 मरीज हर रोज आ रहे हैं जिनमें पचास प्रतिशत मरीजों को बुखार होने की शिकायत है। श्वास के गंभीर मरीजों को भर्ती भी किया जा रहा है जिससे वार्ड भी भरते जा रहे हैं। गुरुवार को कुल 16 मरीज भर्ती किए गए जिनमें श्वास के 10 और बुखार के छह मरीजों को भर्ती किया गया है।

पिछले कई दिनों से दिन में तेज धूप रहती है। जबकि रात को सर्द मौसम होता है। दिन की गर्मी के कारण लोग हल्के फुल्के कपड़े पहन रहे हैं। कम कपड़े पहनने के कारण शरीर का तापमान भी तेजी से बदलता है। रात को ठंडक होने के कारण शरीर में ठंडक रहती है। इसलिए शरीर का कम ज्यादा होता तापमान बीमारी को दावत दे रहा है। यही कारण है कि तेजी से मौसम बदलने से लोगों को सर्दी जुकाम बुखार हो रहा है। बुखार की चपेट में आने वाले लोग जिला अस्पताल की ओर दौड़ते हैं। इस मौसम से श्वास के रोगियों को परेशानी बढ़ रही है। उन्हे श्वास लेने में परेशानी होने पर भर्ती करना पड़ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार जब से गर्मी शुरू हुई है तभी से दर्जन भर श्वास रोगी हर रोज भर्ती किए जा रहे हैं। कुछ उम्र दराज मरीज बुखार से पीड़ित होने पर उन्हें भर्ती करना पड़ रहा है। सुबह नौ बजे से ओपीडी से बाहर मरीजों की लाइन लग जाती है जो दोपहर एक बजे तक रहती है। इस समय आने वाले मरीजों की संख्या में आधे मरीज बुखार के निकल रहे हैं। जबकि अन्य बीमारियों के मरीज भी आ रहे हैं। फिजीशियन डा. शिवमोहन कमल ने बताया कि आज ही उनके पास 98 मरीज आए जिसमें से आधे मरीज बुखार के थे। इसी तरह अन्य चिकित्सकों के पास भी बुखार श्वास के मरीज आ रहे हैं। आठ दिन से बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। लोगों को इस समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। गर्म कपड़े ही पहने, ठंडी चीजें न लें। जब मौसम बदलता है तो श्वास के मरीजों को अधिक परेशानी होती है। महिला एवं पुरुष वार्ड में आज दर्जन भर से अधिक मरीज भर्ती किये गए हैं। आज करीब चार सौ मरीज देखे गए हैं जिसमें से पचास प्रतिशत मरीज सर्दी जुकाम बुखार के हैं। इन मरीजों को सख्त हिदायत दी गयी है कि गर्म कपड़े पहन कर ही बाहर निकलें।



जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर मरीजों की लगी लाइन। ● अमृत विचार



जिला अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

### डिप्टी सीएमओ डॉ. अखिलेश का हुआ तबादला

**बदायूं।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में डिप्टी सीएमओ डॉ. अखिलेश का शाहजहांपुर ट्रांसफर हो गया है। उनके स्थान पर अभी कोई नहीं आया है। डिप्टी सीएमओ डॉ. अखिलेश 2022 में यहां आए थे तभी से विभिन्न पटलों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। स्वास्थ्य निदेशालय से बुधवार को उनका ट्रांसफर शाहजहांपुर को कर दिया गया। डिप्टी सीएमओ गुरुवार को यहां से चले गए। उधर झोलाछापों का पटल देख रहे डॉ. पंकज शर्मा को छह महीने के लिए ट्रेनिंग पर भेजा जा रहा है। हालांकि डा. पंकज शर्मा अभी यहां से नहीं गए हैं।

> जिला अस्पताल में एक्स-रे विशेषज्ञ का एक पद, पैथोलॉजिस्ट का एक पद खाली है। जबकि चार पद चिकित्सकों के खाली हैं। इन खाली पदों के बारे में स्वास्थ्य निदेशालय और शासन को भी अवगत कराया जा चुका है। जुलाई में कुछ चिकित्सकों के आने की उम्मीद थी, मगर यहां किसी को नहीं भेजा गया। जिससे जिला अस्पताल की स्थिति जस की तस बनी हुई है। फिर भी कम संसाधनों में काम चलाया जा रहा है। किसी को परेशानी नहीं हो रही है। हां कुछ मरीज लौट रहे हैं।
>
> **-डा. कप्तान सिंह,** सीएमएस

### डॉक्टरों की कमी से स्वास्थ्य महकमे की बिगड़ रही सेहत

**बदायूं।** लोगों की सेहत सुधारने वाला स्वास्थ्य विभाग इस समय डॉक्टरों की कमी के चलते खुद बीमार है। कई बीमारियों के डॉक्टर न होने से मरीज वापस लौट रहे हैं। चिकित्सकों की कमी के बारे में स्वास्थ्य निदेशालय और शासन को भी अवगत कराया जा चुका है। जिला अस्पताल में रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज आते हैं। लेकिन यहां लंबे समय से कई चिकित्सकों के पद खाली हैं। जिससे मरीजों को यहां इलाज नहीं मिल पा रहा हैं। जिला अस्पताल में कॉर्डियोलॉजिस्ट के पद पर कई सालों से डॉक्टर नहीं है। जिससे हार्ट के मरीजों को रेफर किया जाता है। यहां पर करीब सात साल पहले कार्डियोलॉजिस्ट थे उनके जाने के बाद से यह कुर्सी खाली है। जबकि हार्ट के मरीज अच्छी खासी संख्या में आते हैं। उन सभी को मेडिकल कॉलेज को या फिर दूसरे जिलों को रेफर किया जाता है। इसी तरह यहां पर चेस्ट का कोई चिकित्सक नहीं है। चेस्ट का फिजिशियन न होने से मरीजों को लौटना पड़ता है। दो पद बाल रोग विशेषज्ञ के हैं। मगर स्थायी रूप से एक भी बाल रोग विशेषज्ञ नहीं है। चिकित्सक न होने से बीमार बच्चों को वापस लौटना पड़ रहा है। हालांकि सीएमएस खुद बाल रोग विशेषज्ञ हैं मगर वह अन्य कार्यों में व्यस्त रहते हैं। ईएनटी चिकित्सक न होने से इसके मरीजों को लौटना पड़ता है। कई बीमारियों के चिकित्सक न होने से अस्पताल खुद बीमारी से जूझ रहा है।

# बस जल्दी न चलाने पर कंडक्टर को पीटा, दो भाइयों समेत चार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **11 मार्च को हुआ था विवाद, रास्ते में बस रोककर की थी पिटाई**

**अमृत विचार :** कंडक्टर के प्राइवेट बस थोड़ी देर बाद चलने की बात कहने पर एक युवक ने रास्ते में बस रुकवा ली। अपने साथियों के साथ मिलकर कंडक्टर को बुरी तरह से पीटा। कंडक्टर ने बस के मालिक से शिकायत की। बस मालिक पुलिस से शिकायत करने जा रहा था तो आरोपी के भाई ने फैसला न करने पर जान से मारने की धमकी दी। बस मालिक की तहरीर पर दो भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव इस्लामगंज निवासी गौरव सक्सेना पुत्र प्रमोद सक्सेना अपनी प्राइवेट बस चलवाते हैं। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि 11 मार्च को उनकी बस उसावां जाने के लिए बदायूं चौराहे पर खड़ी थी। उनके गांव निवासी पवन पुत्र रामनिवास बस में चढ़े। बस जल्दी चलाने को कहा। बस के कंडक्टर कस्बा सखानू के वार्ड 8 निवासी रियाजुद्दीन ने कहा कि बस कुछ देर के बाद जाएगी। पवन बस से उतरकर चला गया। थोड़ी देर के बाद बस गांव इस्लामगंज पहुंची। पवन और उसके दो साथियों ने बस रुकवाई और कंडक्टर रियाजुद्दीन को बस से नीचे उतार लिया। गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से बुरी तरह से पीटा। यात्रियों की भीड़ जमा हो गई तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वह कंडक्टर को लेकर शिकायत करने के लिए थाने जा रहे थे। आरोपी पवन का भाई सचिन मिल गया। उसने धमकाया कि अगर बस चलवानी है तो फैसला कर लो। गौरव सक्सेना ने फैसला करने से मना कर दिया। तो सचिन ने जान से मारने की धमकी दी। कहा कि वह सड़क पर उनकी बस नहीं चलने देगा। पुलिस ने आरोपी दोनों भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# वाहन ने मजदूरों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **बुधवार रात सहसवान के गांव सरसोता के पास हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** मजदूरी करके अपने घर लौट रहे दो मजदूरों को वाहन ने रौंद दिया। दोनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने एक मजदूर को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे।



मृतक शिशुपाल।

पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार बोलेरो ने मजदूरों को टक्कर मारी थी। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है। कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव बादशाहबाद निवासी शिशुपाल (40) मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। बुधवार सुबह वह गांव मानकपुर में मजदूरी करने गए थे। जहां खेत से आलू बीनने के बाद आलू को ट्रॉली में भरवाया। अपने साथी मजदूर ताराचंद्र के साथ आलू भरी ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठकर जा रहे थे। रास्ते में गांव सरसोता के पास चालक ने ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे खड़ी की। ट्राली की रस्सी कसने लगे। शिशुपाल और ताराचंद्र सड़क पार जाने लगे। इसी दौरान किसी वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। दोनों मजदूर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस घायलों को सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गई। जहां चिकित्सक ने शिशुपाल को मृत घोषित कर दिया। सहसवान के प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों के तहरीर देने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में बरेली निवासी युवक की मौत

उघैती। जिला बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के गांव कुसमरा निवासी सौरभ सिंह पुत्र थान सिंह बुधवार को किसी काम से उघैती आए थे। काम निपटाने के बाद वापस घर लौट रहे थे। थाना उघैती क्षेत्र के गांव सराय बरौलिया के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। घायल को सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने घायल को रेफर कर दिया। उसे एंबुलेंस से चंदौसी ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में घायल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### डीसीएम की टक्कर से सुपरवाइजर के पति घायल

**उसावां।** विकास क्षेत्र उसावां के सीडीपीओ कार्यालय में तैनात सुपरवाइजर लालमुनि के पति दीपचंद्र गुरुवार सुबह मार्निंग वॉक पर गए थे। सुबह लगभग साढ़े छह बजे तेज रफ्तार डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी। दीपचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से जिला अस्पताल और वहां से राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

# लोकसभा चुनाव में खलेगी होमगार्डों की कमी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **हर महीने हो रहे सेवानिवृत्त, एक साल में कम हो गए 135 होमगार्ड**

**अमृत विचार :** जनपद में हर साल कम हो रही होमगार्डों की संख्या से अब विभाग को परेशानी होने लगी है। एक साल में 135 होमगार्ड कम हो गए जिससे अब 1330 होमगार्ड बचे हैं जो अधिकारियों के आवासों, थाना कोतवाली के अलावा चौक चौराहों पर ड्यूटी करते हैं। होमगार्ड कम हो जाने से चुनाव में विभाग को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।

पिछले साल तक जिले में 1465 होमगार्ड थे जो अधिकारियों के आवासों, थाना कोतवाली और शहर के चौक चौराहों पर ड्यूटी करते थे। उसके बाद चुनावों में भी होमगार्डों को लगाया जाता था। पिछले एक साल में 135 होमगार्ड कम हो गये। इनमें से अधिकांश रिटायर हो गये। कुछ सड़क हादसों में मौत के मुंह में चले गए जबकि कुछ की अन्य कारणों से मौत हो गई। वर्तमान में 1330 होमगार्डों में से करीब दो सौ होमगार्ड अधिकारियों के आवासों पर ड्यूटी करते हैं। जबकि चार सौ से अधिक होमगार्ड थाना कोतवाली और पुलिस चौकियों पर तैनात किए गए हैं। शेष होमगार्ड शहर के विभिन्न चौराहों बाजारों और अस्पतालों में तैनात हैं। विभाग का कहना है कि कुछ अधिकारी अपने आवास पर अतिरिक्त होमगार्ड सेवकों की मांग करते हैं तब बड़ी समस्या होती है। थाना कोतवाली से हटा कर होमगार्ड अधिकारियों के आवासों पर लगाए जाते हैं। होमगार्ड की तैनाती हर महीने बदलती है। इसलिए हर महीने होमगार्ड तैनात करते समय दिक्कतें होती हैं। अब लोकसभा चुनाव में होमगार्ड मांगे जाएंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर होमगार्ड रहेगा। उसके बाद अधिकारियों के साथ भी होमगार्ड तैनात किए जाएंगे। हालांकि अधिकांश अधिकारियों के साथ पुलिस के जवान रहते हैं फिर भी कुछ अधिकारी होमगार्ड रखते हैं। चुनाव में होमगार्ड की ड्यूटी लगाना मुश्किल कार्य है।

> होमगार्ड की भर्ती नहीं हो रही है जबकि हर महीने एक या दो होमगार्ड रिटायर हो जाते हैं। इसलिए होमगार्ड कम होते जा रहे हैं। अधिकारी लगातार अतिरिक्त होमगार्ड की मांग करते हैं। चुनाव में होमगार्ड लगाए जाते हैं। विभाग के पास पर्याप्त संख्या में होमगार्ड नहीं हैं। इस समस्या से शासन को भी अवगत कराया जा चुका है। विभाग के उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है।
>
> **-रमाकांत पाठक,** कमांडेंट होमगार्ड

### दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला जवाहरपुरी में डांस कोचिंग संचालित होती थी। कोचिंग का डायरेक्टर गांव दहेमी निवासी राज पटेल था। एक किशोरी ने उस पर गलत काम करने और एक युवती ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की थी। पीड़ित किशोरी और युवती का मेडिकल परीक्षण कराया। दोनों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया था। सीओ सिटी ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है।

# गर्म पानी भरी बाल्टी में गिरा बालक, अस्पताल में मौत

कार्यालय संवाददाता, बिल्सी

● **बिल्सी के वार्ड 16 में बुधवार की घटना, गुरुवार को इलाज के दौरान बरेली में तोड़ा दम**

**अमृत विचार :** बिल्सी कस्बा के मोहल्ला छह के वार्ड 16 निवासी पांच वर्षीय बालक बाल्टी में भरे गर्म पानी में गिर गया था। वह बुरी तरह से झुलस गया। बरेली के निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

वार्ड 16 निवासी हरीश चंद्र शाक्य इलेक्ट्रीशियन हैं। बुधवार को उनकी पत्नी पुष्पा देवी ने अपने बेटे रितिक शाक्य को नहलाने के लिए बाल्टी में पानी गर्म किया था। इसी दौरान रितिक दौड़कर वहां आ गया। अचानक गर्म पानी भरी बाल्टी में गिर गया। पानी ज्यादा गर्म होने की वजह से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए नगर के निजी चिकित्सक से दिखाया। जहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक ने हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। परिवार के लोग उसे लेकर बरेली के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार को चिकित्सक ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से कोहराम मच गया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिष्ठान भंडारों मारा छापा, बिकती मिली खराब मिठाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **50 किलो छेना की मिठाई को कराया नष्ट, लिया सैंपल**

**अमृत विचार :** होली का त्योहार निकट है। ऐसे में मिलावटी खाद्य पदार्थ की भरमार बाजारों में है। इनकी बिक्री रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि संरक्षण विभाग द्वारा बाजारों में छापामार अभियान शुरू कर दिया है। गुरुवार को इस्लामनगर के बाजार में अधिकारियों द्वारा कई मिष्ठान भंडारों पर छापा मारा। जहां से मिठाई के पांच सैंपल लिए। एक दुकान पर बिक्री के लिए रखी 50 किलो खराब छेना की मिठाई को नष्ट कराया गया।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सीएल यादव और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने बाजार में छापा मारा। उनके द्वारा इस्लामनगर चौराहे पर स्थित मोनू स्वीट्स के यहां से छेना की मिठाई का सैंपल लिया। वहीं मोहल्ला टंकी स्थित हरीश चंद्र के प्रतिष्ठान से सोनपपड़ी, छेना की मिठाई तथा बेसन का सैंपल लिया गया। मंगल राठौर के वाहन से पापड़ का सैंपल लिया गया। इस दौरान अधिकारियों के द्वारा मिठाई की दुकानों पर बिक्री के लिए रखी खराब 50 किलो छेना की मिठाई को नष्ट कराया। खाद्य पदार्थों के सैंपल को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। खाद्य विभाग द्वारा की कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मचा रहा। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके शुक्ल, देवकांत, राजीव कुमार, एतीश कुमार और भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।



दुकान के गोदाम में खाद्य वस्तुओं का निरीक्षण करते सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय सीएल यादव।

### शराब के लिए रुपये न देने पर युवक पर जानलेवा हमला

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला जवाहरपुरी निवासी हर्ष गुप्ता पुत्र गिरिराज किशोर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार दोपहर लगभग पौने तीन बजे वह अपने दोस्त नितिन के साथ गद्दी चौक से जा रहे थे। रास्ते में छह युवकों ने उनकी बाइक रोक ली। शराब पीने के लिए रुपये मांगे। हर्ष गुप्ता और नितिन ने रुपये देने से मना किया। आरोप है कि उन लोगों ने हर्ष गुप्ता पर तमंचा तान दिया। उसकी जेब से 1240 रुपये निकाल लिए। हर्ष ने कहा कि वह पुलिस से शिकायत करने जा रहे हैं तो उन लोगों ने उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। जान से मारने की नीयत से लोहे की चेन, धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शराब बेचने पर भड़कीं महिलाएं, प्रदर्शन

संवाददाता, विजय नगला

● **महिलाओं का आरोप, पुलिस की शह पर हो रही शराब की बिक्री**

**अमृत विचार :** बिनावर क्षेत्र में कई बार शिकायत करने के बाद भी अवैध रूप से शराब बेचे जाने का सिलसिला जारी है। सात मार्च को ग्राम पंचायत ब्यौर के मझरा शकूरपुर की महिलाओं ने जिलाधिकारी को शिकायत भेजी थी। इसके बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। गुरुवार को महिलाओं ने गांव में प्रदर्शन कर गांव में शराब की बिक्री बंद कराने की मांग की।

गांव शकूरपुर निवासी महिलाओं ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर बताया था कि गांव में अवैध शराब बिकने की वजह से महिलाओं को परेशानी होती है। लोग शराब पीकर गलियों में घूमते हैं और महिलाओ से छेड़छाड़ करते हैं। विरोध करने पर झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। शिकायत करने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर महिलाओं ने गुरुवार को गांव में प्रदर्शन किया। जिला आबकारी अधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने पुलिस की शह पर गांव में शराब बिकने का आरोप लगाया। कहा कि इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं ने शराब की बिक्री रुकवाने की मांग की है। बिनावर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी। दबिश दी थी लेकिन किसी के पास भी शराब बरामद नहीं हुई।



प्रदर्शन करतीं गांव शकूरपुर की महिलाएं। ● अमृत विचार

# खत्म हुआ संशय, भतीजे की बजाय चाचा ही प्रत्याशी

## बदायूं आए शिवपाल सिंह यादव, जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण करके किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



शिवपाल सिंह के पूजा करने के दौरान मंदिर के बाहर खड़े समर्थक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने 30 जनवरी को बदायूं लोकसभा सीट से दो बार के सांसद धर्मेंद्र यादव को बदायूं लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया था लेकिन तकरीबन 20 दिनों के बाद 20 फरवरी को सपा ने प्रत्याशी बदल दिया था।

धर्मेंद्र यादव की बजाय उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव को प्रत्याशी बनाया लेकिन प्रत्याशी बदले जाने के बाद शिवपाल सिंह यादव बदायूं नहीं आए। लोगों में संशय था कि हो सकता है कि धर्मेंद्र यादव की वापसी हो जाए। गुरुवार को शिवपाल सिंह कछला से होते हुए बदायूं पहुंचे। पदाधिकारियों ने पगड़ी पहनाकर और माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया। शिवपाल सिंह यादव ने रास्ते में बालाजी मंदिर पर रुककर हाथ जोड़े। इसके बाद उनका काफिला शहर में पहुंचा। जाम से निजात दिलाने को जगह-जगह बैरियर लगाकर आवगमन दुरुस्त कराया। शिवपाल सिंह यादव भतीजे धर्मेंद्र यादव के आवास पर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं से बात की।

### खोखली नाव है सपा, जो बैठेगा डूब जाएगा: राजीव गुप्ता



**बदायूं।** सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के प्रदेश की 80 सीटों पर इंडिया गठबंधन जीतने का बयान देने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने पलटवार किया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सपा के इतने बड़े नेता के स्वागत के लिए जो अभूतपूर्व भीड़ और जबरदस्त स्वागत की बात कही जा रही थी लेकिन ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। शिवपाल सिंह का पहली बार बदायूं आवागमन का शो पूरी तरह से फ्लॉप रहा। कहा कि आश्चर्य है कि शिवपाल सिंह यादव के साथ इटावा, मैनपुरी, एटा, आंवला से सपा कार्यकर्ता पहुंचे थे, स्थानीय लोग नहीं थे। पूरे प्रदेश में लोगों ने सपा से दूरी बनाई है। सपा के बड़े नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। सपा खोखली नाव है जो सवार होगा डूब जाएगा। भीड़ को देखते हुए शिवपाल खुद तय करें कि वह खुद लड़ेंगे या धर्मेंद्र यादव को लड़ाएंगे। प्रदेश की 80 सीटें सबका साथ-सबका विकास के आधार पर भाजपा ही जीतेगी।

### सपा में घुटन महसूस कर रहे हैं मुसलमान : आबिद रजा



**बदायूं।** सपा प्रत्याशी के बदायूं आने के बाद सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रजा ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि नेता जी मुलायम सिंह यादव के बाद मुसलमान सपा में घुटन महसूस कर रहे हैं। सपा में मुसलमानों की कद्र और अहमियत बहुत कम हो गई है। संख्या बल के आधार पर उन्हें हिस्सेदारी नहीं मिल रही है। सपा में मुसलमान का काम नारे लगाना, पोस्टर लगाना, स्वागत करना, नेताओं को हार पहनाना ही बचा है। सपा में मजबूत मुसलमान लीडर को जानबूझ कर कमजोर किया जा रहा है। जिले में उन्हीं फर्जी मुस्लिम नेताओं की इज्जत है जो पैसे लेकर चुनाव लड़ने के लिए लोगों में मशहूर हो चुके हैं। वह कौम का सौदा करते हैं।

### मेले में आज हमको बाबा बुला रहे, चरणों में उनके हम सिर झुका रहे

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली के प्राचीन मेला सिद्ध बाबा धाम शरह बरौलिया में कवि सम्मेलन का आयोजन स्वामी सोहन दास एवं कवि आकाश पाठक के संयोजन में आयोजित किया गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि रामजी पाठक द्वारा की गई। कवि सम्मेलन में बरेली से कवि ऋषि कुमार शर्मा ने कविता पाठ करते हुए पढ़ा- मेले में हमें आज भोले बुला रहे ''चरणों में उनके आज हम यह सिर झुका रहे। उन्होंने दूसरी रचना पढ़ते हुए कहा-जलाओ तुम दिए अब तो प्रभु श्री राम पाए हैं, प्रकट होकर अयोध्या में दोबारा राम आए हैं। इस कविता पर लोगों ने जमकर तालियां बजायीं। कवि सम्मेलन में राजेश शर्मा, रोहित राकेश, नोएडा से कवि एवं पत्रकार पं. साहित्य कुमार चंचल, सतीश दीक्षित एवं स्मिता श्रीवास्तव, बदायूं से शैलेंद्र मिश्रा, सुनील शर्मा समर्थ, बिसौली से श्री दत्त शर्मा, अभीक्ष पाठक, हरगोविंद पाठक दीन, चंदौसी से हिमांशु भारद्वाज, दुर्गा, बरेली से अभिजीत अभि, बिसौली से ही प्रवीण अग्रवाल आदि कवि एवं कवियत्रियों ने अपनी रचनाएं पढ़ीं। इस अवसर पर अन्य कवियों ने भी रचनाएं प्रस्तुत कीं। अंत में महंत सोहन दास द्वारा कवियों को पटका ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया ।



कवि ऋषि कुमार शर्मा।

## सार-संक्षेप

### सत्कर्मों से ही भगवान का सानिध्य पाना संभव



**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव वनबेहटा के शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन गोकर्ण व धुंधकारी के मुक्ति की कथा का वर्णन कथा वाचक भागवत यतेंद्र ठाकुर जी महाराज द्वारा किया गया। कथा वाचक ने कर्मों के बारे में बताते हुए कहा कि व्यक्ति के अच्छे कर्म उसे अच्छे कार्य को ही प्रेरित करते हैं। उसी के द्वारा भगवान का सानिध्य मिलना संभव है। उन्हीं कर्मों का फल लोग पाते हैं, यही नहीं, इस जन्म के साथ-साथ मरने के बाद भी कुकर्मों का भोग भोगना पड़ता है। प्रेत योनि में भी यातनाएं सहनी पड़ती हैं। जो भी लोग निरामिष प्रवृत्ति के होते हैं। वह जीते जीते भी लोगों को कष्ट देते हैं और मरने के बाद भी उनको कष्ट भोगना पड़ता है। इसलिए गोकर्ण की भांति सद्कर्म करना चाहिए। कुकर्मों को सपनों में भी नहीं सोचना चाहिए। आज आत्मदेव की कथा का वर्णन किया गया। संगीतमय कथा से स्रोता आत्मविभोर हो गए। इस मौके पर राजीव सिंह सिसोदिया, हप्पू सिंह, दिग्विजय सिंह, अरुण सिंह जयपाल सोलंकी, दुष्यंत ठाकुर, लल्लू सिंह आदि उपस्थित रहे।

### चौपाल लगाकर पूर्व मंत्री ने सुनीं समस्याएं



**बदायूं।** सपा के राष्ट्रीय सचिव पद से इस्तीफा देने के बाद पूर्व मंत्री आबिद रजा ने सहसवान में सेकुलर महापंचायत की थी। जिसके बाद वह जनता की चौपाल लगाकर जनता से संवाद कर रहे हैं। उन्होंने नई सराय, शहबाजपरु, हकीमगंज, वेदोटोला के बाद लगातार तीसरे दिन गुरुवार को मोहल्ला खंडसारी, जोगीपुरा, ब्राह्मपुर में चौपाल लगाई। उन्होंने लोगों की समस्या जानीं। साथ ही राजनैतिक हलचलकों के बारे में बताया। पूर्व मंत्री की चौपाल के बाद तरह-तरह की चर्चाएं हैं। माना जा रहा है कि वह भी बदायूं लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। चौपाल में सभासद अबरार, डॉ. सदाकत, अंसार, हिमाशु, सुनील, शकील, स्वालीन, ग्रीश चंद्र साहू, पप्पू फारूखी, हबीब फारूखी, आशिक फारूकी, मन्ना भाई, यूसुफ कुरैशी, रिजवान तुर्क, भोला मेम्बर, पप्पू भाई, फिरोज अंसारी, रशीद मुल्ला जी आदि मौजूद रहे।

### नलकूप ठीक नहीं किया तो करेंगे धरना प्रदर्शन

**मुजरिया।** विकासखंड सहसवान क्षेत्र के ग्राम अलीगंज के राजकीय नलकूप संख्या 166 की खराब मोटर को अभी तक ठीक नहीं किया गया है जिससे किसानों की गेहूं की फसल सूख रही है। किसानों ने कहा कि यदि नलकूप ठीक नहीं कराया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। राजकीय नलकूप की मोटर दो महीने पहले खराब हो गई थी जिसको मरम्मत के लिए सिंचाई विभाग के अवर अभियंता द्वारा वर्कशॉप में भिजवाया गया था। दो महीने बीत जाने के बाद भी मोटर ठीक नहीं की गई है जिससे किसानों के सैकड़ों बीघा गेहूं सूख रहे हैं। कूप चालक एवं अवर अभियंता नलकूप को चालू करने में असमर्थता जता रहे हैं। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों ने कहा है कि एक हफ्ते के अंदर मोटर नहीं लगाई गई तो विभाग के कूप चालक अवर अभियंता के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों ने उपखंड अधिकारी को पत्र देकर अवगत कराया है। शिकायत करने वालों में नन्हे सिंह, राजेश बाबू, आशीष कुमार, ओम प्रकाश, नाथूराम, बालवीर, अनोखेलाल, गंगाराम, अमरपाल, अमर सिंह, सहित दर्जनों किसान हैं।

# विषम परिस्थितियों में भी समाज सेवा करना रोवर-रेंजर्स की विशेषता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



शिविर का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि महेश चंद्र सक्सेना। ● अमृत विचार

● **तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन**

**अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समारोह पूर्वक समापन हो गया। समापन समारोह के पूर्व रोवर रेंजर की प्रत्येक टोलियों ने टेंट, टावर, गेट, झांकी आदि का प्रदर्शन कर बिना बर्तन के भोजन बना कर सबको परोसा, साथ ही मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

मुख्य अतिथि भारतीय स्काउट गाइड संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना एडवोकेट ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने तथा संचालन डॉ. प्रेमचन्द ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी समाज सेवा करते हुए जीवन यापन करना रोवर रेंजर की विशेषता है। सभी टोलियों के टेंट का निरीक्षण करने के बाद मुख्य अतिथि ने विजेता टोलियों की घोषणा की। जिसमें रोवर्स में प्रथम स्थान श्री राम टोली को प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर चंद्रशेखर आजाद टोली और तीसरे स्थान पर आंबेडकर टोली रही। वहीं रेंजर्स में कस्तूरबा गांधी टोली प्रथम, ऋतु करिधान टोली द्वितीय और लक्ष्मीबाई टोली तीसरे स्थान पर रही। बेस्ट रोवर आशीष कुमार और बेस्ट रेंजर सृष्टि शर्मा को सम्मानित किया गया। रोवर लीडर डॉ. नीरज कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने मुख्य अतिथि महेश चंद्र सक्सेना एवं प्रशिक्षक असरार अहमद को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन डॉ. सतीश सिंह यादव, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. बबिता यादव एवं डॉ. सारिका शर्मा एवं डॉ. सरिता ने किया। इस अवसर पर रेंजर लीडर शशी प्रभा, डॉ. हुकुम सिंह, डॉ. सचिन कुमार, डॉ. ज्योति विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

खबरें पेज 8 पर भी पढ़ें...

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉसिंल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

जे. पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
● दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
● बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
● जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
● गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## शहर में आज

- डा. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति की विचार गोष्ठी शहर के सहावर गेट स्थित आंबेडकर धर्मशाला में शाम पांच बजे से।
- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह गंजडुंडवारा के रेलवे रोड स्थित गेस्ट हाउस में शाम चार बजे से।
- कांशीराम के जन्मदिवस पर बहुजन समाज पार्टी की बैठक अमांपुर के गांव नगला टंकी में शाम चार बजे से।

### एक सट्टेबाज गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सहावर पुलिस ने गांव सेवनपुर में सट्टे की खाईबाड़ी पर छापा मार खाईबाड़ी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके पास के 440 रुपये की नगदी, सट्टे की पर्चियां, पेन आदि बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि आरोपी को पूछताछ के बाद कार्रवाई की गई है।

# ग्रामीणों ने किया लोस चुनाव के बहिष्कार का ऐलान

## पोलिंग बूथ बदले जाने से नाराज हैं गांव नगला प्रीतम के ग्रामीण, अब एसडीएम पटियाली करेंगे मामले की जांच

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

- ग्रामीणों ने गांव के बाहर लगाया मतदान बहिष्कार का बैनर



गांव नगला पीतम में बहिष्कार का बोर्ड लगाकर विरोध करते ग्रामीण। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** पोलिंग बूथ बदले जाने से नाराज ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। चुनाव बहिष्कार का ग्रामीणों ने बैनर गांव के बाहर लगा दिया है। साथ ही ऐलान किया है कि जब तक पुनः गांव में बूथ वापस नहीं लाया जाएगा तब तक मतदान का बहिष्कार करते रहेंगे। इधर ग्रामीणों के इस ऐलान से प्रशासन में खलबली है।

मामला कासगंज जिले की पटियाली तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला पीतम का है जहां ग्रामीणों गांव के बाहर एक पेड़ पर 2024 लोक सभा चुनाव के बहिष्कार का बैनर लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मतदान के लिए नगला पीतम के प्राइमरी स्कूल में हमेशा बनने वाले पोलिंग बूथ को प्रशासन ने अब गांव से हटा कर ग्राम म्याऊं में स्थानांतरित कर दिया है। जिसका वो विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने 2024 लोकसभा चुनाव में म्याऊं जाकर मतदान न करने का निर्णय लिया है। नगला पीतम के रहने वाले सुरेश शाक्य ने कहा कि पिछले विधानसभा लोकसभा चुनाव में नगला पीतम के अंदर ही बूथ रखा गया था, लेकिन इस बार ऐसा क्या हो गया की जो बूथ को गांव से लगभग डेढ़ से 2 किलोमीटर दूर भेज दिया गया। इतनी दूर बुजुर्गों को आने-जाने में परेशानी होगी। गांव के रहने वाले राम सिंह ने कहा कि प्रशासन ने हमारे गांव से हटाकर जहां पर बूथ बनाया है, वहां पर प्रधानी के चुनाव में खून खराबा हुआ था। साथ ही बूथ के किनारे हाईवे है। इससे दुर्घटना होने का भय भी है। घर के बड़े बुजुर्ग बड़ी मुश्किल से वहां वोट डालने जा पाएंगे। अगर हमारा पोलिंग बूथ वापस नगला पीतम में नहीं लाया जाता है तो हम में से कोई भी म्याऊं में वोट डालने नहीं जाएगा।

> मामले की जांच के लिए एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह को बोला गया है। मौके पर पहुंचकर जो भी जानकारी सामने आएगी, उससे अवगत कराया जाएगा। – **राकेश पटेल**, एडीएम

# लालकुआं से वाया कासगंज राजकोट तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**




- होली पर्व पर यात्रियों के लिए ट्रेन चलाने को मिली सहमति, दो फेरों के लिए चलाई जानी है ट्रेन

**अमृत विचार :** होली पर्व के मद्देनजर वाया कासगंज होते हुए लालकुआं-राजकोट और राजकोट-लालकुआं स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

समय सारिणी के अनुसार 24 और 31 को लालकुआं से दोपहर 1:10 बजे राजकोट को रवाना होकर शाम 5:15 बजे यह ट्रेन कासगंज आएगी, जो कि सोमवार शाम को राजकोट पहुंचेगी। इसी तरह 25 और एक अप्रैल सोमवार को रात 10:30 बजे राजकोट से यह ट्रेन प्रस्थान करेगी, जो कासगंज में अगले दिन रात 11:35 मिनट पर पहुंचेगी और लालकुआं में यह ट्रेन बुधवार सुबह 4:05 मिनट पर पहुंचेगी। यात्रियों की सुविधा के उद्देश्य से इस ट्रेन का संचालन रेलवे ने शुरू किया है। लालकुआं से यह ट्रेन 24 मार्च से चलेगी। इसी तरह राजकोट से 25 मार्च को यह ट्रेन रफ्तार भरेगी। ट्रेन के संचालन की सभी व्यवस्थाएं रेलवे ने की है। विशेष गाड़ी चलाने का उद्देश्य है कि पर्वों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। इसी भीड़ के कारण यात्रियों को समस्या होती है। सफर आसान हो सके इसलिए यह ट्रेन संचालित की गई है। पीआरओ रेलवे राजेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रेन का संचालन किया जाएगा। समय सारिणी भी जारी कर दी गई है। लालकुआं से राजकोट के बीच विशेष गाड़ी बाया कासगंज चलाई जानी है।

# दावत में भोजन खाने के बाद बिगड़ी 45 की हालत

**संवाददाता, गंजडुंडवारा**

- गांव बस्तर में शादी समारोह में शामिल होने गए थे लोग
- शरारती तत्वों द्वारा खाने में नशीला पदार्थ मिलाने का अंदेशा

**अमृत विचार :** सुन्नगढी थाना क्षेत्र के गांव बस्तर में एक शादी की दावत खाने गए करीब 45 लोगों की हालत बिगड़ गई। इसमें 10 बच्चे भी शामिल हैं। फिलहाल सभी की हालत में सुधार बताया जा रहा है। जानकारी लगते ही पुलिस भी पहुंच गई।

दावत में खाना खाते ही लोग व बच्चों को उल्टी दस्त एवं बेहोशी की शिकायत होने लगी, जिन्हें परिजन आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंजडुंडवारा और निजी चिकित्सकों के यहां ले गए। यहां सीएचसी पर पहुंचे 13 लोगों में से 10 बच्चों व युवकों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य निजी चिकित्सकों के यहां उपचार करा रहे हैं। सभी की हालत में सुधार है।

वहीं, घटना पर कोतवाली गंज पुलिस भी मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई।

गांव निवासी जीतू ने बताया कि श्याम बाबू निवासी बस्तर की लड़की की शादी में दावत खाने के बाद करीब 45 लोगों की हालत बिगड़ गयी और इन्हें आनन फानन में सीएचसी व अन्य निजी चिकित्सालयों पर इलाज के लिए लाया गया। इसमें 10 बच्चे भी थे। फिलहाल सभी की हालत में सुधार है। दावत में शरारती तत्वों द्वारा नशीला पदार्थ खाने में मिलाने से हालत बिगड़ने का अंदेशा है।

> मामला फूड प्वाइजनिंग का प्रतीत हो रहा है। वैसे सैंपल जांच हो जाने के बाद ही सही कारण का पता चल सकेगा। –**मुकेश यादव**, सीएचसी अधीक्षक

# आठ लोग पकड़े अवैध शराब बरामद

**कासगंज, अमृत विचार :** जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। जिले की विभिन्न थाना पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से बड़ी संख्या में अवैध शराब बरामद हुई है। आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई है।पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत गुरुवार को गंजडुंडवारा पुलिस ने बबलू निवासी ग्राम ककरेट आशानंद, कोतवाली गंजडुंडवारा एवं पोप सिंह निवासी गांव जलालपुर थाना सुन्नगढ़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से 66 क्वाटर अवैध देशी शराब के बरामद हुए हैं। थाना ढोलना पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ राकेश निवासी गांव महावर थाना ढोलना को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने देवेंद्र सिंह निवासी फतेहपुर माफी कोतवाली कासगंज सहित आदि को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की है।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज के प्रति होते हैं शिक्षकों के दायित्व



पटियाली ब्लॉक संसाधन केंद्र पर सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करते साथी शिक्षक।

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

अमृत विचार : ब्लॉक पटियाली के सेवानिवृत्त हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं का विदाई कार्यक्रम ब्लॉक संसाधन केंद्र पटियाली पर हुआ। साथी शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्मृति चिह्न भेंट कर शाल ओढ़ाकर विदाई दी।

शिक्षकों की विदाई कार्यक्रम में खंड शिक्षाधिकारी शशिकांत ने कहा कि शिक्षक समाज का वह अंग है जो सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज के प्रति जबावदेही व दायित्व रखता है। सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षक सेवाएं समाज को देते रहेंगे जिससे देश की भावी पीढ़ी उनके अनुभव से अपने भविष्य का निर्माण करेगी। शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षक अब्दुल रज्जाक, मलिखान सिंह एवं कुसुम लता कश्यप को भावभीनी विदाई दी। स्मृति चिन्ह भेंट किए और शाल ओढ़ाई। सेवा निवृत्त शिक्षकों ने सभी साथियों का आभार व्यक्त किया। रजत यादव, बीरेंद्र दीक्षित, प्रदीप यादव, सत्य प्रकाश पाल, रतन प्रकाश, राजेश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# पोर्टल पर विवरण नहीं, कर्मियों का प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**



अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर धरना देते कर्मचारी। • अमृत विचार

- प्रदर्शनकारियों ने अधिशाषी अभियंता पर लापरवाही का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** पर्यवेक्षक एवं नलकूप चालकों ने मानव संपदा पोर्टल पर विवरण न भरे जाने पर आक्रोश व्यक्त किया। अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अधिशाषी अभियंता पर अड़ियल रवैया अपनाने और लापरवाही का आरोप लगाया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अध्यक्षता कर रहे मंडल मंत्री रामवीर सिंह ने कहा कि मानव संपदा पोर्टल पर नियुक्ति तिथि, नाम संशोधन एवं शैक्षिक योग्यता अंकित न करने से कर्मचारियों में आक्रोश है। अधिशाषी अभियंता से बार-बार अनुरोध करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। सिंचाई संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा ने कहा कि लिखित रूप से अधिशाषी अभियंता को लिखित रूप से कई बार अवगत कराया गया, लेकिन उनका रवैया अड़ियल एवं टालमटोल वाला रहा है। बृजेश कुमार ने कहा कि अधिशाषी अभियंता कार्यालय में बाबू बिना पैसे लिए कोई काम नहीं करते हैं। धरना प्रदर्शन को अशोक कुमार, हरिनाथ सिंह, गिर्राज किशोर, महीपाल सिंह, रवेंद्र मिश्रा सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। धरना प्रदर्शन का संचालन विजय कुमार ने किया। इस मौके पर भरत सिंह, हिमांशु, जीवाराम, जयवीर सिंह, हलीम खान, बृजेश, ज्ञानश्री आदि रहे।

### व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण में शामिल होंगे अमांपुर के व्यापारी

**अमांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला सम्मेलन व शपथ ग्रहण समारोह 15 मार्च को पटियाली में होगा। इसमें अमांपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारी, सदस्य व व्यापारी शामिल होगें। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विजय प्रकाश गुप्ता ने बताया कि जिला सम्मेलन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद बिहारी मिश्रा व प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता मौजूद रहेंगे।

# 12 व 15 वर्षीय बालक, बालिकाओं का खेलों में होगा ट्रायल

**कासगंज, अमृत विचार:** खेल निदेशालय लखनऊ के दिशा निर्देशों के अनुरूप 12 वर्ष आयु वर्ग में बालक-बालिकाओं के लिए जिम्नास्टिक, तैराकी का ट्रायल और चयन जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम फरीदनगर सोरों पर किया जाएगा। इसी के साथ 15 वर्ष आयु वर्ग में बालकों के लिए जूडो में एवं बालक तथा बालिकाओं के लिए तीरंदाजी, बास्केटबॉल, कुश्ती, टीटी, हैंडबॉल और वॉलीबॉल में ट्रायल और चयन किए जाएंगे। जनपद स्तरीय सभी ट्रायल 17 मार्च को सुबह 10 बजे से होंगे। जनपदीय ट्रायल में चयनित सभी खिलाड़ियों का मंडल स्तर पर ट्रायल 18 मार्च होगा। चयनित सभी खिलाड़ियों का प्रदेश स्तरीय ट्रायल व चयन राज्य के विभिन्न शहरों में आयोजित किए जाएंगे।

जिला क्रीड़ा अधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि विभिन्न खेलों में राज्य स्तरीय चयन आगरा, मेरठ, सोनभद्र आदि स्थानों पर होंगे। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

# स्कूलों के संचालन को लेकर हो बेहतर समन्वय



विकास खंड अमांपुर के उन्मुखीकरण कार्यक्रम और संगोष्ठी में मंचासीन अतिथि और शिक्षक।

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

- प्रधान-प्रबंध समिति के अध्यक्षों को बताए गए अधिकार-कर्तव्य

**अमृत विचार :** शिक्षक, प्रधान एवं प्रबंध समितियों के अध्यक्षों के बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से विकास खंड अमांपुर का उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं संगोष्ठी एटा रोड स्थित एक गार्डन में हुआ। निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम का आरंभ खंड शिक्षाधिकारी विकास चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के बेहतर संचालन के लिए जरूरी है कि शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रबंध समिति के अध्यक्षों के बीच बेहतर समन्वय हो। उन्होंने कहा कि अभिभावक भी अपने बच्चों को लेकर गंभीर रहें। शिक्षकों की मेहनत का ही परिणाम है कि क्षेत्र के विद्यालय निपुण हुए हैं। प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि समन्वय ही बेहतर संचालन का आधार होगा। कार्यक्रम में प्रधानों, प्रबंध समिति के अध्यक्षों को उनके अधिकार-कर्तव्य बताए गए व डीबीटी की धनराशि के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालयों को निपुण बनाने वाले प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। मनीष चौहान, धीरेंद्र सोलंकी, विवेक यादव, कौशल, संजय सिंह सहित विकास खंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों के शिक्षक, प्रधानाचार्य के अलावा ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय एकता स्थल का कराया जाए निर्माण

**गंजडुंडवारा, अमृत विचार :** कस्बे में राष्ट्रीय एकता स्थल का निर्माण कराए जाने सहित अन्य विकास कार्यों से संबंधित मांगों को लेकन भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने अधिशाषी अधिकारी को 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। चेतावनी दी कि यदि कस्बे का विकास और उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो किसान यूनियन आंदोलन करेगा।

कार्यवाह जिलाध्यक्ष शिव कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में किसान एवं पदाधिकारियों ने अधिशाषी अधिकारी के कार्यालय पर पहुंचकर ईओ सुनील कुमार को मांग पत्र देकर कहा कि कस्बे में राष्ट्रीय एकता स्थल का निर्माण कराया जाए। बरसात में होने वाले जल भराव से निजात दिलाए जाने के लिए प्रयास किए जाए। शेरवानी स्कूल से मोहनपुर एवं कैनाल रोड से पटियाली तक जाने वाली सड़कों की मरम्मत एवं पुर्निर्माण कार्य कराया जाए। कांशीराम कालोनी में सड़क का निर्माण कराया जाए। नगर पालिका की लाइब्रेरी की दशा सुधारी जाए। प्रतियोगी पुस्तकें, वाईफाई सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो।

# सम्मान निधि देकर सरकार ने बढ़ाया किसानों का मान



जैविक गोष्ठी का आरंभ करते सांसद राजवीर सिंह व डीएम सुधा वर्मा।

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** गुरुवार को विकास भवन में नमामि गंगे जैविक खेती परियोजना के तहत जैविक किसान मेला एवं गोष्ठी हुई। विशेषज्ञों ने खेती की उपज बढ़ाने के तरीके बताए।

गोष्ठी का आरंभ सांसद राजवीर सिंह एवं डीएम सुधा वर्मा ने किया। मेला का उद्घाटन फीता काटकर किया। गोष्ठी सांसद राजवीर सिंह ने योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि सरकार ने सम्मान निधि देकर किसानों का मान बढ़ाया है। सदर विधायक देवेंद्र राजपूत एवं आमंपुर के विधायक हरिओम वर्मा ने भी सरकार की कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को गिनाया। जिला कृषि अधिकारी अवधेश मिश्रा ने किसानों को फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसलों के बीजों व अन्य निवेशों में देय अनुदान की जानकारी दी और जैविक खेती के अंतर्गत जैव उर्वरकों का प्रयोग एवं महत्व, हरी खाद उत्पादन तकनीक, दलहनी फसलों की खेती, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई की भी जानकारी दी।

## सार-संक्षेप

### भाजपा में आए सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव



**कासगंज।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। सांसद ने नए साथियों का पार्टी में फूल माला पहनाकर स्वागत किया। पार्टी की सदस्यता दिलाई। सांसद राजवीर सिंह ने पार्टी में नए सदस्यों के शामिल होने पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव बीके राजपूत एवं उनके सभी साथियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। बीके राजपूत ने सराहना की है। इस मौके पर सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा, डीएस लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, शिवकुमार हमदर्द, जय प्रकाश, बीरेंद्र, आर्येंद्र यादव, विकास यादव, सोमपाल, श्यौराज सिंह, धर्मेंद्र, कुमरपाल, यतेंद्र, बिजेंद्र सिंह, जुगेंद्र सिंह, शरद यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### शिवपाल यादव का पदाधिकारियों ने किया स्वागत



**सोरोंजी।** समाजवादी पार्टी के नेता एवं बदायूं लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के घोषित प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव का बदायूं जाते समय तीर्थ नगरी में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्हें वराह भगवान की तस्वीर भेंट की और फूल मालाओं से लाद दिया। समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव प्रत्याशी घोषित होने के बाद लोकसभा क्षेत्र बदायूं में पहली बार जा रहे थे। जब उनका काफिला तीर्थनगरी सोरों में पहुंचा तो वराह मूर्ति पर नगर अध्यक्ष अभय राज मिश्रा एवं जिला प्रवक्ता ओमशिव मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। फूल मालाओं से लाद दिया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें भगवान वराह की तस्वीर भेंट की। जिसके बाद उन्होंने संबोधित किया। इस मौके पर प्रियांशु जोहरी, पुष्कर राज मिश्रा, कृष्ण मुरारी, इरशाद मियां, गंगा वल्लभ माथुर, अनुराग बरबरिया, अशोक मौर्य, इरशाद खान, पुष्पराज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### हाईवोल्टेज से फुंके 12 घरों में लगे विद्युत उपकरण

**गंजडुंडवारा।** शहर के मोहल्ला नबाव गप्पू चौराहे क्षेत्र में विद्युत के हाईवोल्टेज आने से घरों में लगे उपकरण फुंक गए। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोग अधिकारियों को फोन लगाते रहे, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुए। वाशिंदों ने रोष प्रकट करते हुए व्हाट्सएप ग्रुपों पर मैसेज वायरल कर समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई। जिसके बाद महकमा अधिकारियों ने आनन-फानन में गड़बड़ी को दूर कराया।सुबह नदरई गेट फीडर से आपूर्ति वाले क्षेत्र मोहल्ला नबाव गप्पू वाले चौराहे क्षेत्र में सुबह से ही घरों में हाई वोल्टेज दौड़ गए। अचानक हाई वोल्टेज आ जाने से कई घरों में विद्युत उपकरण फुंक गए। कुछ लोगों ने आनन-फानन में उपकरणों को बंद कर बचा लिया, लेकिन करीब 12 घरों में उपकरण फुंक गए। समाजसेवी डा. लायक अली द्वारा व्हाट्सएप ग्रुपों पर विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया और समाधान की मांग की गई। सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल होने के बाद अधिकारियों की नींद टूटी। एक्सईएन सत्येंद्र गंगवार ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही समस्या का समाधान कराया गया।

**अच्छी खबर** | किसानों को जिले में ही सस्ती दरों पर उपलब्ध हो सकेगा बीज

# जिले में बनाया बीज शोध केंद्र, किसानों को मिलेगा लाभ

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**



पटियाली क्षेत्र के गांव बहोरा में लगा बीज प्रोसेसिंग प्लांट। • अमृत विचार

- बीज विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से किसानों को सीधे बीज की होगी आपूर्ति

**अमृत विचार :** जिले में अब किसानों को बड़ी सहूलियत मिलने जा रही है। सरकार ने पूर्ण अनुदान देकर प्रगतिशील किसानों के लिए बीज प्लांट लगवा दिया है। इस शोध केंद्र पर शोधन के बाद बीज आसानी से किसानों को उपलब्ध हो सकेगा। वहीं, सरकारी गोदामों पर भी बीज की आपूर्ति होगी। अब तक सरसों और धान का गेहूं तैयार हो चुका है।

सरकार किसानों को बेहतर सुविधाएं देने में जुटी हुई है। शोधित बीज की बाहर से आपूर्ति होने के कारण परिवहन भाड़ा बढ़ता था कि जिससे किसानों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था। किसान नया बीज खरीदने को मजबूत होते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

किसानों को जिले में ही सस्ती दरों पर बीज उपलब्ध हो सकेगा। जिले में प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जा चुका है और यहां बीज तैयार हो रहा है। किसान सीधे इस प्लांट से बीज ले सकेंगे। हालांकि बीज विकास लिमिटेड उत्तर प्रदेश सरकार ने इस प्रोसेसिंग प्लांट से अनुबंध कर लिया है। पटियाली क्षेत्र में लगाए गए इस प्लांट की प्राथमिकता रहेगी कि सबसे पहले बीज विकास निगम लिमिटेड को बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उसके बाद जिले के किसानों को बीज दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार की दृष्टिगत योजना के तहत इस प्लांट की जिम्मेदारी प्रगतिशील किसान श्यामाचरन को दी गई है।

**आंकड़ों की नजर से**

- **68** लाख की लागत से तैयार प्लांट
- **60** लाख सरकार ने दिया है अनुदान
- **500** मीट्रिक टन है इस प्लांट की बीज भंडारण क्षमता
- **01** टन प्रतिघंटा बीज तैयार करने की है क्षमता

> सरकार ने काफी भरोसे के साथ यह केंद्र सौंपा है। पूरा अनुदान दिया है। आंशिक लागत हमें लगानी पड़ी है। बीज वितरण निगम लिमिटेड से अनुबंध हो चुका है। सरसों, गेहूं और धान का बीज अब तक तैयार कर चुके हैं। किसानों को आसानी से बीज उपलब्ध होगा। – श्यामाचरण, किसान

> प्रगतिशील किसान श्यामाचरण के प्रयास को देखते हुए सरकार ने उन्हें अनुदान पर बीज प्रोसेसिंग प्लांट दिया है। किसानों के लिए खुशी की बात है। यह प्लांट जिले में लगने से किसानों को कम दरों पर अच्छा बीज आसानी से मिल सकेगा। – **अवधेश मिश्र**, जिला कृषि अधिकारी

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध घायल

**कासगंज।** शहर के बिलराम गेट छर्रा अड्डे तेज रफ्तार बाइक चालक ने 60 वर्षीय वृद्ध रामलाल निवासी मोहल्ला नाथूराम की साइकिल को टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बाइक चालक वाहन सहित मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया है। परिवार के लोग उन्हें आगरा ले गए हैं। मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं हुई है।

### पटियाली पुलिस ने सट्टा लगाते चार पकड़े

**कासगंज।** पटियाली कोतवाली के इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा के नेतृत्व में अनिल गुप्ता के मकान में छापा मारकर सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 4150 रुपये की नगदी, चार मोबाइल, आठ डायरी और एक बक्शा बरामद किया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी अनिल, सर्वेश, हिमांशू और उपनेश पर कार्रवाई हुई है।

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
• शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
• धात रोग (Spermatorrhoea)
• स्वप्न दोष (Night Fall)
• वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
• निल शुक्राणु (Azoospermia)
• शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
• बांझपन (Sterility)
• सफेद पानी (Leucorrhoea)
• पेट में दर्द (Pelvic Pain)
• बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)


धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

### बेहतर होंगी स्वास्थ्य सेवाएं मिलीं 53 स्टाफ नर्स

एटा। जिले में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी। 53 स्टाफ नर्स जिले को मिली हैं। इन्हें एसएनसीयू वार्ड सहित पीकू व गैर संचारी रोग, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर तैनात किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स की कमी थी। स्थिति यह रहती है कि जहां चार स्टाफ नर्स की जरूरत है, वहां दो से ही काम चलाया जा रहा है। सीएमओ डॉ. उमेश त्रिपाठी ने बताया जिले को 53 स्टाफ नर्स मिली हैं। इसमें से 9 एसएनसीयू वार्ड, 12 पीकू वार्ड, गैर संचारी रोग में 3 के अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर 17 सहित अन्य स्टाफ नर्सों को ऐसे स्थानों पर तैनात किया जाएगा जहां स्टाफ नर्स नहीं हैं। फरवरी में जिले को 49 एएनएम मिलीं। इसमें से 41 को तैनाती दी गई, लेकिन 8 एएनएम तैनाती पर नहीं हुई हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# पेट्रोल छिड़क कर जलाए गए युवक की मौत, हंगामा

## गुस्साए परिजनों ने की जाम लगाने की कोशिश, पुलिस और पीएसी बल ने संभाला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर के एक क्षेत्र में बीते शुक्रवार को युवती से छेड़छाड़ करना एक युवक को भारी पड़ गया। पिटाई के बाद युवती के भाइयों द्वारा पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी गई। गंभीर रूप से झुलसे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। शव कासगंज पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने शव को सड़क पर रखकर जाम लगाने का प्रयास किया। पुलिस-पीएसी के अधिकारियों ने मोर्चा संभाला।

मोहल्ले के ही विशाल कुमार पर युवती से छेड़छाड़ का आरोप लगा था। युवती के दोनों भाइयों ने युवक को पकड़कर पहले तो जमकर पीटा और फिर बाइक से पेट्रोल निकालकर युवक के शरीर पर छिड़क दिया। उसके बाद आग लगा दी। युवक के पिता मुकेश चंद्र ने आरोप लगाया कि युवक को जाने से मारने की नियत से घटना की गई। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई। वहीं, युवती पक्ष की ओर से भी पुलिस को तहरीर देकर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेने के बाद विधिक कार्रवाई के साथ जांच भी शुरू की। इधर, गंभीर रूप से झुलसे युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ में कराया गया जहां से उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार की देर रात युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गुरुवार को शव कासगंज पहुंचा तो आक्रोशित परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। शव को सड़क पर रखकर कासगंज-बरेली मार्ग पर जाम लगाने की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस पीएसी बल ने आक्रोशितों कों समझाया और मोर्चा संभालते हुए जाम नहीं लगने दिया। सीओ सिटी अजीत चौहान ने परिजनों से बातचीत की और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।जिस क्षेत्र में यह घटना हुई वहां तनाव का माहौल है।


कासगंज-बरेली मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास कर रहे लोगों को हटाती पुलिस।


सड़क पर रोते-बिलखते मृतक युवक के परिजन। ● अमृत विचार



सुरक्षा की दृष्टि से कासगंज-बरेली मार्ग पर तैनात पुलिस-पीएसी बल के जवान।

● **युवती से छेड़छाड़ के आरोप में भाइयों ने पिछले सप्ताह पेट्रोल डालकर लगाई थी आग**

> पेट्रोल से जलकर झुलसे युवक की उपचार के दौरान मौत हुई है। परिजनों ने आक्रोश जताया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। जांच चल रही है, जो भी दोषी होगा उस पर सख्त कार्रवाई होगी। – **अजीत चौहान**, सीओ सिटी

# यातायात नियमों के पालन को लेकर बढ़ाई सख्ती

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : यातायात के नियमों का उल्लंघन करना अब वाहन चालकों के लिए महंगा पड़ रहा है। नियमों के पालन को लेकर यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। विशेष अभियान चलाकर चेकिंग का क्रम जारी है। अलग अलग चलाए गए अभियानों में कई वाहन सीज किए गए हैं। यातायात पुलिस ने चार तो परिवहन विभाग ने 16 वाहनों को सीज किया है। 32 वाहनों के चालान काटे हैं।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर यातायात उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह दो दिन से लगातार अभियान चला रहे हैं। अब तक सोरों और अमांपुर में अभियान चलाया। अब तीर्थ नगरी सोरों के सहावर गेट फाटक पर विशेष अभियान चलाया गया। अनाधिकृत रूप से खड़े चार ऑटो सीज किए गए और हिदायत दी गई कि रोड पर ऑटो खड़ा करके सवारियां भरी तो और भी सख्त कार्रवाई होगी। यातायात पुलिस की इस सख्त रवैये से खलबली मची हुई है। ओवरलोड और डग्गेमार वाहन चालक बेचैन दिखाई दिए हैं। इधर, परिवहन विभाग ने भी अभियान चलाया है। एआरटीओ आरपी मिश्रा के नेतृत्व में अलग अलग क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। अमांपुर, सहावर और कासगंज के अलग अलग मार्गों पर अभियान चलाकर वाहन सीज किए गए। 3.65 लाख रुपये जुर्माना और टैक्स भी वसूला गया है। एआरटीओ ने बताया कि टैक्स वसूलने एवं यातायात के नियमों का पालन कराने के लिए यह अभियान चलाया गया है।

यातायात उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह का कहना है कि एसपी के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है और निरंतर अभियान जारी रहेगा।



अमांपुर क्षेत्र में लोडर वाहन सीज करती परिवहन विभाग की टीम।


सोरों में ऑटो सीज करते यातायात उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह।

● **दूसरे दिन भी चलाया विशेष चेकिंग अभियान, 32 वाहनों के काटे चालान**

● **यातायात पुलिस ने चार तो परिवहन विभाग ने 16 वाहनों को सीज किया**

# निर्माण कार्यों में हुई ढिलाई तो कार्रवाई

● **डीएम ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा में दिए निर्देश**

● **संबंधित कार्यदायी संस्था को रैंक में सुधार एवं तेजी लाने की दी चेतावनी**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों की प्रगति धीमी है। ऐसे सभी विभाग कार्यों में तेजी लाकर अपनी प्रगति बढ़ाएं और जनपद की रैंक में सुधार लाएं।डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि सभी कार्यों की पोर्टल पर फीडिंग समय से कराएं। कम प्रगति होने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी और लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जो विभाग गत माह सी और डी श्रेणी में हैं, उन्हें अपने कार्यों में विशेष ध्यान देना है। डीएम ने जिला पंचायतीराज विभाग को कम रैंकिंग आने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने मत्स्य विभाग को रिकवरी बढ़ाने और अच्छी प्रगति लाने के दिशा निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में अच्छी ग्रेड लाने को कहा। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी कार्यालयों में प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर पात्रों को योजनाओं से लाभांवित कराएं। इस मौके पर सीडीओ सचिन, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, एसडीएम सदर संजीव कुमार, डीपीआरओ देवेंद्र सिंह, बीएसए राजीव कुमार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



विकास एवं निर्माण कार्यों की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करतीं डीएम सुधा वर्मा।

### इन निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

डीएम ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधूरे कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाए। निर्माण कार्यों में मानक और गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। डीएम ने गौ-संरक्षण नादरमई, मुनव्वर गडिया एवं सरसई नरू गोशाला का निर्माण कार्य, नवीन पुलिस लाइन आवासीय भवनों के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अमांपुर सहावर रोड से सिढ़पुरा मार्ग एवं गोराह से सहावर एलजीसी पटरी 0 से 5 किलोमीटर तथा गोराह से सहावर एलजीसी पटरी से 5 से 10 .35 किमी का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। मामों कासगंज में संयुक्त चिकित्सालय, स्वतंत्र विद्युत फिडर का कार्य की लागत 3 .98 करोड़ से कराया जा रहा है।

**इन विभागों को दिए सख्त निर्देश :** डीएम ने समीक्षा के दौरान पर्यटन विभाग, उद्योग विभाग में स्वरोजगार योजना आदि विभागों को निर्देश दिए कि रिपोर्ट लिखकर दें कि प्रगति कम क्यों है और कब तक लक्ष्य पूर्ण कर लेंगे।

## महिलाओं ने युवक को चप्पलों से पीटा

**जलेसर, अमृत विचार:** तहसील मुख्यालय पर चकबंदी न्यायालय में जमीनी विवाद की तारीख पर आए युवक की दो महिलाओं ने चप्पलों से पिटाई कर दी। युवक ने दोनों महिलाओं के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। घटनाक्रम के अनुसार तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गांव गोपालपुर निवासी राकेश कुमार पुत्र गोधी सिंह चकबंदी न्यायालय में जमीनी विवाद की तारीख करने आए थे। गांव के सचिन पुत्र धनपाल से बात कर रहे थे। इस दौरान पूर्व में गांव की निवासिनी स्वरानी पत्नी उल्फत सिंह एवं उसकी बेटी ने युवक राकेश को चप्पलों से जमकर पीटा। युवक ने तहरीर दी है।


# जेल में निरुद्ध आरोपी का कोर्ट ने नहीं दिया पुलिस को रिमांड

● **पत्रावली पर उपलब्ध प्रपत्रों में मिली खामियां, रिमांड देने से इंकार**

**कासगंज, अमृत विचार :** जानलेवा हमले के आरोपी का तमंचा बरामदगी के लिए विवेचक ने 24 घंटे का पुलिस रिमांड मांगा, लेकिन पत्रावली पर उपलब्ध प्रपत्रों में खामियों के चलते न्यायालय ने रिमांड देने से इंकार कर दिया।

थाना सहावर क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशियान निवासी राहुल ने कस्बे के ही अनस, शुब्हान के विरुद्ध तमंचे से जानलेवा हमला करने की एफआईआर 17 फरवरी को दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान सात मार्च को आरोपी शुब्हान ने न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी को कारागार भेजा गया। विवेचक ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर याचना की कि आरोपी द्वारा प्रयुक्त तमंचा उसने झाड़ियों में छिपा दिया है। 24 घंटे के लिए आरोपी को पुलिस रिमांड में दे दिया जाए। प्रकरण में आरोपी की ओर पैरवी करते हुए एडवोकेट केशव मिश्रा, एडवोकेट इश्तियाक अहमद ने विरोध करते हुए इसे मनगढ़ंत व खामियों वाला बताया। अधिवक्ता केशव मिश्रा ने बताया कि प्रार्थना पत्र को पर्याप्त आधार न होने के कारण अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस रिमांड को निरस्त कर दिया है।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी )
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

## एक नजर

### तीन वारंटी पकड़े गए भेजा जेल

एटा। वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 14 मार्च को जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों से तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव नगला कंचन निवासी गंगा सिंह पुत्र भोपत सिंह, इसी थाना क्षेत्र की मानपुर कालोनी निवासी पवन कुमार पुत्र रमेश चन्द्र और नयागांव थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र के सराय अगहत निवासी पूरन लाल पुत्र ग्यासुरपाल सिंह को बंदी बनाया है। कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

### जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 18 से

एटा। खेल निदेशालय उप्र. खेल भवन लखनऊ के तत्वावधान में सीनियर वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम जीटी रोड पर 18, 19 एवं 20 मार्च को कराया जाएगा। उप क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि एथलेटिक्स सीनियर महिला-पुरुष के विभिन्न वर्गों में हार्डिल, लॉग जम्प, ट्रिपल जम्प, शॉटपुट, डिसकस थ्रो, जेवलिन थ्रो करवाया जाएगा। एक खिलाड़ी केवल एक दौड़ और एक फील्ड इवेंट में ही प्रतिभाग कर सकता है। फुटबॉल सीनियर पुरुष वर्ग, कबड्डी सीनियर महिला वर्ग, वॉलीबॉल सीनियर पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में जनपद एटा के निवासी, स्कूलों व कॉलेज के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। बताया कि ज्यादा जानकारी के लिए नंबर-9412861414- अजीत सिंह, 8630867801- शेखर ठाकुर से संपर्क कर सकते हैं।

# सेंथरी के समीप डंपर की टक्कर से आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटी, किसान की मौत

## हादसे में घायल दूसरा व्यक्ति हायर सेंटर रेफर, डंपर चालक मौके से हो गया फरार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** मलावन थाना क्षेत्र के गांव सेंथरी के समीप गुरुवार की भोर में डंपर की टक्कर से आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार एक किसान की मौत हो गई। जबकि चालक घायल हुआ है। दुर्घटना के बाद डंपर का चालक फरार हो गया। घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।


मृतक साहब सिंह

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम भदों निवासी सुरेश चन्द्र (45) पुत्र हरप्रसाद गुरुवार को सुबह करीब 4 बजे अपने ट्रैक्टर ट्राली पर गांव के निवासी क्षेत्रपाल सिंह के आलू लादकर मैनपुरी के कस्बा कुरावली मंडी ले जा रहा था। ट्रैक्टर स्वयं सुरेश चला रहा था। ट्रैक्टर-ट्राली पर किसान क्षेत्रपाल का पुत्र साहब सिंह (48) सवार था।

बताया गया कि बृहस्पतिवार की भोर में चार बजे कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम सेंथरी के पास जीटी रोड पर पहुंचते ही तेज रफ्तार डंपर ने ट्राली में टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगते ही ट्राली पलट गई। ट्रैक्टर सवार दोनों किसान गंभीर रूप से घायल हो गए।

आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हादसा देख एकत्र हुए लोंगों ने सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने देखते ही साहब सिंह को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने घायल सुरेश को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। हालत नाजुक देखते हुए उन्हें हायर सेंटर भेजा है। इधर, साहब सिंह की मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिजन रोते-बिलखते हुए अस्पताल पहुंच गए। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


किसान की मौत के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

### सड़क हादसों में तीन लोग घायल

जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में रिजोर थाना क्षेत्र के गांव फफोतू निवासी मिलाप सिंह (44) पुत्र फूल सिंह, कोतवाली नगर क्षेत्र के डाक बगलिया निवासी सीपू (26) पुत्र कालीचरन और सकीट के मोहल्ला सेखपुरा निवासी दुर्गेश कुमार पुत्र नेम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## होली पर बसें निरंतर दौड़ाने पर मिलेगा विशेष पुरस्कार

**एटा, अमृत विचार :** होली का त्योहार आने वाला है। बसें निरंतर दौड़ाने के लिए रोडवेज ने इनाम का प्रोत्साहन राशि दिए जाने की योजना बनाई है जिससे कि यात्रियों को आवागमन में असुविधाओं का सामना न करना पड़े। एआरएम राजेश यादव ने बताया कि मुख्यालय स्तर से योजना के बारे में जानकारी मिली है। जिसके तहत 22 मार्च से 1 अप्रैल तक नियमित रूप से ड्यूटी करने वाले चालक-परिचालक को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें कई प्रकार की श्रेणी को शामिल किया गया है। पहली श्रेणी में ऐसे संविदा या आउटसोर्सिंग चालक-परिचालक, जो कम से कम 10 दिन ड्यूटी करेंगे। इसके साथ ही यह प्रतिदिन औसतन 300 किमी. गाड़ी चलाएंगे। उनको एक मुश्त 3500 रुपये का भुगतान प्रोत्साहन राशि के रूप में किया जाएगा।वहीं, जो चालक-परिचालक लगातार 11 दिन तक ड्यूटी करेंगे। उनको 400 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से एक मुश्त 4400 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही जो चालक या परिचालक निर्धारित किलोमीटर से अधिक गाड़ी को चलाएंगे उनको 55 पैसे प्रति किमी की दर से अतिरिक्त मानदेय प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा डिपो कार्यशाला में निगम से जुड़े हुए आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को 11 दिन तक लगातार ड्यूटी करने पर एकमुश्त 1800 दिए जाएंगे। 10 दिन तक काम करने वालों को एकमुश्त 1500 रुपये दी जाएगी।

# महिला ने लगाई हजारा नहर में छलांग, हो रही है तलाश


नहर में महिला की तलाश करते गोताखोर। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

● पिलुआ थाना क्षेत्र के ग्राम नगला भजा निवासी है महिला

**अमृत विचार:** पिलुआ थाना क्षेत्र के निधौलीकलां रोड स्थित हजारा नहर के अरथरा पुल से एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में छलांग लगा दी। महिला नहर में डूब गई। सूचना पर पुलिस और पीएसी के गोताखोर मौके पर पहुंच गए। गोताखोर महिला की तलाश करने लगे।

घटनाक्रम के अनुसार पिलुआ थाना क्षेत्र के ग्राम नगला भजा निवासी अवधेश की 35 वर्षीय पत्नी रुबी, 13 वर्षीय बेटी के साथ अपने मायके नगला ढाक थाना जैथरा से बुधवार की देर सायं ससुराल जा रही थी। बताया गया है कि सायं करीब 7 बजे वह जैसे ही पिलुआ थाना क्षेत्र के निधौलीकलां रोड स्थित हजारा नहर अरथरा पुल पर पहुंची कि तभी उसने नहर में छलांग लगा दी। बेटी ने बचाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सकी। चीखपुकार सुन आसपास के लोग एकत्रित हो गए। परिजनों को सूचना दी। सभी लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस भी आ गई और मायके से पिता रामनिवास के साथ बड़ी संख्या में लोग भी आ गए। पुलिस के अनुसार पति भी साथ था। वह अपनी ससुराल से पत्नी के साथ बाइक से आया था। पत्नी अरथरा नहर पुल पर मार्ग खराब होने की बात कहते हुए बाइक से उतर गई और नहर में कूद गई। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं, पीएसी के गोताखोर रुबी की तलाश कर रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# सपा नेता जुगेंद्र यादव के भाई और भतीजों की संपत्ति कुर्क

संवाददाता, एटा /अलीगंज

● भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कराई गई प्रक्रिया
● 2021 के एक मामले में कोर्ट ने कार्रवाई के दिए थे आदेश

**अमृत विचार:** सपा के कद्दावर नेता जुगेंद्र सिंह यादव के सगे भाई रामनाथ यादव, उनके भतीजों समेत चार लोगों की पुलिस प्रशासन ने उनके पैतृक गांव अमृतपुर रघूपुर में संपत्ति कुर्क की है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल सुबह से ही डटा रहा।

वर्ष 2021 में अलीगंज कोतवाली में पंजीकृत एक मुकद्दमे के तहत अलीगंज थाना पुलिस ने धारा 183 के तहत न्यायालय के निर्देश पर इन सपा नेताओं की चल संपत्ति कुर्क की है। पुलिस द्वारा धारा 182 के तहत पूर्व में सपा नेता जुगेंद्र सिंह यादव के भाई रामनाथ और उनके भतीजों के पैतृक गांव स्थित आवास पर पुलिस द्वारा नोटिस चस्पा किए गए थे। इस दौरान गांव-गांव में पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैदल मार्च किया। न्यायालय के निर्देश पर सपा नेता की चल संपत्ति कुर्क किए जाने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया था। कुर्की कार्रवाई के दौरान अलीगंज, जसरथपुर, जैथरा, रामपुर, नया गांव समेत सर्किल भर का पुलिस फोर्स मौके पर डटा रहा।


कुर्की की कार्रवाई करती पुलिस। ● अमृत विचार

### यह है मामला

हत्या करने का प्रयास, लूट और महिला के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में उनके भाई सपा नेता रामनाथ यादव, उनके बेटे विक्रांत यादव, भतीजे पुष्पेंद्र यादव और प्रमोद यादव के जसरथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव अमृतपुर में स्थित पैतृक आवास पर पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई को अंजाम दिया है। इन चारों लोगों पर सजला देवी पत्नी कश्मीर सिंह निवासी अमृतपुर ने अलीगंज कोतवाली पर उक्त सपा नेताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई थी। कोर्ट ने उक्त सपा नेताओं को विवेचना में विवेचक का सहयोग करने पर सशर्त जमानत दी थी लेकिन उक्त सपा नेताओं द्वारा न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना करते हुए जांच में सहयोग नहीं किया गया।इसके बाद अभियुक्तों के फरार रहने पर पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई है। इस मामले में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव अन्य मामले में एटा जेल में निरुद्ध हैं।

## मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

**एटा, अमृत विचार:** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुईं मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराने के पश्चात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कराए गए हैं। अलीगंज के गांव नकटई निवासी लक्ष्मीदेवी पत्नी कोतवाली सिंह का कहना है कि गांव के निवासी रघुवीर सिंह पुत्र नवाब सिंह समेत तीन लोगों द्वारा पीड़िता के साथ मारपीट की। बागवाला थाना क्षेत्र के गांव कासौंन निवासी श्यामवती पत्नी रमेश चन्द्र ने गांव के निवासी ओमेन्द्र पुत्र प्रेमसिंह समेत चार लोगों ने मारपीट का आरोप लगाया है। इधर, बागवाला के गांव सत्तारपुर निवासी प्रीती ने अपने पति प्रवीन समेत तीन लोगों पर मारपीटकर धमकी देने का मामला दर्ज कराया है।

# सेवा सुरक्षा नहीं तो मूल्यांकन का किया जाएगा बहिष्कार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने चेतावनी दी कि जब तक मांगों का निस्तारण नहीं होगा, तब तक मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि माध्यमिक विद्यालय के अशासकीय शिक्षकों को गुलाम बनाने की साजिश रची जा रही है। संघर्षों से प्राप्त उपलब्धियों को खत्म की जा रही है। चयन बोर्ड अधिनियम 1982 को रद करके उसके तहत मिलने वाली धारा 21 की सुरक्षा को सरकार ने छीना है। धारा 18 को खत्म करके प्रधानाचार्यों को मिलने वाले ग्रेड को खत्म कर दिया। केंद्र सरकार एक अप्रैल 2005 के पूर्व के विज्ञापन पर नियुक्ति पाने वाले कार्मिकों को पुरानी पेंशन दे चुकी है। उत्तर प्रदेश सरकार उस निर्णय को लागू नहीं कर रही है।

यदि शासन संघ के मांगपत्र पर निर्णय नहीं लेता है। तब तक माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करेगा। प्रदर्शन में प्रधान संरक्षक गुमान सिंह यादव, जिलाध्यक्ष राजू राम रतन, उपाध्यक्ष झिंनकु राम, संगठन सचिन ऋतुराज, वरिष्ठ सदस्य विजयप्रताप बिंद सहित 20 शिक्षक मौजूद थे।

## सीएससी से 46 हजार रुपये चोरी

**एटा, अमृत विचार:** शहर क्षेत्र के रहने वाले रविन्द्र प्रकाश अग्रवाल की नगर क्षेत्र के गांधी मार्केट में माने जनसेवा केंद्र है। गुरुवार को सुबह 9:30 बजे वह दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंच गया। उनसे खाली रिम कागज के मांगे। रविन्द्र दुकान के अंदर कागज की रिम लेने चला गया। इसी दौरान उसने उसके दुकान पर रखे कपड़े के थैला से 46 हजार 50 रुपए चुरा लिए और बिना नंबर की बाइक से फरार हो गया। यह पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। रविन्द्र ने चोरी की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए केंद्र निर्धारित, डीएम ने दिए निर्देश

एटा। डीएम प्रेम रंजन सिंह के निर्देशों के क्रम में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) सत्यप्रकाश ने बताया कि एनसीवीटी पाठ्यक्रम आधारित विषय प्रयोगात्मक एवं प्राविधिक कला की परीक्षा वशिष्ठ निजी आईटीआई कासंगज रोड, रामप्रकाश प्रदीप भामाशाह निजी आईटीआई, सकीट रोड तथा महेश चन्द राजीव कुमार निजी आईटीआई स्टेशन रोड मारहरा, राजकीय पॉलीटेक्निक नगरिया मोड़ पर 16 मार्च तक संचालित होगी। उक्त परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक के रूप में अरुण यादव, मंडी समिति एटा, नंद किशोर खाद्य विपणन अधिकारी एटा एवं सैयद तारिक अली अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय एटा को नियुक्त किया है। जो अपनी उपस्थिति में परीक्षा को नकलविहीन एवं शान्तिमय वातावरण में कराएंगे। उन्होंने तैनात कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया है कि वह नकलविहीन शान्तिपूर्ण एवं सशुकल परीक्षा सम्पन्न कराएं।

## तहरीर के बाद भी पुलिस नहीं कर भैंसें बरामद

एटा। थाना क्षेत्र के ग्राम बारथर निवासी रामकिशन ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर बताया कि 3 जनवरी की रात उसकी दो भैंसें चोरी कर ली गई थीं। जिसकी तहरीर पीड़ित ने देते हुए कहा कि आरोपी को उसने पहचान लिया है। मगर उसकी भैंसें बरामद नहीं की गई।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
नि:शुल्क शल्य चिकित्सा शिविर
(नासूर/भगन्दर, बवासीर/मस्से/पाइल्स का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर)
दिनांक: 12 मार्च से 15 मार्च 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
• शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/ मस्से/Piles)
• गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
• कब्ज़ की शिकायत रहना
• शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
• बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
• पैरों की नसों में दर्द, सूजन एवं नीलापन रहना (वैरीकोज वैन्स)
• कुराठी (कोर्न) का अग्निकर्म विधि द्वारा इलाज
• शरीर के किसी भी भाग में गांठ होना (Cyst/Lipoma)
• हाइड्रोसील का सफल ऑपरेशन
• पुराने से पुराने घाव (Non-Healing Ulcers)
• मूत्रमार्ग के सभी रोग जैसे: मूत्र त्याग में कठिनाई, मूत्रमार्ग में जलन आदि
पाइल्स/बवासीर
क्षारसूत्र चिकित्सा
व्रण (Wound)
-: धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
• आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर



डॉ. अनु कोटिया
B.A.M.S. (Chaudhary Brahm Prakash, Delhi), M.S. (Ay) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
नि:शुल्क परामर्श
नि:शुल्क ऑपरेशन (केवल चयनित मरीजों के लिए)
डॉ. गीता
B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल। मो. 8077808309

इन्स्टीट्यूट ऑफ डेन्टल साइन्सेस
वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर
मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर
15 मार्च - 20 मार्च 2023
पंजीकरण मात्र 50/-
मुफ्त परामर्श
मुफ्त दाँतों की सफाई
मुफ्त पायरिया का इलाज
बरेली इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराहे के सामने, डेन्टल कालेज रोड, बरेली
संपर्क करें : कमरा नं. 223, पेरियोडोन्टिक्स विभाग



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.01.2024 को घर से पीलीभीत जाते समय मेरे बैग से हाईस्कूल अनुक्रमांक 1000834 व इन्टर अनुक्रमांक 0735880 व बी.ए. प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 9012250075, बी.ए. द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक 2212250052, बी.ए. फाईनल अनुक्रमांक 200032250042 कहीं गिर गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले। **ख्याली राम पुत्र चोखे लाल नि. ग्राम-विधिपुर, थाना-गजरौला, जिला-पीलीभीत मो. 8126203707**

**सूचना**
मैने अपने पुत्र शाबान अहमद का चाल चलन ठीक न होने, गलत संगत में फंस जाने से उसे चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि वह कोई समाज विरोधी गलत कार्य करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके द्वारा किए गये किसी भी कृत्य के लिए शपथकर्ता का परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **बसीम अहमद पुत्र रशीद अहमद निवासी मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना कस्बा गोला, परगना हैदराबाद, तहसील गोला, जिला- खीरी।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे उमेद सिंह न मानकर मेरे वास्तविक नाम उमेद सिंह मनकोटिया के नाम से जाना जाये। **उमेद सिंह मनकोटिया पुत्र स्व. प्रभु सिंह मनकोटिया, आदर्श कॉलोनी, मोहनपुर रोड, नकटिया, बरेली**

**सूचना**
मैं पारूल सिरोही ने अपनी पुत्री का नाम यजुर्वेदिका सिंह से बदलकर यजुर्वेदिका सिंह नट रख लिया है। पता इन्द्रा चौक, राधिका गारमेन्ट सुपर मार्केट गजरौला, जिला अमरोहा उ.प्र.

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल एवं इण्टर की मार्कशीट और सनद वास्तव में कहीं खो गयी है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **विद्या अरोरा पुत्री सतपाल अरोरा निवासी ईए 6/ 255, नई बस्ती, नरकुलागंज, बरेली।**

**सूचना**
मैने अपने पुत्र मोहम्मद शकील व उसकी पत्नी नाजिश को उनके गलत चाल-चलन, आचरण, व्यवहार के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर, सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य मे अपने कृत्य, लेन-देन आदि के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व परिवार का वास्ता न होगा। **खैरून निशा पत्नी स्व.लतीफ अहमद निवासी-399, मोहनपुर थाना-कैण्ट, बरेली।**

**सूचना**
मैं अपने सगे बड़े पुत्र इकबाल हैदर ज़ैदी व उसकी पत्नी शबी ए ज़हरा को उनके चाल-चलन के कारण अपने सम्बन्धों को समाप्त कर उनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इन दोनों से मेरा और मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं होगा। **श्रीमती मोहिब्बेय फातिमा पत्नी स्व. सैयद जमील हैदर ज़ैदी निवासी 161, गढ़ैया आगा साहब का इमामबाड़ा, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## चुनाव कमाल का...

- पहली लोकसभा के चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 के बीच कराए गए थे। उस समय लोकसभा में कुल 489 सीटें थीं लेकिन संसदीय क्षेत्रों की संख्या 401 थी। लोकसभा की 314 संसदीय सीटें ऐसी थीं जहां से केवल एक-एक प्रतिनिधि चुने जाने थे। 86 संसदीय सीटें ऐसी थी जिनमें दो-दो लोगों को सांसद चुना जाना था, वहीं नॉर्थ बंगाल संसदीय क्षेत्र से तीन सांसद चुने गए थे।
- प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे मात्र नेता हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश और दिल्ली राज्यों से लोकसभा के चुनाव में कामयाबी हासिल की
- काका जोगेन्दर सिंह जो धरती पकड़ के नाम से भी मशहूर थे 25 बार चुनाव हारे। धरती पकड़ वी.पी. सिंह और राजीव गांधी जैसे बड़े-बड़े नेताओं के खिलाफ भी उम्मीदवार रहे जिनके लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाते थे ताकि कहीं उनकी मौत की वजह से चुनाव रद्द न कर दिया जाए।

## चुनावी तीर



कांग्रेस 70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को अटकाती रही, लटकाती रही, भटकाती रही। लेकिन मंदिर नहीं बनाया और जब इन्हें राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया, तो वोट बैंक की लालच में इन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया।

**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री



नरेंद्र मोदी सरकार ने काफी शोर-शराबे के साथ महिला आरक्षण बिल पास किया, लेकिन उसे लागू करने के लिए सर्वे करने की बात की, इसमें 10 साल लगेंगे, हमारी सरकार आती हैं तो बिना सर्वे के महिलाओं को आरक्षण देंगे

**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता

# आंदोलन के बाद मंदिर निर्माण सियासी कसौटी पर

- चुनाव दर चुनाव नए समीकरण गढ़ती रही अयोध्या, मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस

**13** माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई भाजपा

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** मंदिर आंदोलन के बाद अब श्रीराम मंदिर का निर्माण सियासत की कसौटी पर है। चुनाव-दर-चुनाव अयोध्या नए सियासी समीकरण गढ़ती रही है। चुनाव की मुनादी के पहले ही अयोध्या पर फोकस हो गया। एक बार फिर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष विकास संग अयोध्या चुनावी सियासत के केंद्र में घूम रही है।

यूं तो राम मंदिर आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। अयोध्या सदियों से आस्था का केंद्र रही है, लेकिन चार दशक से यह सियासत के भी केंद्र में है। 40 साल बाद भी अयोध्या की सियासी चमक वैसी है। दलों को लुभाती है। बदला है तो केवल परिदृश्य। राजनीतिक दलों ने अयोध्या के मुद्दे को भुनाने की कोशिश की। कांग्रेस रही हो या भाजपा। सपा या बसपा। श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से सन् 1984 में शुरू हुआ। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या हुई। चुनाव में कांग्रेस ने 404 सीटों से बढ़त पाई। नए दल के रूप में दो सीटों से भाजपा ने खाता खोला। आंदोलन के समर्थन से भाजपा ने जो सियासी पारी शुरू की वह अब तक बरकरार है। जैसे-जैसे आंदोलन चढ़ा, दूसरे मुद्दे भी आए, लेकिन अयोध्या का प्रभाव कायम रहा। इतिहास पर गौर करें तो कई ऐसे अवसर आए जब अयोध्या को पर्दे के पीछे करने की कोशिश हुई लेकिन ऐसा हो नही पाया। 1989 से अब तक का परिदृश्य इसी ओर इशारा करता है। 1989 में मंडल और मंदिर एक साथ नारा बने, 1990 में ढांचा विध्वंस हुआ। धर्म निरपेक्षता पर बहस हुई, लेकिन सियासत की तासीर में अयोध्या बनी रही। हां इतना जरूर है कि चुनाव-दर-चुनाव आंकड़ों की तस्वीर बदलती रही। नब्बे के दशक में अयोध्या और राम मंदिर अवाम के बीच राष्ट्रीय मुद्दा बन गया।

राष्ट्रीय मुद्दों के बीच अयोध्या के साथ भाजपा फर्श से अर्स की ओर बढ़ती रही तो कांग्रेस का पराभव का दौर शुरू हो गया। 13 माह और 13 दिन की सरकार बनाने के बाद 1996 में भाजपा सत्ता की सीढ़ी चढ़ने में कामयाब हो गई। 1999 से 2004 तक सत्ता में रही। इसके पीछे राम मंदिर आंदोलन और अयोध्या ही रही। सन 1984 में 404 सीटों पर रहने वाली कांग्रेस 35 साल बाद 2019 में 52 पर सिमट गई। दो के आंकड़े से बढ़ने वाली भाजपा 2019 में 303 तक पहुंच गई।

नौ नंवबर 2019 को अयोध्या के श्रीराम मंदिर पर फैसला आया। चमक बढ़ गई। कोरोना के दौर में पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन हुआ। मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ सियासत गरमाने लगी। निर्माण के श्रेय को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला।

### अरसे से सियासत में शामिल अयोध्या



22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। यह बड़ा संकेत रहा। पर्दे के पीछे की सियसात का खेल शुरू हुआ। राम दर्शन के जरिए प्रदेशों की भाजपा सरकारें राम लला के चरणों में नतमस्तक हुई। पूरे देश के लोगों को यात्रा के जरिए इसे परवान चढ़ा दिया गया। विपक्षी दल के नेताओं को उभारकर घेरने की रणनीति चल रही है। भाजपा और कांग्रेस के बीच अयोध्या और यात्रा के जरिए सियासी युद्ध चरम की ओर है। चुनावी चंदा और छापों की धमक है। चुनाव की घोषणा होने वाली है। आंदोलन से निकलकर धामिर्क राम मंदिर पर्यटन की नगरी अयोध्या और फिर सियासत के बीच कसौटी पर है। इसके सियासी लाभ हानि का आंकलन किया जा रहा है। पक्ष और विपक्ष इसे साधने के साथ मुकाबले की राह पर चल पड़े हैं।

सियासतदानों का एक धड़ा इसे मुद्दा बनने से रोकने में लगा रहा तो दूसरा धड़ा अप्रत्यक्ष सियासत के केंद्र में रखने में लगा रहा। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के जरिए पूरे देश को आंदोलन की तर्ज पर राम मय बनाने की कोशिश शुरू हुई।




**22** जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में स्वय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शामिल होना रहा बड़ा संकेत

**1984** में श्रीराम मंदिर आंदोलन नए सिरे से आरंभ हुआ और भाजपा ने जो पारी शुरू की वह अब तक है बरकरार

## ईवीएम आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग नहीं दे रहा है समय : दिग्विजय

नई दिल्ली, ब्यूरो



**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा है कि चुनावों में ईवीएम मशीनों द्वारा हेरा फेरी का आरोप लगाने वाले आंदोलनकारियों को निर्वाचन आयोग 7 माह से बातचीत का समय नहीं दे रहा है।

ईवीएम मुक्त भारत अभियान की शुरुआत करते हुए करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा है कि अब ईवीएम के खिलाफ देश के कोने कोने में आवाज उठ रही है। इंडिया गठबंधन की ओर से इस मामले में करीब सात महीने से चुनाव आयोग से समय मांगा जा रहा है, लेकिन कोई उत्तर अब तक नहीं मिला। पूरे देश में जन आंदोलन की बाढ़ सी आ गई है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच का बनाना आवश्यक हो गया है, जिसे 'ईवीएम मुक्त भारत अभियान' के नाम से जाना जाएगा। सिंह ने कहा कि ईवीएम मुक्त भारत अभियान में राजनैतिक, सामाजिक, नागरिक सहित विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व है और यह गैर राजनैतिक होगा। चुनाव आयोग निष्पक्ष रहा नहीं। जब तक पेपर बैलेट से चुनाव होता था, तब काफी हद तक चुनाव आयोग के नियंत्रण में प्रक्रिया हुआ करती थी। ईवीएम के प्रवेश से भारत सरकार की तमाम एजेन्सी जैसे भारत एलेक्ट्रॉनिक्कस लिमिटेड, इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया और निजी क्षेत्र से टेक्निकल लोग शामिल हो गए हैं, ऐसे में तो निष्पक्षता का होना लगभग असंभव है। एक आम दलील यह दी जाती है की बैलेट पेपर से चुनाव कराना खर्चीली प्रक्रिया है, जो एक बहुत बड़ा भ्रम है। बैलेट पेपर से चुनाव कराने में 2 सप्ताह की तैयारी चाहिए। अगर यह नहीं संभव है तो वीवीपैट की पर्ची वोटर के हाथ में दी जाए और वह एक डिब्बे के अंदर स्वयं डाल दे।

सिंह ने बताया कि उक्त आंदोलन के लिए गठित समिति में मेरे अलावा दीपक बाबरिया, उदित राज, एमजे देवाशहायम (सिटीजन इलेक्शन कमीशन), वामन मेश्राम (बामसेफ), कामरेड दीपांकर भट्टाचार्या (सीपीआईएमएल), गुरनाम सिंह चढूनी (किसान नेता), स्मिता कमले (इंडिया अगेन्सट ईवीएम), एडवोकेट महमूद प्राचा, राजेन्द्र पाल गौतम (एमएलए), अशोक शर्मा (पूर्व राजदूत), गौतम लहरी (प्रेसीडेंट, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया) को नामित किया गया है।



## अमीरों को कर्ज माफी किसानों को नहीं : राहुल

**नासिक।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) सत्ता में आता है तो वह किसानों की आवाज बनेगा। ऐसी नीतियां लाएगा जो उनकी सुरक्षा कर सके। किसानों को जीएसटी से बाहर करने का वादा किया।

गांधी कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र के नासिक जिले के चंदवाड में एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार किसानों की आवाज बनेगी और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करेगी। अगर अमीर लोगों का कर्ज माफ किया जा सकता है तो किसानों को भी लाभ मिलना चाहिए। मेरी और हमारी सरकार के दरवाजे किसानों के लिए हमेशा खुले रहेंगे। राकांपा (एसपी) नेता शरद पवार और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने किसान और कृषि क्षेत्र की दशा को लेकर केंद्र सरकार पर उदासीन रवैये का आरोप लगाया। किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत नहीं मिलती है जिस वजह से वे कर्जे में डूब जाते हैं और आत्महत्या करते हैं।

## यूपी में बसपा के बगैर कैसे भाजपा को रोकेगा 'इंडिया'

● धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** क्या बसपा के बिना 'इंडिया' गठबंधन के अहम घटक सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा को रोक पाएंगे। यह सवाल इनदिनों चट्टी-चौराहों पर आम मतदाओं से लेकर राजनीतिक पंडितों के बीच चर्चा में शामिल है। भाजपा के मिशन-80 को आधे से भी कम पर समेटने का दावा करने वाले विपक्ष के समीकरणों का गणित भी यहीं पर आकर अकट जा रहा है।

नरेंद्र मोदी को नेतृत्व देने से पहले भाजपा की हैसियत डांवाडोल थी। 13 दिन की सरकार समेत तीन बार सत्ता में आने पर भाजपा सरकार एक बार भी पांच साल का कार्यकाल पूरा न कर सकी। प्रदेश में 1984 में दो सीटों से बढ़ते हुए अधिकतम सीटें जीतने का आंकड़ा 2004 में 186 था। फिर भी सरकार कांग्रेस की बनीं और यह सिलसिला 2009 के चुनाव में भी कायम रहा, तब भाजपा गठबंधन ने 116 सीटें जीती थी। उत्तर-प्रदेश में हाल यह था कि कांग्रेस और भाजपा के हाथ से वोटों की गणित तेजी से फिसलती हुई सपा और बसपा जैसे क्षेत्रीय दलों की झोली में आ गई थी। लेकिन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी मैजिक ने ऐसा कमाल दिखाया कि सपा और बसपा के सामने भी अस्तित्व बचाने का संकट शुरू हो गया, जबकि कांग्रेस हासिये पर चली गई।

### गठबंधन में कांग्रेस का फायदा



सपा से गठबंधन में फायदा कांग्रेस को ही ज्यादा होगा। मुसलमान वोट बंटेगा नहीं और यादव वोट कम वोट से हारने वाली सीटों पर बहुतम दे सकता है। ऐसे में आंकड़ों को गौर से देखें तो कांग्रेस के पास रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, कानपुर, अमरोहा जैसी पांच सीटें ऐसी होंगी जहां से उनकी जीत संभव हो सकती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में रायबरेली में चार सीटें सपा की हैं। जब एक भाजपा की है। उसी तरह अमेठी में तीन सीट भाजपा की है तो दो सीट सपा ने जीती है। इसी तरह कई सीटों पर सपा के प्रभाव से कांग्रेस को फायदा हो सकता है। वैसे 2014 और 2019 में समाजवादी पार्टी पांच-पांच सीट ही जीत सकी थी। इस बार भी हालात कुछ बेहतर नहीं हैं। उप्र में वैसे ही राम मंदिर की लहर चल रही है। इस आंधी में अगर सपा का सहारा पाकर कांग्रेस पांच सीटें जीतती है तो बड़ी उपलब्धि होगी। कांग्रेस के साथ से सपा को बस एकमात्र यही फायदा हो सकता है कि बसपा को मुसलमान वोटकटवा मान लें और सपा को शतप्रतिशत वोट मिले। तब मुस्लिम बाहुल्य सीटों भाजपा को जीतना चुनौती होगी।

### 'बुआ-बबुआ' की जोड़ी ऐसी टूटी कि जोड़ना मुश्किल

राज्य की कुर्सी भी 2017 में भाजपा के हाथ चली गई, तो सपा और बसपा ने अपनी कट्टर दुश्मनी को भुलाकर 2019 के लोकसभा चुनाव में हाथ मिलाया। मगर, यह 'बुआ-बबुआ' के नाम पर चर्चित हुई जोड़ी भी चुनाव में मोदी की आंधी को रोकने में बेअसर रही। बाद में ऐसी टूटी कि वह दर्द इस बार बसपा को इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं बनने दे रहा है। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस नेताओं की कोशिश थी कि बसपा प्राथमिकता देते हुए सपा के साथ ही इंडिया गठबंधन में शामिल किया जाए। अब सपा-कांग्रेस कैसे बसपा के बगैर मोदी को प्रदेश में रोकेंगे, यह सवाल बना हुआ है।



### विधानसभा चुनाव में 'दो युवराज' की जोड़ी फेल

ऐसे में राज्य की कुर्सी के लिए 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस से समझौता किया, तो राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी को नाम दिया गया 'दो युवराज' यानि एक सोनिया गांधी की कांग्रेस परिवार से तो दूसरे मुलायम सिंह यादव के सपा परिवार से उत्तराधिकारी। लेकिन समझौते में 105 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को सिर्फ सात सीटों पर जीत मिली। भाजपा ने 312 सीटें और सहयोगी दलों को मिलाकर रिकार्ड 325 सीटें जीती। योगी आदित्यनाथ की तोजपोशी के बाद दिनोंदिन बदलते नए उत्तर-प्रदेश की तस्वीर ने 2022 में ऐसी हालत पतली कर दी कि भाजपा गठबंधन 273 सीटों पर जीत गया, जबकि सपा ने भाजपा से तोड़कर कुछ सहयोगी दलों के सहारे 125 सीटें जीती, लेकिन चार बार सत्ता संभालने वाली बसपा मात्र एक विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है, जबकि कांग्रेस के मात्र दो विधायक जीते।

**भाजपा सांसद वरुण और मेनका के कारण हाईप्रोफाइल है पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट**

# भाजपा के टिकट का इंतजार, विपक्ष को मजबूत दावेदार की तलाश

- साढ़े तीन दशक में हुए नौ चुनाव में छह बार मेनका तो दो बार वरुण गांधी बने सांसद
- वरुण के पार्टी विरोधी रवैये के चलते इस बार किसी अन्य को टिकट के लगाये जा रहे कयास

● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेनका गांधी और वरुण गांधी के कारण पीलीभीत-बहेड़ी संसदीय सीट हाईप्रोफाइल है। पिछले करीब 35 साल से इन्हीं दोनों पर पीलीभीत के लोगों ने भरोसा जताया लेकिन इस बार वरुण गांधी के लगातार पार्टी विरोधी रवैये के चलते टिकट बदलने के कयास लगाये जा रहे हैं। वरुण के विरोध में पार्टी में ही एक धड़ा सक्रिय है। इसी कारण अभी तक भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बदलाव की उम्मीद में स्थानीय और दूसरे जनपदों के कई भाजपा नेता पीलीभीत-बहेड़ी सीट के लिए दावेदारी कर चुके हैं। भाजपा से टिकट की घोषणा न होने के चलते सपा भी चुप्पी साधे है। बसपा ने अनीस अहमद फूल बाबू पर ही फिर भरोसा जताया है।

लोकसभा चुनाव 2024 का अधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन पिछले छह माह से सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर पिछले करीब साढ़े तीन दशक से गांधी परिवार (मेनका गांधी/वरुण गांधी) का कब्जा रहा है। 1989 से लेकर 2019 तक इस सीट पर नौ बार चुनाव हुए। इनमें छह बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी सांसद रहे। वर्तमान में वरुण गांधी सांसद हैं। पिछले करीब दो साल से वरुण के तेवर अपनी ही सरकार के विरोध में हैं। कई मौकों पर वह सरकार की तीखी आलोचना कर चुके हैं। कुछ महीनों से तो उन्होंने करीब-करीब हर जनसभा में सरकार की योजनाओं के विरोध को लक्ष्य बना लिया।




राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी, निकाय चुनाव के दौरान सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष के पति गुरभाग सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत समेत कई लोग दावेदारों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं।

हर कोई अपने स्तर से खुद को हाईकमान की कसौटी पर खरा उतारने की कोशिश में है। कुछ लोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार व कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद की दावेदारी मजबूत मान रहे हैं। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा के नाम की चर्चा भी चर्चा हो रही है। कुछ लोग अभी भी वरुण या मेनका को टिकट मिलने की उम्मीद जता रहे हैं।



### भाजपा की स्थिति मजबूत

पिछले करीब एक दशक में भाजपा खुद को खासा मजबूत कर चुकी है। कांग्रेस की हालत पहले से ठीक नहीं रही। बसपा के हाथी की चाल भी 2012 के बाद से तराई में सुस्त है। विपक्षी दल के नाम पर समाजवादी पार्टी कुछ मजबूत स्थिति में है। समाजवादी पार्टी में कई दावेदारों के नाम चर्चा में हैं। पिछले कुछ दिनों से सपा से पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार का नाम जोर शोर से चल रहा है। मगर भाजपा के टिकट की घोषणा होने के बाद ही सपा अपने पत्ते खोलने के मूड में है। तभी लोकसभा चुनाव की सियासत तराई में जोर पकड़ेगी। दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है, तो टिकट न मिलने से नाराज होकर भितरघात होना भी चुनाव में आम है।

### बसपा का भरोसा फिर फूलबाबू पर

10 मार्च को बीसलपुर में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बसपा प्रभारी राजकुमार गौतम ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के प्रत्याशी होने की घोषणा की थी। हालांकि यह कोई हैरान करने वाली घोषणा नहीं मानी गई। मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए बसपा से फूलबाबू का टिकट पक्का माना जा रहा था। वह पहले भी तीन बार (1999, 2004,2014) बसपा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। पहली बार के चुनाव में वह दूसरे व अन्य दोनों चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। उनके नाम की घोषणा के साथ बसपा दलित-मुस्लिम वोटरों को साधकर तराई में खो चुकी सियासी जमीं को पाने का प्रयास कर रही है।

| पार्टी | प्रत्याशी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **2019 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 7,04,549 | 59.38 |
| सपा | हेमराज वर्मा | 4,48,922 | 37.83 |
| जीत | | 2,55,627 वोट | |
| **2014 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 5,46,934 | 52.06 |
| सपा | बुद्धसेन वर्मा | 2,39,882 | 22.83 |
| जीत | | 3,07,052 वोट | |
| **2009 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | वरुण गांधी | 4,19,539 | 50.09 |
| कांग्रेस | वीएम सिंह | 1,38,038 | 16.48 |
| जीत | | 2,81,501 वोट | |
| **2004 का परिणाम** | | | |
| भाजपा | मेनका गांधी | 2,55,615 | 37.75 |
| सपा | सत्यपाल गंगवार | 1,52,895 | 22.58 |
| जीत | | 1,02,720 वोट | |
| **1999 का परिणाम** | | | |
| स्वतंत्र | मेनका गांधी | 4,33,421 | 57.94 |
| बसपा | अनीस अहमद खान | 1,93,566 | |
| जीत | | 2,39,855 वोट | |

## शिवपाल बोले- सपा से रूठे लोगों को घर जाकर मनाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



- भाजपा ने नहीं पूरे किए वादे, सभी 80 सीटों पर मिलेगी हार
- प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार बदायूं पहुंचे शिवपाल यादव

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को लेकर चल रहा संशय गुरुवार को समाप्त हो गया। शिवपाल सिंह यादव की जिले में आमद हुई। कहा कि इंडिया गठबंधन की वजह से भाजपा अभी तक प्रत्याशी नहीं ढूंढ सकी है। उन्होंने कहा, सपा से दूर हुए लोगों का मनमुटाव दूर करने के लिए उनके घर जाएंगे। भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए इसलिए सभी 80 सीटों पर हार मिलेगी।

गुरुवार को वह तीन दिवसीय दौरे पर बदायूं आए। उझानी के एक मैरिज लॉन में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन से भाजपा सभी 80 सीटें हारेगी। भाजपा बदायूं से प्रत्याशी तक घोषित नहीं कर सकी है। भाजपा सत्ता के घमंड में है। वह बोले कि बदायूं सपा का गढ़ रहा है। नेता जी मुलायम सिंह यादव, प्रोफेसर रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव यहां से सांसद हुए। अब हम भी बदायूं आए हैं। सलीम इकबाल शेरवानी और आबिद रजा की नाराजगी के बारे में उन्होंने कहा कि जो भी रूठा है उन सभी को मना लेंगे। जरूरत पड़ने पर उनके घर भी जाएंगे। अयोध्या जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में मंदिर बन गया है। भगवान जब बुलाएंगे अयोध्या जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले का विकास उनकी प्राथमिकता है। भाजपा बताए कि जिले में उन्होंने कितना विकास कराया है। भाजपा के सभी वादे खोखले हैं। प्रेस वार्ता के दौरान बरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, आंवला लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य आदि भी मौजूद रहे।



सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है ,विद्या की रक्षा अभ्यास से ,सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।


## संपादकीय

# भारत की स्थिति में सुधार

संयुक्त राष्ट्र ने मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के ताजा आंकड़े जारी किए। इनमें भारत की स्थिति में लगातार दो वर्ष की गिरावट के बाद बड़ा सुधार देखने को मिला है। गुरुवार को जारी एचडीआई पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। मानव विकास से जुड़े ताजा आंकड़ों में भारत में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार आया है। लोगों में जीने की चाह और कमाई में बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का और औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई-2022) में 14 रैंक की छलांग देश के लिए अहम है। पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है, जो देश में स्त्री-पुरुष समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। 2014 में यह रैंक 127 था, जो अब 108 हो गई है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी बड़ी सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का प्रदर्शन इसको वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत से बेहतर रहा है। यह सरकार के दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विकास के उद्देश्य का परिणाम है जिसके तहत नीतिगत पहलों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक एजेंडा निर्धारित किया गया। यूएनडीपी गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करने हेतु लगभग 70 देशों में कार्य करता है। देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतियों, नेतृत्व कौशल, साझेदारी क्षमताओं तथा संस्थागत क्षमताओं को विकसित करने और लचीलापन बनाने में मदद करता है। सूचकांक की गणना तीन प्रमुख संकेतकों-जीवन प्रत्याशा, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष, शिक्षा के औसत वर्ष और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के अंतर्गत की जाती है। यानि जीवन में चौतरफा विकास से जुड़े अलग-अलग पहलुओं का अध्ययन करने के बाद यह सूचकांक तैयार किया जाता है। यह रिपोर्ट भारत के लिए इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि रिपोर्ट में मानव जीवन के विकास से जुड़े दूसरे अलग-अलग पहलुओं का भी गहन अध्ययन कर उनको भी इंडेक्स में शामिल कर सिलसिलेवार तरीके से उल्लेख किया गया है।

# शोधकार्य में भारतीय दार्शनिक पृष्ठभूमि की जरूरत



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे।

शोध चिंतन नए ज्ञान के सृजन से पहले का एक फलसफा होता है। विषय से संबद्ध टॉपिक के बारे में चिंतन की प्रक्रिया का एक क्रमिक इतिहास भी होता है। भारत में शोध चिंतन और पद्धतियों के बारे में ज्ञान मौजूद रहा,लेकिन 'एक्सपेरिमेंटल फ्लेवर' गायब हो गया जिसके लिए राज्याश्रय और सहयोगियों की जरूरत रहती है।

देश में शोध के लिए क्षेत्रीय चिंतकों का अभाव हुआ तो मौलिक चिंतन की अधिकांश धाराएं सूखती रहीं और ब्रिटिश आधिपत्य का असर सन् 1763 के बाद से हम पर बढ़ने लगा। पीछे लौटने का कोई अवसर नहीं बचा। ब्रिटिश लोगों ने हमारे अधिकांश 'मटेरियल कल्चर' को बदल दिया जिसकी जड़ में थी। हमारी शिक्षा पद्धति और शैक्षिक टूल्स जैसे कि भाषा और व्याकरण, खगोलीय गणनाएं और गणित, केमिस्ट्री और एस्ट्रोनॉमी एवं आयुर्विज्ञान। अपने रंग में क्रमशः रेंज जाने के लिए ब्रिटिश लोगों ने देश में जिस तरह से यूरोपियन पद्धति में गवेषणा और अन्वेषण के लिए अनेक अर्द्ध और पूर्णतः वैज्ञानिक संस्थान स्थापित किए उनके कार्यकलापों के चलते आने वाले समय में परिवेशी भारतीय सांस्कृतिक चिंतन से जुड़ी हुई वैज्ञानिक पद्धति में बदलाव होने लगे। इससे भारतीय शोध चिंतन के दर्शन का भी ब्रिटिश पद्धति से 'इंस्टिट्यूशनलाइजेशन' होने हुआ।

ब्रिटिश लोगों के जाने के बाद भारत में जिन अनेक वैज्ञानिक,तकनीकी,इंजीनियरिंग और उच्चतर शिक्षा संस्थानों की स्थापना की झड़ी लगी तब इन्हें भी मजबूरन उसी लीक पर चलाया गया,ऐसा तो नहीं कहेंगे,परंतु इनका अधिकांश रंग-ढंग आधुनिक और यूरोपियन ही रहा। भारतीय वैज्ञानिक दर्शन से उपजने वाला चिंतन अब सिर्फ पृष्ठभूमि के रूप में एक कुलबुलाते हुए जीवाश्म के रूप में बचा है। पीछे लौट जाना नामुमकिन ही है,क्योंकि रास्ते में ऐसे पावरफुल फिजिकल बैरियर्स उठ खड़े हुए हैं,जिन्हें ध्वस्त करना बस की बात नहीं। शोध चिंतन की मुख्य धारा अब एक प्रकार से 'यूनिवर्सल' हो गई है जिसे न तो आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवादी चिंतन से मुकाबला करके हम बदल सकते हैं और न ही प्राचीन सभ्यताओं का शक्तिशाली माना जाने वाला वह जैविक सांस्कृतिक परिवेश (कल्चरल इकोलॉजी) जिस पर हरेक मातृदेश खासतौर से भारत नित गर्व करता है,इसके आवेग को रोक सकता है, उलटा प्रतिक्रिया स्वरुप इसे गौरवान्वित करते रहने के लिए नित नए आयोजन करता है।

शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते।

हम मान क्यों नहीं लेते कि कार्ल पॉपर और भारत में प्राचीन और आधुनिक विज्ञान दर्शन में संगम देखने वाले चिंतकों की परंपरा में जाने-माने नाम भी शोध चिंतन को विशुद्ध रखने में सफल नहीं हो सकते थे। शोध चिंतकों और विज्ञान की अनेक शाखाओं में पश्चिम के फलस्फाकारों की संख्या अत्यधिक है। विज्ञान से संबंधित अभिलेखागारों को देखें तो करोड़ों की संख्या में अपने प्रकाशनों के जरिए से इन्होंने इसे इतना ताकतवर बना दिया है कि अब सभी प्राचीन सभ्यताओं में स्वतंत्र चिंतन की गुंजाईश नहीं बची है। चाहे यह मिस्र देश हो,भारत या चीन हो या मेसोपोटामिया के अवशेषों को छिपाए हुए ईराक और ईरान।

शोध संचार की भाषा अब अंग्रेजी है और मेथड अत्याधुनिक और मशीन आधारित। हमारे प्राचीन लौह-धातु कर्मियों और रसायनज्ञों के ज्ञान से अब हम अपने स्पेस और एटॉमिक एनर्जी प्रोग्राम को नहीं चला सकते। कुछ रोज पहले महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,वर्धा में प्रोफेसर,कृपाशंकर चौबे ने इस बारे में एक समाचार पत्र में प्रकाशित लेख के जरिए से यह मुद्दा उठाया है कि हम विशुद्ध भारतीय दार्शनिक चिंतन से अपने शोधकार्यों की धारा क्यों नहीं मोड़ लेते? उन्होंने इसमें एक स्थान पर शोधकार्य के चिंतन में 'व्यावहारिक पक्ष' शब्दयुग्म का प्रयोग किया है। मेरा मानना है कि खालिस तौर से भारतीय शोध चिंतन की विरासत के बल पर हम दुनिया में कहीं और क्या हो रहा है उसका मुकाबला नहीं कर सकते। दुनिया में शोध चिंतन और इसका व्यवहार अत्यंत कम्पीटीटिव हो चुका है। शोध के नतीजे को साझा करने के लिए इंटरनेट के जरिए तीव्रता से इसके प्रसार,थ्योरेटिकल रूप से इसका उपयोग करने जैसे कि नैदानिकी और उपचार में और टेक्नोलॉजी कंवर्जन के जरिए से गैजेट्स में बदलने के लिए अब दशकों और सदियों का विलंब नहीं होता। कमर्शियल रूप से इसका फायदा ही नहीं,बल्कि टेक्नोलॉजीकल बढ़त मिलने से राष्ट्र ताकतवर बनते हैं। जैसा कि मिलिट्री हार्डवेयर और विनाशक अस्त्र और संचार के साधनों के विकास और इनका कंट्रोल किस के हाथ में है,इससे प्रतीत होता है।

शोध चिंतन अब यूनिवर्सल कैरेक्टर अख्तियार कर चुका है और आपसी सहयोग या कोलैबोरेशन और कूटनैतिक आश्रय के बिना एक भी देश अकेला पावरफुल नहीं बना रह सकता। व्यक्ति में समाई हुई एकल शोध वृत्ति या एक ही व्यक्ति के चिंतन से चलने वाले शोध चिंतन की पारंपरिक भारतीय पद्धति से हम किस नाते सुपर-पॉवर बनने का स्वप्न देख सकते हैं? इसीलिए शोध चिंतन की अपनी विरासत की सीमा पर एक बार फिर से दृष्टि डालें तो मालूम होता है कि अंग्रेज या अन्य यूरोपियन कॉलोनियल पावर्स ने टेक्नोलॉजी के विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व शोध चिंतन के उदय का पूरा फायदा उठाया और साहसिक कदम उठाए। यह माना जाता है कि चिंतन एक 'एबस्ट्रेक्ट' एंटिटी है और इसकी फॉर्म इनटेंजीबल। आधुनिक यूनिवर्सल पद्धति से शोध चिंतन में भारतीयता का पुट कैसे डाला जा सकता है और इसकी मात्रा कितनी होनी चाहिए यह तो वैज्ञानिक-दर्शन चिंतन से उपजे नतीजे,इसके इस्तेमाल से बनाए जाने वाले उत्पाद और टेक्निक्स और टेक्नोलॉजी के सामाजिक और आर्थिक तजुर्बों को महसूस करने वाले हमारे वरिष्ठ वैज्ञानिक ही बता सकते हैं। आचार्य चंद्रशेखर वेंकट रमण ने भारतीय वाद्ययंत्र वीणा के तारों को एक पद्धति और क्रम से अंगुलियों की ताकत लगाकर हिलाने से पैदा हुई झंकार (फ्रीक्वेंसी एंड रेजोनेंस) पर शोध करके यह बताया कि इसकी ध्वन्यात्मक प्रॉपर्टीज क्या और क्यों हैं? भारतीय तंत्रीवाद्यों में वीणा प्राचीनतम वाद्य यंत्र हैं और इसकी फॉर्म भी अनेक हैं,जैसे कि नारदीय वीणा। दूसरा उदाहरण है आचार्य जगदीश चन्द्र बसु द्वारा यह कहना कि वनस्पति में भी जीवन है,अहसास और भावनाएं होती हैं। यह बात तो हमारे प्राचीन मनीषी एक अरसे से कहते रहे थे,लेकिन इसका फिजिकल प्रूफ उस तरीके से वे प्रोड्यूस न कर पाए जैसा कि आचार्य बसु ने किया।

अब तो हालात ऐसे हैं कि आयुर्वेद के अंतर्गत काया-चिकित्सा,भेषजगुण विज्ञान,रसायन, शल्य और नैदानिकी में भी विशुद्ध तौर से भारतीय शोध-चिंतन आधुनिक पद्धतियों की तरफ झुक गया है,मजबूरी में नहीं,बल्कि जरूरत के लिए। आधुनिक आयुर्वेज्ञानिक चिंतन में 'इंटीग्रेटिव मेडिसिन'नामक एक नई शाखा का उदय हुआ जिसमें मौलिक चिंतन यह है कि शरीर की जिन व्याधियों का उपचार आधुनिक चिकित्सा पद्धति (मॉडर्न सिस्टम ऑफ मेडिसिन) में नहीं है उनके इलाज के लिए वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों (यूनानी एवं तिब्बिया,आयुर्वेद एंड सिद्ध) को अपनाया जाना चाहिए। देश में शोध की एक नहीं अनेक ऐसी परियोजनाएं चालू हैं जिनमें भारतीय चिंतन और आधुनिक शोध एवं कार्यविधियों को आपस में समवेत किया गया है।

मसलन अयोध्या में बनाए गए रामलला मंदिर के निर्माण से पहले और निर्माण कार्य के दौरान मॉडर्न साइंस एंड इंजीनियरिंग की जिन तकनीकों का इस्तेमाल सीएसआईआर की मार्फत किया गया। इनमें हैं इमारत की नींव और सुपर-स्ट्रक्चर की स्थिरता का रिक्टर स्केल पर अधिकतम आठ डिग्री तक की भूकंप सह्यता का मापन और देवमूर्ति को सूर्य तिलक देने के लिए ऑप्टो-मैकेनिकल डिवाइस की स्थापना। गंगा नदी के प्रवाह के मैदानी क्षेत्र लिए कंप्यूटर सिमुलेशन द्वारा अयोध्या क्षेत्र की भू-गर्भीय संरचना की जांच की गई और विश्वासपूर्वक कहा गया कि वर्तमान मंदिर 10000 वर्ष तक स्थिर रहेगा।

## प्रसंगवश

# वासांसि जीर्णानि यथा विहाय

राजनीतिक दलों में हाई कमान संस्कृति काफी प्रबल होती दिख रही है जिसकी शुरुआत कांग्रेस में इंदिरा गॉधी के कार्यकाल से हुई। हालांकि अब इसमें भाजपा सबसे आगे है जिसमें केंद्रस्थ मोदी-शाह युग्म ही सभी महत्वपूर्ण निर्णय ले रहा है। आंतरिक लोकतंत्र न के बराबर है। प्रदेशों के चुनाव भी मोदी के नाम पर लड़े जाते हैं,जहां उनके मुख्यमंत्री बनने की कोई संभावना नहीं होती है। राज्यों के मुख्यमंत्री ऊपर से नामांकित होते हैं और निर्वाचित विधायकों को उसी नाम पर मोहर लगानी होती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत कुछ मास पहले हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभाई चुनाव इसके ज्वलंत उदाहरण हैं,जहां जननायक तो क्रमशः शिवराज सिंह,वसुंधरा राजे सिंधिया तथा डा.रमनसिंह थे,किंतु उच्च कमान ने इन सबको किनारे लगाकर अपनी च्वाइस के मुख्यमंत्री बनाए। राजस्थान में वसुंधरा कुछ अड़ रही थीं तो केंद्र ने भारी भरकम नेता राजनाथ सिंह को यह टास्क सौंप दिया। उन्होंने बखूबी राजे को किनारे लगाने का कार्य संपन्न कर दिया,हालांकि चुनावी सभाओं में खुद वसुंधरा के मुख्यमंत्रित्व काल के कार्यों और उपलब्धियों की प्रशंसा करते थे। यही नहीं जो लगभग 20 विधायक वसुंधरा के समर्थक होकर तत्समय उनके पक्ष में मुखर थे,उन्हें अलग कमरे में बैठाकर आदेशित किया कि विधायक दल की नेता चयन बैठक में जो नाम प्रस्तावित किया जाएगा, उस पर 'आप लोग ताली बजाएंगे'। पश्चात् भजनलाल शर्मा का नाम वसुंधरा से ही प्रस्तावित कराया गया,जिस पर निर्धारित स्क्रिप्ट के अनुसार ऊपर संदर्भित समर्थकों ने तालियां बजाईं। अब स्पष्ट है कि जन तंत्र में 'जन' के द्वारा चयनित प्रतिनिधियों का काम ताली बजाना ही रह गया है। इधर हरियाणा में साढ़े नौ साल से मुख्यमंत्री पद पर कार्यरत मनोहरलाल खट्टर को हटाकर हाई कमान ने नायब सैनी को बिठा दिया,जो पीएम मोदी के चहेते भले हों, किंतु शासन का कोई खास अनुभव नहीं रखते हैं। बहरहाल भाजपा आत्मा द्वारा शरीर बदलने की गीता वाली उपमा 'पुराने कपड़े त्यागकर नव परिधान ग्रहण करने को अब बहुशः प्रयुक्त कर रही है। (वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि)अब इससे सफलता कितनी मिलेगी,यह समय बताएगा।

# ओपनहाइमर फिल्म से मिला आलोचकों को जवाब

गत सप्ताह परमाणु के जनक महान वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर पर बनी फिल्म ओपरहाइमर को सात प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार से हॉलीवुड में नवाजा गया। सात दशकों बाद 16 दिसंबर 2022 को सरकारी तौर पर बाइडेन प्रशासन ने महान भौतिक वैज्ञानिक जूलियस रॉबर्ट ओपनहाइमर को गद्दारी के लांछन से मुक्त किया, निर्दोष पाया तथा देशप्रेमी माना। उन्होंने अमेरिका के लिए परमाणु बम बनाया था। इसे हिरोशिमा और नागासाकी पर फोड़ा गया था। बाद में उन्हें सोवियत (कम्युनिस्ट) रूस का गुप्तचर बताकर हर किस्म के अपमान, अवमानना, अनादर करके अवसादग्रस्त बनाया गया,जब तक (1967) वे मरे नहीं।

ओपनहाइमर के सत्कर्मों ने ही उनकी मान मर्यादा लौटाई। वे अब दूसरे लोकवासी हो गए। ओपनहाइमर अपने उन शब्दों को याद कर रहे होंगे,जो उन्होंने जापान पर बम फोड़ने के वक्त पर कहा था। वे पंक्तियां ओपनहाइमर ने अपने प्रिय संस्कृत कवि भर्तृहरि के शतकत्रयम से लिया था : उज्जैन नरेश भर्तृहरि का विचार था कि "उनके हाथों युद्ध में,जंगल में,पहाड़ों की चट्टान पर, गहरे समुद्र में, भाले और बाणों के बीच में, नींद में, भ्रम में,शर्म की गहराई में,मनुष्य ने जो अच्छे कर्म किए हैं,वे उसकी रक्षा करते हैं।" हीरोशिमा और नागासाकी पर बम विस्फोट पर ओपनहाइमर ने याद किए गीता के श्लोक को : "दिवि सूर्यसहस्त्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता। यदि भाः सदृशी सा स्याध्दासस्तस्य महात्मन":।।12।। (आकाश में हजार सूर्यों की एक साथ उदय होने से उत्पन्न जो प्रकाश हो,वह भी उस विश्वरूप परमात्मा के प्रकार के सदृश कदाचित ही हो। अर्थात् इस विषादग्रस्त भौतिकशास्त्री को ख्याल हो गया था कि उनके हाथों कितना भयंकर,त्रासदपूर्ण कृत्य हुआ है। प्रारब्ध तो होना ही था। भोगा भी। ओपनहाइमर प्रारंभ से ही ऐसे अपार नरसंहार वाले शस्त्र के निर्माण का विरोध करते रहें। अंततः हिटलर और टोजों (जापानी प्रधानमंत्री) के विश्व साम्राज्य वाले सपने को नष्ट करने हेतु बम बनाने के लिए तैयार हुए। भगवत गीता के निष्णात ओपनहाइमर ने बम बनाने के बाद और जापान पर उसे फोड़ने के वक्त गीता के ग्यारहवें अध्याय के 32 वें श्लोक को सुनाया था कि : "मैं (भगवान कृष्ण) लोकों का नाश करने वाला बढ़ा हुआ काल हूं।" अर्जुन का उनसे प्रश्न था : "आप कौन हैं"?



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा।

शायद ओपनहाइमर पर श्राप था,दो ध्वस्त जापानी शहरों की जनता का। त्रासदी की अनुभूति स्वयं उन्हें भी हो रही थी। अतः वे प्रारब्ध भुगतने हेतु विवश थे। इसीलिए वे जमकर सक्रिय विरोध करते रहे,जब राष्ट्रपति हैरी ट्रूमन ने परमाणु बम बनाने का आदेश दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति को खौफ था कि विश्वयुद्ध जीतकर सोवियत रूस अधिक विनाशकारी बम बनाएगा। विश्वव्यापी वर्चस्व बना लेगा,मगर विनाश की विभीषिका के आतंक से भयभीत ओपनहाइमर ने सरकार से सहयोग नहीं किया। तभी सिनेटर जोसेफ मैकार्थी का आविर्भाव हुआ। वे इतिहास में कम्युनिस्टों के उग्रतम विरोधी और सोवियत रूस के घोरतम शत्रु के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने ओपनहाइमर को सोवियत कम्युनिस्टों का यार करार दिया। तभी से इस भयातुर वैज्ञानिक की दुखगाथा शुरू हुई।

विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद,ओपेनहाइमर नवनिर्मित संयुक्त राज्य अमेरिका परमाणु ऊर्जा आयोग की प्रभावशाली जनरल एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष बने। उन्होंने परमाणु प्रसार को बाधित करने और सोवियत संघ के साथ परमाणु हथियारों की दौड़ को रोकने के लिए परमाणु ऊर्जा के अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण के लिए अपने पद का उपयोग किया। उनके स्पष्ट विचारों के लिए कई नेताओं की आलोचना के बाद,ओपनहाइमर की 1954 में एक फरेबी सुनवाई में शासकीय सुरक्षा गारंटी रद्द कर दी गई। आरोपी बनाया। प्रभावी रूप से उनकी प्रत्यक्ष राजनीतिक शक्ति को क्षीण कर दिया गया। तब भी उन्होंने भौतिकी में व्याख्यान,लेखन और काम करना जारी ही रखा।

नौ साल बाद राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने उन्हें सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन ने उन्हें राजनीतिक पुनर्वास के संकेत के रूप में एनरिको फर्मी पुरस्कार के साथ नवाजा। ओपनहाइमर सदैव हाइड्रोजन बम के निर्माण के खिलाफ थे। उन्हें वर्षों तक सरकार द्वारा यातना पहुंचाने के बाद,समूचे अमेरिकी राष्ट्र ने उनके साथ सिनेटर मैकार्थी द्वारा किए अत्याचार का विरोध किया गया। जब उनके रूसी जासूस होने का कोई प्रमाण नहीं मिला,तो उन्हें दोषमुक्त किया गया, मगर तब तक ओपनहाइमर का निधन हो चुका था। ओपनहाइमर का दृष्टांत केरल के अंतरिक्ष वैज्ञानिक नंबी नारायण को पाकिस्तानी जासूस बताकर उत्पीड़ित करने के समान था। उच्चतम न्यायालय ने नारायण को निर्दोष करार दिया,मगर तब तक तीन दशक बीत चुके थे।


## सोशल फोरम

# रमादान या रमजान

परंपरा से भारतीय रमजान बोलते आये हैं। रमजान हमारे देश में ईरान से आया। मूल अरबी शब्द का उच्चारण "रमादान" से मिलता जुलता है। दोनों के प्रयोग सही हैं।

बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।

कुछ वर्ष पहले एक समाचार पत्र में 'सोशियो लिंग्विस्टिक्स' के एक प्राध्यापक रिजवान अहमद साहब का इस पर एक लेख आया था जिसमें उन्होंने कहा कि अपना नाम वे दो तरह से बोलते हैं,अरब देशों में "रिदवान" और भारत में "रिजवान"। उन्होंने यह भी लिखा है कि चाहे लिखने में हम लोग रमादान लिख लें,बोलने में हम रमजान ही बोलते हैं। शायद ही कोई कहते हों कि "अगले रमादान के पहले मैं आपसे मिलूंगा",वे प्रायः हमेशा कहते हैं,"अगले रमजान के पहले मैं आपसे मिलूंगा।"



सचिदानंद सिंह
मुंबई

क्या रमादान का वहहाबीवाद से कोई संबंध है? बिल्कुल नहीं,सिवा इसके कि मुहम्मद इब्न अब्द अल-वहाब अरब में पैदा हुआ था जहां रमादान बोला जाता है। पिछली सदी के सत्तर के दशक में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया था और अरब देशों की बढ़ी समृद्धि के चलते भारत से लाखों श्रमिक वहां गए और उनके मुंह से रमादान सुनते भारत आए।

बढ़ी समृद्धि से सऊदी अरब ने दुनियाभर के मदरसों और भारत के मदरसों को भी आर्थिक मदद दी और उन मदरसों में फारसी रमजान या खुदा की जगह अरबी रमादान और अल्लाह के प्रयोग को सही बताया गया। उन मदरसों से पढ़े विद्वानों ने रमजान की जगह रमादान के प्रयोग को सही बताया और धीरे-धीरे यह प्रचलन में आ रहा है।

-फेसबुक वॉल से

# नई शिक्षा नीति में उच्च शिक्षा का वर्तमान और भविष्य

नई शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) में एक ऐसी भारतीय शिक्षा प्रणाली की संकल्पना की गई है,जो भारतीय परंपराओं, मूल्यों, लोकाचारों, संस्कारों का संरक्षण, तथा वर्तमान एवं भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान करेगी। नई शिक्षा नीति-2020 छात्रों का सर्वांगीण विकास कर उनको वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बनाने एवं विकसित होने का समान अवसर प्रदान करती है। एनईपी भारत की मिडिल स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक ग्रामीण एवं शहरी दोनों में व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए ऐसी रूपरेखा तैयार की गई है,जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

एनईपी में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष महत्व दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में छात्रों के लिए प्रारंभ से लेकर शिक्षा के अंतिम छोर तक नवीन प्रणाली का विकास किया गया है। जिसमें फाउंडेशनल एवं प्रीपेटरी स्तर पर बच्चों को इस तरह की शिक्षा और संस्कार देने का प्रावधान किया गया है जिससे उनके बचपन की नींव मजबूत हो सके। मिडिल एवं सेकेंडरी स्तर पर ऐसे विषयों का समावेश तथा चुनाव करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है जिससे छात्र तनावमुक्त रहें। उच्च शिक्षा स्तर पर छात्रों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार विषयों का चुनाव एवं आजीविका हेतु व्यावसायिक विषयों एवं प्रशिक्षण का चुनाव करने की व्यवस्था की गई है,जो छात्रों का सर्वांगीण विकास एवं आजीविका अर्जन हेतु सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगी। वर्तमान में नई शिक्षा नीति का मसौदा इस तरह से तैयार किया गया है कि पूर्व शिक्षा नीतियों में जो खामियां रह गई थीं उनमें संशोधन करके वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखते हुए नवीन और आशावादी दृष्टिकोण से संचालित एवं क्रियान्वित किए जाए,जो छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी एक स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सहायक होगी। एनईपी 21 वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है,जो 34 साल पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 का स्थान ग्रहण करती है। यह नीति सामान्य पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के मूलभूत स्तंभों पर निर्मित है। एनईपी शिक्षा के सतत विकास के 2030 एजेंडा के अनुरूप स्कूल एवं कॉलेज स्तर की शिक्षा को अधिक समृद्ध, लचीला, बहुउद्देशीय तथा आवश्यक बनाती है। शिक्षा को 21 वीं सदी की जरूरत के अनुकूल बनाना और छात्रों की अद्वितीय क्षमता को निखार कर सामने लाना एक जीवंत उदाहरण है।



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी
डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है।

भारत में नई शिक्षा नीति 2020 को वैश्विक ज्ञान एवं महाशक्ति में बदलने का लक्ष्य रखा गया है। नई शिक्षा नीति 2020 का समाज पर भी सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हुए परिवर्तनों से विद्यार्थियों का पुनः समाजीकरण होगा जो उन्हें समाज में समायोजित करने में सहायक होगा। छात्रों में अपनी संस्कृति,सभ्यता,प्रथाओं परंपराओं एवं रीति-रिवाजों को सहेजने तथा उनके अनुरूप व्यवहार करने का गुण विकसित होगा और वह सामाजिक मूल्यों को ग्रहण करने में सक्षम हो सकेंगे जिससे सांस्कृतिक हस्तांतरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होगी। एनईपी 2020 विद्यार्थियों का समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करने में सहायक होगी जिससे उनमें सामाजिक गुणों का विकास होगा। इसीलिए कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एनईपी का प्रमुख उद्देश्य सभी वर्गों के छात्रों में दक्षता,वैज्ञानिक स्वभाव, सौंदर्यबोध,नैतिक तर्क,डिजिटल साक्षरता,भारतबोध और चेतना का विकास करना है। साथ ही राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की प्रमुख भारतीय भाषाओं को महत्व, पाठ्यक्रम को और अधिक गुणवत्ता युक्त,लचीला और मूल्यांकन परक करने की बात कही गई है। नई शिक्षा नीति भारतीय जीवन मूल्य पर आधारित होने के साथ ही भारतीय परंपराओं,संस्कृति एवं भाषाओं को प्रोत्साहन,पुनर्स्थापना एवं प्रचार-प्रसार पर बल देती है और यह आने वाले समय में भारत को समर्थ,गौरवशाली और आत्मनिर्भर बनाने की प्रमुख भूमिका निभाएगी। इसमें शिक्षा व्यवस्था के चार प्रमुख आयाम विद्यार्थी,अध्यापक,पाठ्यक्रम और ढांचागत सुविधाओं को रेखांकित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एनईपी में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी आमूलचूल परिवर्तन की बात पर विशेष बल दिया गया है। इसमें बहु विषयक विश्वविद्यालय की स्थापना तथा अंतर्विषयक शोध प्रमुख रूप से होंगे जिससे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का भविष्य सुनहरा,सुखमय और आशावादी होने की उम्मीद की जा सकती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है,क्योंकि आज के समय में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से ही भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया जा सकता है। जब देश में आर्थिक समृद्धि अधिक होगी तभी हमारी विधि,कृषि,चिकित्सा आदि क्षेत्रों में क्रांति लाई जा सकती है।

# बहुजनों के चमत्कारिक नेता कांशीराम

कांशीराम को बहुजन नायक तक के सफर में जो धुरी बनी,वो थी 1964 में तथागत बुद्ध व बाबा साहब अम्बेडकर की छुट्टियों को रद्द किया जाना। वे डी के खापर्डे और दीनाभाना छुट्टियों की बहाली के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

इन्होंने बाबा साहब की लिखी पुस्तक 'जातिभेद का उच्छेद' पढ़ने को दी जिसे पढ़कर कांशीराम नाम की चिंगारी सुलगी और बहुजन राजनीति की नींव पड़ी। अगर वो घटना न घटी होती तो कांशीराम डीआरडीएल में अनुसंधान अधिकारी पद पर नियुक्त हुए रहते और पदोन्नति प्राप्त करते हुए सरकारी सेवा से मुक्त होकर,अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों की तरह व्यक्तिगत अर्थव्यवस्था को जरूर मजबूत कर लेते,लेकिन भारत में उनके बहुजन राजनीतिक आंदोलन से जो परिवर्तन आया वो नहीं आया होता। वर्तमान में मान्यवर साहब जैसे करिश्माई नेताओं की कमी है। कांशीराम ने फुले,आंबेडकर, छत्रपति साहूजी महराज के विचारों को आगे कर राजनीति की जमीन हरी की और ऐसे लोग,जो हमेशा वोट बने रहे उनमें जनता के नेतृत्व करने की ललक पैदा की। मान्यवर कांशीराम ने सामाजिक स्थिति को राजनीति में उपकरण की तरह उपयोग किया जिनमें कुछ खोज कमाल के हैं। उन्होंने सचल आंबेडकर मेला, पूना समझौते की निंदा, दो पैरों और दो पहियों का कमाल सरीखे कार्यक्रम कर स्लोगन से वंचित तबकों तक अपना संदेश पहुंचाने में कामयाब रहे। आज भी कांशीराम साहब के विचारों पर चलकर राजनीति में बड़ा मुकाम बनाकर सत्ता तक पहुंचा जा सकता है।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

### प्रशिक्षण के जरिए प्रदेश की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ रही राज्य सरकार

# ई-ऑटो रिक्शा की ड्राइविंग सीट भी संभालेंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एमएसएमई द्वारा संचालित और यूपिकॉन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम को किया जा रहा क्रियान्वित
- प्रशिक्षण के साथ ही महिलाओं को पिंक किट और बैंक फाइनेंस की सुविधा तक प्रदान की जा रही



**अमृत विचार :** रोडवेज बसों के बाद अब प्रदेश की महिलाएं आम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी ड्राइविंग सीट पर नजर आने वाली हैं। महिलाओं को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण के साथ ड्राइविंग लाइसेंस और सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का भी प्रबंध कर हो रहा है।

ई रिक्शा पर 50 हजार रुपये तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित एवं यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की गई है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है।

**स्वरोजगार शुरू कराने में भी की जा रही मदद :** प्रवीण सिंह ने बताया कि योजना के तहत ई रिक्शा की स्टैंडर्ड कॉस्ट 1.98 लाख रुपए निर्धारित की गई है। हमने जेम पोर्टल के माध्यम से ई रिक्शा कंपनीज का चयन किया है। ये कंपनियां लिथियम आयन बैटरी वाले ई रिक्शा बनाती हैं जो सबसे उच्चतम क्वालिटी के होते हैं। 1.98 हजार में योजना के अंतर्गत योग्य पाई जाने वाली महिलाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 49 हजार 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। बाकी जो पैसा है उसको नेशनलाइज बैंक से फाइनेंस कराने का प्रयास किया जाएगा।

#### महिलाओं को दी जा रही पिंक ड्रेस एवं सेफ्टी किट

प्रवीण ने बताया कि यह एक लाइवलीहुड प्रोग्राम है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। इसके बाद महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। इसमें सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है।

## कोविड में माता-पिता को खो चुके बच्चों को हुआ भुगतान

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 904 पात्र बच्चों को गुरुवार को धनराशि का भुगतान किया गया। पात्रों को धनराशि की प्रतीक्षा काफी समय से कर रहे थे। कोविड के बाद मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शुरू की गई थी। कोविड में माता-पिता को खोने वाले बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह पढ़ाई और भरण-पोषण के लिए दिए जा रहे हैं। शुरूआत में राशि का भुगतान तिमाही किया जा रहा था और अब छमाही होने लगा। 904 पात्र बच्चों को धनराशि देने के लिए शासन से बजट मांगा गया था। शासन से बुधवार को बजट जारी कर दिया गया।

## डंपरों की भिड़ंत में डीजल टैंक फटा, दो जिंदा जले

संवाददाता, बहुआ(फतेहपुर)

- फतेहपुर-बांदा मार्ग पर ललौली क्षेत्र में तड़के हादसा, एक डंपर के चालक व खलासी की मौत

**अमृत विचार :** ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गांव के पास गुरुवार तड़के दो डंपरों की भिड़ंत में एक डंपर के चालक दिलीप और क्लीनर इबरार की जिंदा जलकर मौत हो गई। टक्कर के बाद दोनों डंपरों के डीजल टैंक फट गए। धमाके के साथ फैली लपटों ने पास के एक मकान को भी चपेट में ले लिया। आसपास के लोग जान बचाने के लिए भागे।

फतेहपुर-बांदा मार्ग पर खटौली गांव के पास फतेहपुर से बांदा जा रहे डंपर की सामने से आ रहे दूसरे डंपर से टक्कर हो गई। एक डंपर के चालक और परिचालक बाहर नहीं निकल सके, उनकी जलकर मौत हो गई। टैंक फटने से जलता हुआ डीजल पास के एक मकान में जा गिरा जिससे वहां आग लग गई। फायर कर्मियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग से जले मकान के मालिक सोमदत्त ने बताया कि दुर्घटना रात करीब तीन बजे हुई, उनका घर जलकर खाक हो गया है। परिवार ने किसी तरह भागकर जान बचाई। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि मृतकों में बाराबंकी जिले के थाना रामसनेही घाट के हथौड़ा निवासी दिलीप कश्यप और बाराबंकी के सांडा थाना के डिशनरी गांव निवासी इबरार अली हैं।

## सामूहिक विवाह योजना में मुरादाबाद दूसरे स्थान पर

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अभी तक गोरखपुर अव्वल है। अब विवाह के लिए महज दो दिन बचे हैं। 17 से होलाष्टक लग लग जाएगा और चुनाव आचार संहिता भी कभी भी लग सकती है, इससे शत लक्ष्य पूरा होने की संभावना कम है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़ों के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। 35 हजार रुपये कन्या के खाते में जमा किए जाते हैं। शेष राशि अलग-अलग मदों में खर्च की जाती है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में प्रदेश के 75 जिलों के लिए 1 लाख 14 हजार जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। नवंबर के अंतिम सप्ताह से विवाह शुरू हो गए थे। 14 मार्च 2024 तक 1 लाख 5 हजार जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। इसमें 75 हजार का भुगतान कर दिया गया है। गोरखपुर में 4000, मुरादाबाद में 3701, बिजनौर में 3465 और रामपुर में 3301 जोड़ों का विवाह कराए गए। 16 या 17 मार्च में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग सकती है।

# अधिकारी जैसा कार्य करेंगे, वैसा ही फल उन्हें मिलेगा: मुख्यमंत्री

### 39 एसडीएम, 41 डीएसपी व 16 कोषाधिकारी को दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहली बार मात्र 9 माह में किसी आयोग, बोर्ड ने पूरी की भर्ती प्रक्रिया



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य करने की नसीहत देते हुए कहा कि आप जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल उन्हें मिलेगा। कहा कि आज भर्ती में न किसी सिफारिश की जरूरत पड़ रही और न ही कोई हस्तक्षेप हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

#### थाने की एक-एक गतिविधियों को करना है वॉच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हे थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा। इसके साथ ही पब्लिक से कैसा व्यवहार हो रहा है, चार्ज शीट की क्या स्थिति है आदि पर ध्यान देना होगा। उन्होंने नवचयनितों पर विश्वास जताते हुए कहा कि वह ईमानदारी के साथ प्रदेश सरकार के कार्यों की स्पीड को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही जनता जनार्दन के हितों का ध्यान रखें और त्वरित निर्णय लें ताकि अच्छे प्रशासन के अधिकारी के रूप में छवि बने।

## कांग्रेस की तीसरी सूची आने में अभी लगेगा एक सप्ताह का समय

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की तीसरी सूची आने में अभी करीब एक सप्ताह का समय लगने की संभावना है। इसी सूची में प्रदेश की 17 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश के संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा हुई थी। इस बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समन्वय में बैठक भी हुई। बाद में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य नेताओं को दिल्ली बुलाकर प्रत्याशियों के नाम पर मंथन किया, लेकिन अभी तक प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश की 17 सीटों को लेकर संभावित प्रत्याशियों के नामों पर अभी दिल्ली में मंथन चल रहा है। पार्टी चुनाव में जातीय समीकरण व जनाधार के नजरिए से उपयुक्त बैठने वाले नेताओं को चुनाव मैदान में उतरना चाह रही है। सूत्रों ने बताया कि अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी के नाम तय हो गए हैं।

## विधान परिषद चुनाव में निर्विरोध चुने गए सभी 13 एमएलसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा के सात, सहयोगी दलों के तीन और सपा से तीन जीते

**अमृत विचार :** विधान परिषद के चुनाव में सभी 13 प्रत्याशी निर्विरोध एमएलसी घोषित हो गए हैं। निर्विरोध घोषित हुए प्रत्याशियों में सबसे भारतीय जनता पार्टी के सात हैं। इसके बाद तीन सपा, एक आरएलडी, एक सुभासपा और एक आरएलडी के प्रत्याशी शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विधान परिषद सदस्य चुनाव में नामांकन के दिन ही तय हो गया था कि सभी 13 प्रत्याशियों का निर्विरोध जीतना तय है। लेकिन नामांकन पत्रों की जांच के बाद गुरुवार को नाम वापसी के दिन भी सबकुछ यथावत रहने पर अब मतदान और मतगणना की प्रक्रिया नहीं होगी। नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने की तय तिथि पर प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

भाजपा के टिकट पर 7 एमएलसी निर्विरोध चुने गए हैं, इसमें विजय बहादुर पाठक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, अशोक कटियार, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह, रामतीरथ सिंघल शामिल हैं। वहीं भाजपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से विच्छेलाल राजभर एमएलसी बने हैं। साथ ही आरएलडी से योगेश चौधरी और अपना दल (एस) से मंत्री आशीष पटेल विधान परिषद के सदस्य बनाए गए हैं। जबकि तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी से बलराम यादव, किरण पाल कश्यप और शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली निर्विरोध एमएलसी बने हैं। एमएलसी चुनाव के लिए 21 मार्च को वोटिंग होनी थी। एक सीट के लिए 29 विधायकों का समर्थन चाहिए था। चुनाव में संख्या बल के आधार पर सभी सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं।

## 1 से संचारी रोग और 10 से चलेगा अभियान दस्तक

**लखनऊ, अमृत विचार :** संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार की रोकथाम के लिए एक से 30 अप्रैल तक प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इसी बीच 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति सचेत करेंगी। इस संबंध में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि विभिन्न विभागों के सहयोग से यह अभियान चलेगा। दस्तक अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों और कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ई–कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी ।

## शिक्षक भर्ती के शेष अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक स्कूलों में 72,825 शिक्षक भर्ती के शेष अभ्यर्थियों की फिर काउंसिलिंग का निर्णय सुरक्षित कर लिया है। हाईकोर्ट के दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने 30 नवंबर 2011 को जूनियर बेसिक स्कूलों में 72 हजार 825 ट्रेनी शिक्षकों की भर्ती के विज्ञापन में से उच्चतम न्यायालय द्वारा बनाई 12,091 श्रेणी के बचे अभ्यर्थियों की फिर से काउंसिलिंग के लिए नया विज्ञापन जारी करने के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार और बेसिक शिक्षा परिषद की विशेष अपीलों पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र एवं न्यायमूर्ति एस क्यू एच रिजवी की खंडपीठ ने कई दिनों तक चली बहस पूरी होने के बाद गुरुवार को दिया। राज्य सरकार की ओर से अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता रामानंद पांडेय और बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से कुष्मांडा शाही ने अपनी बहस में कहा कि शीर्ष न्यायालय ने 25 जुलाई 2017 एवं बाद में इस मामले में अभ्यर्थियों की अवमानना याचिका में 13 दिसंबर 2019 को सरकार द्वारा ट्रेनी शिक्षकों की सम्पन्न भर्ती को सही मानते हुए अवमानना का मामला खत्म कर दिया था। ऐसे में 2011 की भर्ती को लेकर एकल पीठ द्वारा फिर से शेष बचे अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग का निर्देश दिया जाना गैरकानूनी है। दूसरी ओर विनय कुमार पांडेय और अन्य अभ्यर्थियों की ओर से अधिवक्ताओं ने कहा कि एकल पीठ के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बहस में कहा कि सरकार की ओर से शीर्ष अदालत में दाखिल अवमानना वाद में सही तथ्य प्रस्तुत नहीं किया गया।

## पत्नी, बेटे की हत्या कर खुदकुशी का किया प्रयास

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले में कर्ज के बोझ तले दबे एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से पत्नी और बेटे की हत्या करने के बाद खुद भी आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि अमरदीप शर्मा (42) पर कर्ज का बोझ था, जिसकी वजह से वह अवसाद में चला गया। उन्होंने कहा कि कवि नगर थाना अंतर्गत महिन्द्रा एनक्लेव निवासी अमरदीप ने अपने घर पर ही घटना को अंजाम दिया। बरामद सुसाइड नोट में शर्मा ने अपनी पत्नी सोनू शर्मा (36) और बेटे विनायक (11) की हत्या के लिए ईश्वर से क्षमा मांगी है। डीसीपी (सिटी) ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि अमरदीप ने अस्पताल में अचेत अवस्था में पुलिस के सामने अपना अपराध स्वीकार किया है। अमरदीप के सामान्य स्थिति में वापस आने पर ही वास्तविक स्थिति पता चल सकेगी।

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक जोड़े की सुरक्षा याचिका पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार निरंकुश अधिकार नहीं है। धर्म दिल और दिमाग की गहराई से उत्पन्न आस्था का मामला है। अगर कोई व्यक्ति किसी सांसारिक लाभ के लिए किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो यह धार्मिक कट्टरता होगी। किसी अन्य धर्म को अपनाकर विवाह करने का यह अर्थ नहीं है कि उसे पिछली शादी और पत्नी को छोड़ने की अनुमति मिल गई।

धर्म शोषण की वस्तु नहीं है, जिसके आधार पर किसी का शारीरिक और मानसिक शोषण किया जाए। प्रत्येक व्यक्तिगत कानून के तहत विवाह की संस्था एक पवित्र संस्था है। वर्तमान मामले में याचियों द्वारा उत्तर प्रदेश गैर कानूनी धर्म परिवर्तन अधिनियम की धारा 8 और 9 का कोई अनुपालन नहीं किया गया है। इसके अलावा रिकॉर्ड पर ऐसा कुछ भी नहीं रखा गया जिससे यह सिद्ध हो कि याचियों द्वारा विशेष विवाह अधिनियम के तहत विवाह के लिए कोई आवेदन दाखिल किया गया है। याचियों द्वारा विपक्षियों के लिए एक निर्देश जारी करने की प्रार्थना की गई थी, जिसमें उन्हें पति और पत्नी के रूप में याचियों की शांतिपूर्ण वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप न करने का निर्देश दिया जाए। दोनो जोड़े अलग-अलग जाति और धर्म से संबंधित है और गौतम बुद्ध नगर के निवासी हैं। उनका तर्क है कि उन्हें अपने जीवन का निर्णय लेने का अधिकार है, लेकिन याचियों के संबंध को गैरकानूनी मानते हुए न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की पीठ ने याचिका खारिज कर दी।


## वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**

3. 1. नापाक, अपवित्र 2. मैला–कुचैला, गंदा 3. काला।
4. 1. जिसने दोष या अपराध किया हो, दोषी, अपराधी 2. जिसमें कोई कमी करना।
4. रथ, यान।
5. 1. युद्ध का मज़ा या लड़ाई का उत्साह 2. युद्ध, लड़ाई 3. युद्ध क्षेत्र, लड़ाई का मैदान।
9. 1. कूट भाषा 2. किसी संदेश को गुप्त भाषा में परिवर्तित करना 3. नियमावली, आचार संहिता 4. कंप्यूटर में प्रोग्राम लिखने की पद्धति विशेष।
10. विजय करने वाला, विजयी।

**ऊपर से नीचे**

1. सूंस नामक एक जलीय जंतु।
2. 1. संतुष्ट करने की क्रिया या भाव, तृप्ति 2. संतोष, तोष 3. किसी को तुष्ट करना।
6. 1. रंगे जाने योग्य 2. जिसका चित्त प्रसन्न किया जा सकता हो 3. हर्ष या आनंद देने वाला।
7. चोरी करने के उद्देश्य से चोरों द्वारा दीवार में किया गया बड़ा छेद जिसमें से होकर चोर किसी कमरे या कोठरी में घुसता है, नकब।
8. 1. जिसके चारों कोने या पार्श्व बराबर हों, चौखूंटा, चौकोना 2. जो हर तरह से ठीक हो।



### वर्ग पहेली -9 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ली | क | | 2 चँ | 3 प | ना |
| | | | 4 आ | | पो | |
| | 5 थि | | 6 डं | ठ | ल | |
| 7 ग | र | का | ब | | ना | |
| | क | | री | | | 8 ध |
| 9 भु | ना | ना | | | | र |
| | | | 10 अ | प | दा | न |

## सुडोकू -89

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |

### सुडोकू -88 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–फाल्गुन, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–षष्ठी 22.09 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–पश्चिम। ऋतु–वसंत।
चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–कृत्तिका 16.08 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** – आज अधिकाधिक समय मनोरंजन और खानपान में व्यतीत करेंगे। शारीरिक कष्ट हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतायुक्त हो सकते हैं। अपने सिद्धांतों और विचारों से समझौता न करें। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष** – आज वाहन के रखरखाव में आपको काफी ध्यान देना होगा। रिसर्च से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार को खुश रखने के लिए महंगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। इस समय आपको शांतिपूर्ण तरीके से बिताने की सलाह दी जाती है।

**मिथुन** – आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के रद्द होने की संभावना है। अपनी क्षमताओं का तटस्थता से अवलोकन करें और अतिरिक्त बोझ लेने से बचें। लोग आपकी मजबूरी और परेशानियों को दरकिनार कर सकते हैं।

**कर्क** – आज आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहेगी। समाज में आपका व्यवहार सबके प्रति काफी अच्छा रहेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पहले की गई मेहनत का सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

**सिंह** – आज परामर्श सेवा से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। परिवार और समाज के लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। कारोबार में कुछ नवाचार प्रयोग करेंगे। आप लोगों के सामने अपने व्यक्तित्व को बढ़ा–चढ़ाकर दिखाने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या** – आज अपनी गलतियों से सीखने का प्रयास करें, लेकिन उसे लेकर मन में ग्लानि का भाव भी आपके लिए हितकर नहीं है। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पूर्व पूर्ण कर लें। आपके निर्णयों पर नजदीकी लोग ही प्रश्न–चिन्ह लगा सकते हैं।

**तुला** – आज अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर ध्यान दें। अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का पालन करें। अज्ञात भय से ग्रस्त हो सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों के ऊपर न थोपें। किसी मित्र को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज आप नए विचारों के प्रभाव से धनी रहेंगे और इसका लाभ आपको हर जगह प्राप्त होगा। व्यवसाय में आ रहे प्रतिरोधों को चतुराई से दूर कर लेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की ख्याति बढ़ेगी। ऑफिस के षड्यंत्रों को दूर करने में सफल रहेंगे।

**धनु** – आज अटके हुए कार्यों को शुरू करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं दूर की यात्रा की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। बॉस आपको कोई बड़ा काम सौंप सकते हैं।

**मकर** – आज दिन की शुरुआत बेहतरीन रहेगी। व्यावसायिक साझेदारों के साथ कोई डील करने से पहले उसे अच्छी तरह से समझ लें। जल्दी सफलता प्राप्त करने के लिए शॉर्टकट्स अपनाने से बचें। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ विवाद जन्म ले सकते हैं।

**कुंभ** – आज ज्यादा भावुक होना भी नकारात्मक हो सकता है। ऑफिस के तनाव का असर घर पर न पड़ने दें। नेटवर्किंग के व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है। महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने से बचें। निराशाजनक विचारों से दूर रहें।

**मीन** – आज आपका फोकस पूरी तरह से अपने काम पर होगा। आय में वृद्धि होने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपके सामाजिक संबंध विकसित होंगे। अपनी कार्यक्षमता को लोगों के सामने सिद्ध कर पाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- साथी – सुबह : 11.00
- यह है जलवा – दोपहर : 03.00

SONY PIX
- द वॉटर हाउस – सुबह : 10.49
- फास्टर – शाम : 05.40

SONY MAX
- अनाड़ी – सुबह : 10.12
- मैं हूं लकी द रेसर – रात : 10.07

ZEE CINEMA
- जान – सुबह : 10.30
- हीरोपंती 2 – शाम : 04.30

colors CINEPLEX
- नजर अंदाज – दोपहर : 01.42
- पागलपंती – रात : 07.03

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था।
अगले दिन दोपहर में पत्नी डीनर ले लो जी।
पति– यह डीनर नहीं लंच है जाहिल औरत।
पत्नी– जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है। ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

टीचर– डेट और तारीख में क्या अंतर है?
सारी क्लास चुप
गप्पू– सर, डेट में गर्लफ्रेंड के साथ जाते हैं और तारीख में वकील के साथ
गप्पू की बात सुनकर टीचर दंग रह गई।

## 23 को लोकतंत्र बचाओ दिवस के तहत देशभर में प्रदर्शन की घोषणा


# प्रत्याशियों को गांव में नहीं घुसने देंगे

**किसान महापंचायत**

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली में आयोजित किसान मजदूर महापंचायत में फैसला हुआ है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं को गांवों में नहीं घुसने दिया जाएगा और 23 मार्च को लोकतंत्र बचाओ दिवस के तहत किसान और खेतिहर मजदूर देशव्यापी धरना प्रदर्शन करेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले करीब चार सौ किसान और खेतिहर मजदूर संगठनों के हजारों लोगों ने रामलीला मैदान में शांतिपूर्वक महापंचायत का आयोजन किया। जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य व कर्ज माफी की मांग को लेकर अगली रणनीति का ऐलान किया गया। महापंचायत में प्रस्ताव पारित हुआ है कि यदि सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य व कर्ज माफी का ऐलान नहीं किया तो 23 मार्च को किसान व ग्रामीण मजदूर "लोकतंत्र बचाओ दिवस" मनाएंगे और देश भर में धरना प्रदर्शन करेंगे।



आयोजित किसान महापंचायत से एनएचव-24 पर फंसे वाहन।

बता दें, महापंचायत में हिस्सा लेने के लिए किसानों एवं मजदूरों ने बुधवार से ही रामलीला मैदान में आना शुरू कर दिया था। किसान संगठन के नेताओं ने चेतावनी दी है कि केंद्र सरकार ने किसानों को दिल्ली में नहीं घुसने दिया है जिसका जवाब वे आगामी लोकसभा चुनाव में देंगे और किसी भी भाजपा नेता या प्रत्याशी को गांवों में घुसने नहीं देंगे।

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने किसानों एवं ग्रामीण मजदूर की दुर्दशा के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि केंद्र सरकार पूंजीपतियों एवं उद्योगपतियों को तरह-तरह से फायदा पहुंचा रही है और किसानों की जायज मांगों को ठुकरा रही है। पंचायत में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेघा पाटेकर थीं।

## भारत-अमेरिका के बीच मजबूत हुए रक्षा संबंध : पेंटागन

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय रूप से सुधार देखने को मिल रहा है। पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कही गई ये बात दर्शाती है कि अमेरिका और भारत के बीच रक्षा संबंध बेहद मजबूत हो रहे हैं।

पेंटागन के एक अधिकारी का कहना है कि अब भारत और अमेरिका के बीच प्रमुख मुद्दों पर मतभेदों के बजाय सुधार देखने को मिल रहे हैं। हाल ही में सीयूटीएस इंटरनेशनल द्वारा एक गोलमेज सम्मेलन कराया गया था। इस सम्मेलन में रक्षा विभाग के सचिव (नीति) के कार्यालय, दक्षिण एशिया के निदेशक सिद्धार्थ अय्यर ने कहा कि 'पिछले 12 महीनों में भारत अमेरिका के रक्षा संबंधों में बेहद तेजी से प्रगति हुई है। अय्यर ने कहा रक्षा संबंधों में अविश्वसनीय गति देखने को मिली।

# सरकार ने ब्लॉक किए 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म

*नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अश्लील और असभ्य कंटेंट पब्लिश करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि इन प्लेटफॉर्मस को पहले कई बार चेतावनी दी गई थी। इसके साथ ही सरकार ने 19 वेबसाइट, 10 एप और 57 सोशल मीडिया हैंडल भी ब्लॉक किए हैं।*

### क्यों किया गया बैन

मंत्रालय की ओर से से जारी किए बयान के मुताबिक, ब्लॉक किए गए ओटीटी प्लेटफॉर्म को लेकर बताया गया है कि ये अश्लील, अभद्र और महिलाओं को लेकर अपमानजक कंटेंट प्रसारित करते थे। इन प्लेटफॉर्म पर आईटी एक्ट की धारा 67 और 67ए, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 के तहत कार्रवाई करते हुए बैन लगाया गया है।



### 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड, 32 लाख से ज्यादा फालोअर्स

सरकार ने बताया कि 18 ओटीटी एप में से एक एप को 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड मिल चुके हैं। हालांकि इसका नाम नहीं बताया गया। दो अन्य एप को गूगल प्ले स्टोर पर 50 लाख से ज्यादा डाउनलोड मिले हैं। इसके अलावा इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने दर्शकों को अपनी वेबसाइट्स और ऐप्स की तरफ अट्रैक्ट करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का भी यूज किया। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कुल मिलाकर 32 लाख से अधिक यूजर्स हैं।

### सरकार ने किस पर लगाया बैन

सरकार ने 12 फेसबुक अकाउंट, 17 इंस्टाग्राम अकाउंट, 16एक्स अकाउंट और 12 यूट्यूब अकाउंट को भी बैन किया है, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

### कई शिकायतें मिलने के बाद कार्रवाई

इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखाए जा रहे कंटेंट को लेकर कई शिकायतें मिली थीं। इनकी शिकायत करने वालों में कई सांसद/विधायक, इंटेलेक्चुअल्स और समाज सेवी शामिल हैं।

### क्या हैं निगरानी के नियम

सरकार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के कंटेंट की निगरानी मीडिया एथिक्स कोड रूल्स, 2021 के जरिए करती है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को अपने कंटेंट का क्लासिफिकेशन, ऐज रेटिंग और सेल्फ रेगुलेशन का खुद पालन करना होता है।

## एक नजर

### भारत-ब्राजील ने मंत्रिस्तरीय पहली 'टू प्लस टू' वार्ता की

**नई दिल्ली।** भारत और ब्राजील ने गुरुवार को रक्षा और विदेश मंत्रिस्तरीय पहली 'टू प्लस टू' वार्ता की। बैठक में ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि बातचीत में सहयोग के विभिन्न अहम क्षेत्रों पर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा-अंतरिक्ष, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, तकनीक, आतंकवाद से मुकाबला और क्षेत्रीय, बहुपक्षीय एवं परस्पर हित से जुड़े अन्य मुद्दों पर सहयोग बढ़ेगा। बता दें, बैठक दिल्ली में हुई है। इसकी सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव जी वी श्रीनिवास और रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव विश्वेश नेगी ने की।

### देश के आखिरी गांव के लोग वांगचुक के समर्थन में उतरे

**फोब्रांग (लद्दाख)।** लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ रही है। उनकी मांगों के समर्थन में भारत-चीन सीमा पर बसे देश के आखिरी गांव फोब्रांग के लोग भी उतर आए हैं। इन लोगों ने बॉर्डर से 16 किमी पहले मार्टसे टॉप के पास माइनस 20 डिग्री तापमान में प्रदर्शन किया।



### रमजान में ड्यूटी के दौरान पायलट नहीं रखेंगे रोजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय विमानन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन (पीआईए) ने रमजान माह के मद्देनजर नया आदेश जारी किया है। पीआईए ने ड्यूटी के दौरान चालकों के रोजा रखने पर रोक लगा दी है। आदेश में चिकित्सा परामर्श का हवाला देते हुए कहा गया कि रोजा रखने से डिहाइड्रेशन हो सकता है। इसके साथ ही व्यक्ति को आलस्य और नींद आ सकती है। पीआईए के अधिकारी ने बताया कि कॉर्पोरेट सेफ्टी मैनेजमेंट और एयर क्रू मेडिकल सेंटर दोनों ने सिफारिश की है कि विमान चालकों और चालक दल के सदस्यों को रोजा नहीं रखना चाहिए।

### अमेरिका में अवैध प्रवेश पर तीन भारतीय समेत चार गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन भारतीयों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें, बफेलो शहर में अंतर्राष्ट्रीय रेलमार्ग द्वारा अवैध प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने बताया है कि, महिला समेत चारों को अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) की हिरासत में हैं। चारों निर्वासन की सुनवाई होने तक बंद रहेंगे।

# भारत और एशिया तक पहुंच बढ़ाने को रूस बना रहा 'मॉस्को कॉरिडोर'

## युद्ध के चलते यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों के बाद लिया फैसला, 2028 तक होगा पूरा

मॉस्को, एजेंसी

यूक्रेन युद्ध के पहले रूस व्यापार के लिए यूरोप पर ही निर्भर था लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों को मात देने के लिए रूस नए तरीके खोज रहा है। इसी क्रम में रूस ने भारत, चीन और मिडल ईस्ट के देशों के साथ संबंध मजबूत कर दिए हैं। रूस अपनी पहुंच भारत और एशिया तक बढ़ाने के लिए मॉस्को से मुंबई तक मल्टी मोड ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर बना रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक प्रतिबंधों के बीच में रूस ने अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) प्रोजेक्ट में तेजी दिखाई है। रूस ने अब 160 किमी लंबे रेल मार्ग के लिए ईरान को 12 हजार करोड़ रुपये का फंड जारी किया है। ईरान के रास्त शहर को अस्तारा से जोड़ने वाले इस रेल मार्ग का काम शुरू हो गया है। अजरबैजान में रेलवे ट्रैक और यार्ड काम इस साल पूरा हो जाएगा। पूरे कॉरिडोर का काम 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है।



### जंग के बीच रूस मे आज से होंगे राष्ट्रपति चुनाव

यूक्रेन से जंग के बीच रूस में पहली बार आम चुनाव होने वाले हैं। आज राष्ट्रपति पद के चुनाव होने वाले हैं। व्लादिमीर पुतिन एक बार फिर राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए हैं। उम्मीद है कि वे पुतिन पांचवी बार सत्ता में लौटेंगे। पांचवी बार उनका सत्ता में आना लगभग निश्चित है। रूस में 15 से 17 मार्च तक मतदान होंगे। हालांकि, प्रारंभिक और डाक मतदान पहले ही शुरू हो चुका है, जिसमें यूक्रेन का कुछ हिस्सा भी शामिल हैं। यदि किसी उम्मीदवार को आधे से अधिक वोट नहीं मिले पाए तो तीन सप्ताह बाद दूसरे दौर का मतदान होगा। अगर पुतिन दोबारा राष्ट्रपति पद के चुनाव जीतते हैं तो वह करीब 2030 तक सत्ता पर बने रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक गैर-सरकारी मतदान संगठन, लेवाडा सेंटर की एक रिपोर्ट की मानें तो पुतिन की रेटिंग 86 प्रतिशत से अधिक है। युद्ध के दौरान उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई है।



### रेल मार्ग से जुड़ेंगे भारत, ईरान और रूस

आईएनएसटीसी की कुल लंबाई 7,200 किमी है। इस कॉरिडोर में भारत और रूस के अलावा ईरान, अजरबैजान भी सदस्य हैं। समुद्र, रेल और हाइवे के इस मल्टी मोड कॉरिडोर का मुख्य उद्देश्य लागत कम करना और समय बचाना है। नए रूट से माल भेजने का समय पारंपरिक स्वेज रूट के 45 दिनों से घटकर सिर्फ 10 दिन रह जाएगा, जो कि स्वेज नहर से मुकाबला करेगा। स्वेज मार्ग से मुंबई से मॉस्को की दूरी 14 हजार किमी थी, इसे तय करने में 45 दिन से ज्यादा का समय लगता था। जहां अभी हूती विद्रोहियों का खतरा है।

### रूस- भारत का व्यापार चार गुना बढ़ा

भारत के साथ 2023 में रूस का व्यापार 5 .37 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 2021 की तुलना में 4 गुना है। वहीं, 2023 में रूस- चीन का व्यापार भी 61 फीसदी बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इस कॉरिडोर के बनने से रूस को तुर्किये से भी व्यापार संबंध बढ़ने की उम्मीद है।

## पाकिस्तानः नवाज के बेटों को राहत, स्थायी गिरफ्तारी वारंट रद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के परिवार को बड़ी राहत देते हुए एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने गुरुवार को पनामा पेपर्स घोटाले से जुड़े मामलों में नवाज शरीफ के बेटों की गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया है। गौरतलब है कि 2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में पाकिस्तान छोड़ दिया था।



बता दें कि पनामा पेपर्स से जुड़े भ्रष्टाचार के तीन मामलों में आरोप लगाए गए थे लेकिन वे कभी भी अदालत के सामने पेश नहीं हुए, जिसने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया। इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत द्वारा सात मार्च को दोनों के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट को गुरुवार तक निलंबित करने के बाद दोनों भाई पाकिस्तान लौट आए। हसन और हुसैन इस्लामाबाद स्थित अदालत में पेश हुए, जिसने दलीलें सुनने के बाद भ्रष्टाचार मामलों में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। अदालत ने 50 हजार के मुचलके पर उनकी जमानत भी मंजूरी दी।

# चुनाव धांधली के आरोपों पर सुनवाई करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- इमरान की पार्टी ने लगाए हैं आरोप 20 मार्च को सुनवाई करेगी अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति

अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के मुद्दे पर सुनवाई करेगी। पाकिस्तान चुनाव में धांधली होने के आरोप लगे हैं और पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी ने ये गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपों पर अमेरिकी कांग्रेस की समिति 20 मार्च को सुनवाई करेगी। इस सुनवाई का शीर्षक 'चुनाव के बाद का पाकिस्तानः पाकिस्तान में लोकतंत्र के भविष्य की चर्चा होगा।

अमेरिका के विदेश विभाग की मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और मध्य एशिया मामलों की उप-समिति पाकिस्तान चुनाव के मसले पर बैठक करेगी। समिति के सामने दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के सचिव डोनाल्ड की गवाही भी होगी। गौरतलब है कि पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार के दौरान गुप्त जानकारी सार्वजनिक करने के मामले में डोनाल्ड लू की संलिप्तता की बात सामने आई थी। ऐसे में अब अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने डोनाल्ड लू की गवाही बेहद अहम मानी जा रही है।



### आरक्षित सीटों पर एसआईसी की याचिका खारिज

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को बड़ा झटका देते हुए पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने गुरुवार को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल( एसआईसी) द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने चार मार्च को सीट कोटा के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, साथ ही इसे नियमों का उल्लंघन बताया। बुधवार को पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी और ईसीपी के वकीलों ने अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं। एजीपी अवान ने कहा था कि एक राजनीतिक दल को आरक्षित सीटें तभी मिल सकती हैं।

**बर्फ से ढकी ऊंची चोटियां...**



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते गुरुवार को पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई। इससे 280 सड़कें ठप हो गई। चंबा, लाहौल स्पीति और किन्नौर, कल्लू की भी ऊंची चोटियां पर ढाई फीट तक बर्फबारी हुई। शिमला और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। ● एजेंसी

## संघ की सभा आज से, शीर्ष पदाधिकारी होंगे शामिल

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रतिनिधि सभा 15 मार्च से 17 मार्च तक नागपुर में होने जा रही है। यह सभी ऐसे वक्त हो रही है, जब संघ अगले साल विजयादशमी को स्थापना के 100 साल पूरे करेगा।

बैठक में राम मंदिर पर भी प्रस्ताव पारित होने की उम्मीद है। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में 1529 शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। साथ ही संघ से जुड़े 36 संगठनों के अध्यक्ष, महासचिव समेत प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। सभा में कई अहम मुद्दो पर चर्चा होगी।

# अग्रिम जमानत अर्जी लंबित तो भी जारी हो सकता है कुर्की का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, अग्रिम जमानत देने की शक्ति एक असाधारण शक्ति है, ना कि नियम



अग्रिम जमानत याचिका को खारिज किए जाने से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत याचिका का लंबित रहना ट्रायल कोर्ट (निचली अदालत) को उद्घोषणा नोटिस जारी करने से नहीं रोकता है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि इतना ही नहीं, ट्रॉयल कोर्ट इस अवधि में किसी फरार आरोपी की संपत्तियों की कुर्की का आदेश भी दे सकती है। इस दौरान पीठ ने कहा कि भले ही अग्रिम जमानत देने की शक्ति एक असाधारण शक्ति है, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि अग्रिम जमानत एक नियम है। भले ही कई मामलों में यह माना गया है कि जमानत एक नियम है। पीठ ने यह भी कहा कि अग्रिम जमानत देने का सवाल प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर अदालत के सतर्क और विवेकपूर्ण विवेक पर छोड़ दिया जाना चाहिए। इस शक्ति का इस्तेमाल करते समय संबंधित अदालत को बहुत सतर्क रहना होगा, क्योंकि गंभीर मामलों में अभियुक्तों को अंतरिम सुरक्षा या संरक्षण देने से न्याय में बाधा आ सकती है। इतना ही नहीं, इससे मामले की जांच में भी काफी हद तक समस्या पैदा हो सकती है। क्योंकि इससे सबूतों के साथ छेड़छाड़ या भटकाव हो सकता है। पटना हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील पर जस्टिस सीटी कुमार और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इसमें हाईकोर्ट ने विभिन्न प्रावधानों के तहत अपराधों के लिए दर्ज प्राथमिकी के संबंध में अपीलकर्ताओं की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था।

## महाराष्ट्र : अहमदनगर का नाम अहिल्या नगर और नाम भी बदलेंगे

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले महाराष्ट्र सरकार की आखिरी कैबिनेट बैठक में अहमदनगर शहर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अहमदनगर ननि ने 15 दिन पहले यह प्रस्ताव सरकार को भेजा था।

दरअसल, अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में ही देवी अहिल्या बाई का जन्म हुआ था। इसके साथ ही मुंबई के 8 रेलवे स्टेशनों के ब्रिटिश नाम भी बदले जाएंगे। करी रोड स्टेशन का नाम लालबाग, सैंडहर्स्ट रोड का नाम डोंगरी, मरीन लाइन्स का नाम मुंबादेवी, चर्नी रोड का नाम गिरगांव, कॉटन ग्रीन का नाम कालाचौकी स्टेशन, डॉकयार्ड का नाम मझगांव, किंग्स सर्कल का नाम तीर्थंकर पार्श्वनाथ करने को मंजूरी दी गई।

# चरमपंथी गतिविधियों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध ब्रिटेनः सुनक

लंदन, एजेंसी

- नए उपायों से असहिष्णुता, घृणा या हिंसा पर आधारित विचारधारा वाले लोगों पर लगेगी लगाम

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश करने वाली चरमपंथी गतिविधियों से निपटने के हमारे पास उपाय होने के लिए प्रतिबद्ध है।

हाउस आफ कामंस में 'प्रधानमंत्री के सवालों' के जवाब में सुनक ने गुरुवार को संसद में पेश की जाने वाली चरमपंथ की एक नई परिभाषा की रिपोर्टों का हवाला दिया और जोर दिया कि नई रणनीति स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रभावित नहीं करेगी। नए उपायों से उन समूहों या लोगों पर प्रतिबंध लगाने की उम्मीद है जो असहिष्णुता, घृणा या हिंसा पर आधारित विचारधारा को बढ़ावा देते हैं और स्पष्ट रूप से निर्धारित करते हैं कि ब्रिटिश सरकार किन समूहों और व्यक्तियों को समर्थन या फंड दे सकती है। सुनक ने कहा कि वास्तव में चरमपंथी गतिविधियों में वृद्धि हुई है जो हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर काबू करने की कोशिश कर रही है। यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पास इस खतरे से निपटने के लिए उपकरण हों। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल निजी और शांतिपूर्ण मत रखने वालों को चुप कराने के बारे में नहीं है।



**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने कहा- दुर्लभ खगोलीय घटना के बाद एक नए तारे का जन्म होगा

# आंखों से दिखेगी नोवा विस्फोट की खगोलीय घटना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** यह वर्ष एक खगोलीय घटना को लेकर बेहद खास रहने वाला है। इस घटना में एक दुर्लभ नोवा विस्फोट होने जा रहा है। इस घटना के साथ ही एक नवजात तारा जन्म लेगा। इस घटना को नग्न आंखों से देखा जा सकता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस वर्ष नग्न आंखों से दिखाई देने वाला एक नोवा विस्फोट रात के आकाश को जगमगाने लगेगा। तारे के जन्म को लेकर यह दुर्लभ खगोलीय घटना है। जिसके हम सब गवाह बनेंगे। यह घटना टी कोरोनाए बोरेलिस (टी सीआरबी) नामक तारा मंडल में घटने वाली है। यह घटना दूर आसमान में पृथ्वी से लगभग 3000 प्रकाश वर्ष दूर है। यह घटना एक लाल विशाल तारा और एक सफेद बौना तारे में हो रही है।



लाल तारे की परिक्रमा करते बौना तारे की तस्वीर।

दोनों एक दूसरे की परिक्रमा करते हैं। वैज्ञानिक इसे नोवा विस्फोट कहते हैं। जिसमें सफ़ेद बौना अपने लाल विशाल साथी से पर्याप्त मात्रा में तारकीय सामग्री चुराता है और अपनी सतह पर परमाणु संलयन की एक संक्षिप्त चमक को प्रज्वलित करता है। जिससे यह समझा जा सकता है कि एक नया तारा जन्म लेने जा रहा है। नासा के अधिकारियों का इस घटना को लेकर कहना है कि इस घटना में एक बड़ा विस्फोट सितंबर के बीच होने की उम्मीद है, जो आकाश में उत्तरी तारे (नार्थ स्टार) के समान चमकीला दिखाई देगा और लुप्त होने से एक सप्ताह तक इसकी चमक दिखाई देगी। इस तरह की घटना जीवन में एक बार देखने को मिलती है, क्योंकि नोवा विस्फोट लगभग 80 साल में होता है।

### 1946 में देखा गया था नोवा विस्फोट

नासा के अनुसार आखिरी बार 1946 में नोवा विस्फोट हुआ था। जिसे आवर्ती नोवा विस्फोट के नाम से जाना जाता है। हमारी मिल्की के भीतर ज्ञात पांचवा विस्फोट था। इस वर्ष होने जा रहे विस्फोट का आनंद दूरबीन से भी लिया जा सकता है, जो बूट्स और हरक्यूलिस नक्षत्रों के बीच देखी जा सकेगी ।

# अमेरिकी धरती से बढ़ रहीं भारत के विरुद्ध आतंकी गतिविधियां

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतवंशियों ने एफबीआई व न्याय विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में लगाए आरोप

अमेरिका में सिलिकॉन वैली के प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों के समूह ने न्याय विभाग, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। इस मुलाकात में भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए अमेरिका की धरती इस्तेमाल हो रही है।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सिलिकॉन वैली में मुलाकात करने वाले भारतीयों के समूह में समुदाय के कई प्रमुख लोग शामिल रहे। इन लोगों ने अमेरिका में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ बढ़ रहे घृणा अपराध के मामलों पर चिंता जाहिर की और कार्रवाई की मांग की। हिंदू और जैन समुदाय के मंदिरों पर हुए हमले भारतीय दल का नेतृत्व समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने किया। बैठक में अमेरिका में हिंदू और जैन मंदिरों पर हुए हमलों का मुद्दा उठाया गया, साथ ही इस बात से नाराजगी जाहिर की गई कि कानूनी एजेंसियां आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं।

भारतीय मूल के लोगों ने आरोप लगाया कि कानूनी एजेंसियां अमेरिका में बैठकर भारत में आतंकवाद फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। इस बैठक में न्याय विभाग के कई अधिकारियों के साथ ही एफबीआई के अधिकारी और सैन फ्रांसिस्को, मिलपितास, फ्रेमॉन्ट और नेवार्क पुलिस के अधिकारी भी शामिल हुए।